नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या, संवत् 2081

# राजस्थान पत्रिका

य एषु सुप्तेषु जागर्ति

वर्ष : 19 | अंक : 341 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



विश्व में पहला मामला... जब काम के दबाव में रोबोट ने कर लिया सुसाइड!

@इंडिया&वर्ल्ड





@स्पोर्ट्स&गेमिंग



बच्ची के हाथ के ऑपरेशन के लिए सीएम ने दिया तत्काल डेढ़ लाख का चेक

@छत्तीसगढ़

## कानून दिव्य दृष्टि से बने

**गुलाब कोठारी**

कुछ रोग पैदा होते हैं, कुछ पैदा किए जाते हैं तथा कुछ ऐसे रोग भी होते हैं जो सभ्यता-विकास के साथ आते हैं (किन्तु जाने का नाम नहीं लेते)। कुछ रोग व्यापार का रूप ले चुके हैं। कुछ मानसिक उद्वेलन से प्रकट होते हैं। कुछ चिकित्सा के साइड इफेक्ट्स से नए वेश में अभिव्यक्त होते हैं। कुछ रोग लाइलाज ही होते हैं। पिछले 15-20 वर्षों में इस रोग (कैंसर) ने जो ताण्डव रचा है उसने एक उद्योग का रूप ले लिया। अकेले कैंसर के अस्पताल खुल रहे हैं। रोगियों की मानों बाढ़ आ रही है। कीटनाशकों-फल/सब्जियों को पकाने के रसायनों ने इस रोग को घर-घर पहुंचा दिया है। व्यक्ति दोनों वक्त रोटी के साथ कैंसर भी खा रहा है। आदमी कितने भी मरे, सरकार तो उन्नत बीज-खाद और पैदावार बढ़ाने में लगी है। आबकारी नीति की तरह आदमी से ज्यादा आय महत्वपूर्ण है।

अब एक रोग उभर रहा है और तेज गति पकड़ने वाला है। यह है 'मोबाइल का नशा'। हर सप्ताह एक-दो आत्महत्याएं राजस्थान में ही हो जाती है। पूरे देश पर दृष्टि डालो तो शिक्षा और विकास का एक नया वृक्ष या अमरबेल सुरसा के मुंह जैसी दिखाई पड़ जाएगी। पूर्व की संस्कृति को पश्चिम की संस्कृति से सिर के बल टक्कर लेनी पड़ रही है। वर्तमान शिक्षा पश्चिम के आवरण से पूर्व की विरासत को (विज्ञान के नाम से) ढंकती जा रही है। व्यक्ति, आत्मा के स्थान पर देह में जीने लगा। अपनी विज्ञान की परिभाषा और जीवनशैली को नकारता हुआ प्रकृति से छिटककर अपना आधार खोता जा रहा है। नई वैज्ञानिक परिभाषा का जीवन में प्रवेश हो गया है। भारतीय विज्ञान आत्मा से जोड़कर रखता है, पश्चिम के प्रयोगों में व्यक्ति नहीं उपकरण जुड़ते हैं। अतः परिणामों का सदुपयोग/दुरुपयोग दोनों ही संभव है। मानव स्वभाव से सुविधा की ओर भागता है। पानी की तरह ढलान की ओर बहता है। यहीं कैंसर बनता है। उपकरण इसको पकड़ नहीं पाते। आंकड़ों का उतार-चढ़ाव देखते रहते हैं।

हर असाध्य रोग समय के साथ कैंसर के समुद्र में नदियों की तरह आकर समा जाता है। मोबाइल मेनिया पूर्व का कैंसर है, पश्चिम का नहीं। मोबाइल छोटी उम्र में बच्चों को- (1) उम्र से पहले बड़ा बनाता है। (2) यू-ट्यूब और फेसबुक पर यौनाचार की फिल्में दिखाता है। हमारा पोक्सो एक्ट यहां नपुंसक सिद्ध होता है। (3) जंक फूड, नशा और अनावश्यक विज्ञापनों के आक्रमण का बड़ा माध्यम है। (4) वीडियो गेम्स- सट्टा जैसे नशे की लत पैदा करता है। (5) शरीर को तरंगित करने वाला संगीत इस माहौल को रोमांचक बना देता है। हमारे अन्न ब्रह्म और नाद ब्रह्म की धज्जियां उड़ जाती हैं।

हम प्राकृतिक प्राणी हैं। जैसे पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, वैसे हम। शरीर मात्र भिन्न हैं। प्रत्येक शरीर ब्रह्माण्ड के समान कार्य करता है। हमारा आत्मा (जीव) चन्द्रमा से होकर, अन्न के माध्यम से शरीर में आता है। चन्द्रमास (28 दिन) के आधार पर ही पुरुष में बीज का स्वरूप बनता है। इसी आधार पर स्त्री शरीर में ऋतुकाल (मासिक) का संचालन होता है। लड़का चन्द्रमा की सोलह कलाओं के भोग के उपरान्त 16 वर्ष में पूर्ण वयस्क होता है। कन्या 4-6 वर्ष पूर्व (ऋतुकाल से) ही वयस्क हो जाती है। इस देश में विवाह की उम्र में इस काल का समावेश रहता था।

वयस्क होते समय शरीर में अनेक परिवर्तन होते हैं। विचारों में इन हार्मोन्स का प्रभाव अतिसंवेदनशील तरीके से पड़ता है। यह काल ब्रह्म के विस्तार का काल-निर्माण है। इसे कोई ज्ञान दबा नहीं पाया। लड़का/लड़की इस काल में भीतर एक उद्वेलन का अनुभव करता है। अकेले में मन स्वयं से बात करना चाहता है। भीतर खो जाना चाहता है। काम तंत्र भी विकसित हो रहा होता है। मोबाइल इन सभी पहलुओं को प्रज्वलित करता है।

त्रासदियों का सिलसिला@पेज09

gulabkothari@epatrika.com

### विश्व विजेता टीम के स्वागत में देश ने बिछाई पलकें

# विक्ट्री परेड में उमड़ा जन सैलाब



**मुंबई @पत्रिका.** टी-20 विश्व कप जीतकर लौटी टीम इंडिया का गुरुवार को शानदार स्वागत किया गया। मुंबई में शाम को विक्ट्री परेड में टीम के खिलाड़ियों के स्वागत के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। टीम मुंबई एयरपोर्ट से मरीन ड्राइव पहुंची। वहां से विक्ट्री परेड के लिए तैयार की गई विशेष बस में सवार होकर टीम वानखेड़े स्टेडियम पहुंची। मरीन ड्राइव से स्टेडियम तक के रास्ते में दोनों तरफ लोगों की भारी भीड़ जमा थी, जो विजेता खिलाड़ियों की झलक पाकर निहाल हो गई। इससे पहले दिल्ली में ट्रॉफी लेकर कप्तान रोहित शर्मा टीम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। मोदी ने सभी खिलाड़ियों से बातचीत की। खिलाड़ियों ने उनसे वर्ल्ड कप की यादें साझा कीं।

विस्तृत@स्पोर्ट्स&गेमिंग

**मानसून:** 15 राज्यों में बारिश का अलर्ट

## आषाढ़ में झूमकर बरसे मेघ, 4 दिन में झमाझम के आसार

### औसत वर्षा का आंकड़ा -17% से -3% पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। मानसून ने तय समय से छह दिन पहले ही सभी राज्यों को कवर कर लिया है। आषाढ़ के महीने में मेघ जमकर बरस रहे हैं। गुरुवार को राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, बंगाल, महाराष्ट्र व केरल सहित कई राज्यों में बादल जमकर बरसे।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने अगले चार दिन के लिए देश के 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान उत्तर-पश्चिम व पूर्वी भारत के राज्यों में भारी बारिश होगी। पांच से आठ जुलाई तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश हो सकती है। पांच जुलाई को महाराष्ट्र, गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर के राज्यों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा। देशभर में जारी झमाझम के बीच बारिश के औसत में आंकड़े में बढ़ोतरी हुई है।

शेष@पेज09



**बारिश** के दौरान दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर भरा पानी।

### पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ का कहर

**पूर्वोत्तर** राज्य के लोग बारिश से बेहाल हैं। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश व मणिपुर में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ की वजह से स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। सेना रेस्क्यू अभियान चला रही है। असम में बाढ़ से अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। 16.25 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क के बाढ़ में डूबने से 72 जानवरों की मौत हो गई।

**लापरवाही का सत्संग :** फॉरेंसिक टीम ने की जांच

## हाथरस हादसे में छह गिरफ्तार, मुख्य सेवादार पर इनाम घोषित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हाथरस (उत्तर प्रदेश).** हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ के मामले में पुलिस ने छह सेवादारों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं हैं। मुख्य आरोपी सेवादार प्रकाश मधुकर फरार है। पुलिस ने उसकी जानकारी देने पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया है।

आइजी शलभ माथुर ने गुरुवार को बताया कि हादसे में मारे गए सभी 121 मृतकों की पहचान हो चुकी है। मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पूछताछ के लिए 12 लोग पुलिस की हिरासत में हैं। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में स्वयंभू संत भोले बाबा का रोल सामने आने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए लोगों ने बताया वे सत्संग आयोजन समिति के सदस्य हैं और सेवादार के रूप में काम करते हैं। ये लोग भीड़ नियंत्रण, पंडाल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और सफाई की व्यवस्था कराते थे। आइजी माथुर ने बताया कि हम इस बात की भी जांच करेंगे कि क्या यह घटना किसी साजिश के कारण हुई है।

**राहुल हाथरस जाएंगे:** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हाथरस जाएंगे और पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दी।

### हादसे के बाद भाग निकला भोले बाबा

**पुलिस** जांच में पता चला है कि भगदड़ के समय भोले बाबा सत्संग स्थल से निकल रहा था। कई अनुयायी उसकी कार के पीछे दौड़े। बाबा के सुरक्षाकर्मियों ने अनुयायियों को धक्का देकर दूर कर दिया। हादसे की सूचना के बाद भी बाबा भाग निकला। फिलहाल उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। उसने अज्ञात स्थान से बयान देकर हादसे के लिए अराजक तत्वों को जिम्मेदार ठहराया था।

**शपथ**

## हेमंत सोरेन फिर बने झारखंड के मुख्यमंत्री



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार शाम राजभवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। समारोह में इंडिया गठबंधन के कई नेताओं के साथ जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मौजूद थे। शपथ ग्रहण से पहले हेमंत सोरेन ने वीडियो संदेश जारी कर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच महीने पहले सत्ता के मद में चूर अहंकारियों ने उन्हें चुप कराने की कोशिश की। अब झारखंडियों की आवाज फिर बुलंद होगी।

**भविष्य की तैयारी :** तीनों सेनाओं के थिएटराइजेशन की ओर बढ़े कदम, तिरूवनन्तपुरम में होगी मरीन कमान

## ...तो पाकिस्तान को जयपुर से दिया जाएगा जवाब

### जयपुर में पश्चिम और लखनऊ में उत्तरी थिएटर कमान मुख्यालय

**सुरेश व्यास**
patrika.com

**नई दिल्ली.** राजस्थान की राजधानी आने वाले दिनों में पड़ोसी पाकिस्तान को किसी भी नाजायज हरकत पर थर्रा देने वाला देश का प्रमुख सामरिक केंद्र बनने वाला है। रक्षा मंत्रालय ने तीनों सेनाओं के एकीकरण (थिएटराइजेशन) की ओर एक बड़ा कदम उठाते हुए जयपुर में पश्चिमी थिएटर कमान का मुख्यालय बनाना तय किया है।

शेष@पेज09



थल सेना की नई कमान का नया
मुख्यालय जयपुर में होगा

### पत्रिका आगे

**जयपुर** में सेना प्रतिष्ठान के विस्तार की खबरों में पत्रिका आगे है। जयपुर में दक्षिण पश्चिम कमान स्थापित होने की खबर भी पत्रिका ने 4 फरवरी, 2005 को सबसे पहले ब्रेक की थी।

### छह थिएटर कमांड बनेगी

**अभी तीनों** सेनाओं की 17 कमांड हैं। 2001 में बनी पहली त्रिसेवा अंडमान-निकोबार कमान और 2003 में बनी स्ट्रेटैजिक फोर्सेज कमान सहित 6 थिएटर कमांड स्थापित की जानी है। पश्चिमी व उत्तरी कमान के साथ वायु रक्षा व मरीन कमान बन जाने से थलसेना, वायुसेना और नौसेना की 15 लाख नफरी व संसाधनों को एक ही कमान के अधीन लाया जा सकेगा।

### सियाचिन से गुजरात सीमा तक का जिम्मा

1 प्रतिरक्षा सूत्रों के अनुसार, थिएटर कमानों का गठन भौगोलिक क्षेत्रों के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि समान भूगोल वाले युद्ध क्षेत्र को आसानी से संभाला जा सके।

2 जयपुर में प्रस्तावित पश्चिम थिएटर कमान सियाचिन के सल्तोरो रिज से गुजरात, राजस्थान व पंजाब में पाकिस्तान की सीमा पर अभियान संभालेगी।

3 उत्तरी कमान लद्दाख के जिम्मे काराकोरम से अरुणाचल के किबिथु तक चीन से सटी 3,425 किमी. लंबी एलएसी होगी।

**मजदूरों से मुलाकात**

## राहुल ने सीमेंट मिलाई, चिनाई की



**नई दिल्ली@ पत्रिका.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को जीटीबी नगर में दिहाड़ी मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने मजदूरों के साथ फावड़े से सीमेंट भी मिलाई और दीवार की चिनाई भी की।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**बिहार**

### नाव पुल से टकराई, बड़ा हादसा टला

**पटना @पत्रिका.** बिहार के राघोपुर में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। तेज बहाव के कारण एक नाव पीपा पुल से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक नाव में करीब 100 लोग सवार थे। इनमें ज्यादातर शिक्षक थे। सभी को सुरक्षित निकालकर दूसरी नाव से नदी पार कराई गई।



**अलविदा**

### शतायु अभिनेत्री स्मृति बिस्वास का निधन

**मुंबई @पत्रिका.** बीते दौर की अभिनेत्री स्मृति बिस्वास नारंग (100) का बुधवार रात नासिक में निधन हो गया। वह उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'जागते रहो', 'चांदनी चौक', 'तीन बत्ती चार रास्ता' और 'दिल्ली का ठग' शामिल हैं।

**हाईकोर्ट**

### भोजशाला पर सर्वे रिपोर्ट 15 जुलाई तक

**इंदौर@ पत्रिका.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने धार की भोजशाला पर सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआइ को 10 दिन की मोहलत दी है। एएसआइ ने चार सप्ताह की मोहलत मांगी थी लेकिन कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट 15 जुलाई तक सौंपी जाए।

**झरोखा**




**नजर न लग जाए** | मामेरू रस्म में राधिका मर्चेंट के आकर्षक परिधानों ने मोहा सबका मन

## 35 मीटर बंधेज का लहंगा, सोने के तारों से मां दुर्गा का श्लोक

### अंबानी परिवार ने रिश्तेदारों और मेहमानों का किया धूमधाम से स्वागत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** राधिका मर्चेंट अंबानी परिवार की छोटी बहू बनने जा रही हैं। वह 12 जुलाई को बचपन के दोस्त अनंत अंबानी के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। शादी की रस्में शुरू हो चुकी हैं। उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया में शादी की पहली रस्म मामेरू में अंबानी परिवार ने मेहमानों का धूमधाम से स्वागत किया। भावी दुल्हनिया राधिका के परिधान ने सभी का मन मोह लिया।

मामेरू रस्म में दुल्हन के मौसा और मामा शगुन लेकर आते हैं। रस्म के लिए राधिका ने बांधनी लहंगे को चुना, जिसे 35 मीटर बंधेज कपड़े से तैयार किया गया। इसके बॉर्डर पर सोने के तारों की जरदोजी से मां दुर्गा का श्लोक लिखा गया। बंधेज पर बनारसी ब्रोकेड डिजाइन गढ़ी गई। लहंगे के बॉर्डर को छोटे-बड़े डिजाइन के साथ काफी चौड़ा बनाया गया। वाइब्रेंट रानी पिंक कलर के लहंगे और ऑरेंज कलर के ब्लाउज में राधिका खूबसूरत नजर आ रही थीं।



### भारतीय टच ने लगा दिए चार चांद

**साल** की शुरुआत में गुजरात के जामनगर में हुए प्री-वेडिंग फंक्शन में भी राधिका आकर्षक लगी थीं, लेकिन मामेरू रस्म के लिए उनके परिधान में विशेष भारतीय टच ने चार चांद लगा दिए। इसे कस्टम डिजाइन किया गया। उनका ब्लाउज एक तरह से विंटेज स्टाइल कोटि है, जिसमें वी नेकलाइन के नीचे बटन लगे हैं और स्लीव्स पर गोल्डन बीट्स लटके हैं। बॉर्डर को ग्रीन कढ़ाई से फिनिशिंग दी गई।

### सोनिया और राहुल को दिया न्योता

**मुकेश** अंबानी ने गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने अनंत अंबानी की शादी का कार्ड देकर उन्हें आमंत्रित किया। इसके बाद में वह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्हें भी शादी का कार्ड देकर आमंत्रित किया गया।

**जान खतरे में :** चित्तीदार प्रजाति बचाने के लिए फैसला

## अमरीका में अब हर शाख पर नजर नहीं आएंगे धारीदार उल्लू

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** अमरीका ने विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी 'स्पॉटेड' (चित्तीदार) उल्लुओं की प्रजाति को बचाने के लिए इस निशाचर पक्षी की दूसरी प्रजाति 'बर्रेड' (धारीदार) की आबादी घटाने का फैसला किया है। वहां का वन्य जीव विभाग पश्चिमी तट के घने जंगलों में प्रशिक्षित निशानेबाज तैनात करेगा, जो तीन दशक में करीब 4.50 लाख बर्रेड उल्लुओं को गोली से उड़ा देंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक बर्रेड उल्लुओं से स्पॉटेड उल्लुओं पर खतरा मंडरा रहा है। हमलावर प्रवृत्ति के बर्रेड उल्लू अपने रिश्तेदार स्पॉटेड उल्लुओं को खदेड़ कर उनके घोंसलों पर कब्जा कर लेते हैं। उनके हमलों में लाखों स्पॉटेड उल्लू मारे जा चुके हैं।

### अगले बसंत से मुहिम शुरू

**अफसरों** के मुताबिक अगले बसंत से बर्रेड उल्लुओं को मारने की मुहिम शुरू होगी। अमरीका स्पॉटेड उल्लुओं के संरक्षण के लिए दशकों से कोशिश कर रहा है। उन जंगलों की रक्षा पर खास ध्यान दिया जा रहा है, जहां यह प्रजाति रहती है।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

## न्यूज विंडो

### गुप्ता ने इरकॉन के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



**नई दिल्ली.** इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के रूप में हरि मोहन गुप्ता ने पदभार संभाला है। गुप्ता ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। वे भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा 1989 बैच के अधिकारी हैं और आपने बुनियादी ढांचे के कार्यों में 33 वर्षों से अधिक का समृद्ध और विविध अनुभव प्राप्त किया है।

इरकॉन में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, वे लगभग 4 वर्षों तक डीएफसीसीआईएल के निदेशक (इन्फ्रा) के पद पर थे और उनके इस कार्यकाल के दौरान डब्ल्यू डीएफसी के स्वचालित सिग्नलिंग ट्रैक के साथ 1404 रूट किलोमीटर दोहरी लाइन विद्युतीकृत की गई हैं। इसके अलावा गुप्ता ने रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (कार्य) के रूप में कार्य किया।

### आडवाणी को अस्पताल से छुट्टी मिली, घर लौटे

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को बृहस्पतिवार शाम अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। आडवाणी (96 वर्ष) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिन पहले उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया था। उन्हें एम्स में एक रात रखने के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

आडवाणी को गुरुवार शाम करीब पांच बजे अपोलो अस्पताल से घर जाने के लिए छुट्टी दे दी गयी। उनके साथ उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी थीं।

### जस्टिस नागू बने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के सीजे

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस शील नागू पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए हैं। केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जस्टिस संजीव सचदेव कार्यवाहक चीफ जस्टिस होंगे।

---

एनडीए के प्रमुख सहयोगी टीडीपी मुखिया और आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू मांगों की लिस्ट लेकर पहुंचे दिल्ली

# बुंदेलखंड पैकेज की तर्ज पर आंध्र प्रदेश के लिए मांगी सहायता

**विशेष सहायता जरूरी**

### नायडू ने पीएम मोदी से कहा- 2014 में राज्य के बंटवारे और पिछली जगन सरकार की गलत नीतियों से राज्य आर्थिक संकट में

नवनीत मिश्र
patrika.com





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मिलते आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू।

**नई दिल्ली.** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और एनडीए के प्रमुख सहयोगी दल टीडीपी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने केंद्र सरकार से राज्य के पिछड़े इलाकों के लिए बुंदेलखंड पैकेज की तर्ज पर आर्थिक सहायता की मांग की है। गुरुवार को दिल्ली दौरे पर पहुंचे नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी से भेंट के दौरान विशेष पैकेज सहित 7 प्रमुख मांगें रखीं। नायडू के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी से सभी मांगों पर वार्ता सकारात्मक रही।

### नायडू का दिल्ली दौरा इसलिए महत्वपूर्ण

चंद्रबाबू नायडू का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार गठन के बाद पहली बार वे मांगों की लिस्ट के साथ दिल्ली दौरे पर पहुंचे हैं। नायडू ने प्रधानमंत्री से कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार ने 2014 में गलत तरीके से राज्य का विभाजन कर आंध्र प्रदेश के साथ अन्याय किया। वहीं पिछली जगन मोहन सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। आंध्र प्रदेश को संकट से उबारने और विकास परियोजाओं के लिए केंद्र से बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता की दरकार है। नायडू ने गृहमंत्री अमित शाह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी भेंट की।

**नायडू ने की ये 7 मांगें**

- अल्पावधि में राज्य के वित्त को संभालना
- प्रमुख पोलावरम राष्ट्रीय सिंचाई परियोजना को चालू करने के लिए सहायता
- राजधानी अमरावती के सरकारी परिसर और बुनियादी ढांचे को पूरा करने के लिए व्यापक वित्तीय सहायता
- औद्योगिक विकास के लिए प्रोत्साहन
- सड़क, पुल, सिंचाई और पेयजल परियोजनाओं जैसे आवश्यक क्षेत्रों में पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत अतिरिक्त आवंटन पर विचार
- आंध्र प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों को बुन्देलखण्ड पैकेज की तर्ज पर सहायता
- दुग्गीराजुपट्टनम बंदरगाह के विकास के लिए राज्य को सहायता

---

5 सीटों के विधानसभा उप चुनाव से पहले भाजपा को झटका

## कृषि मंत्री किरोड़ी का इस्तीफा

# मैं आजाद, नाचूं-गाऊं मेरी मर्जी

### दौसा और देवली-उनियारा सीट पर असर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर/नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव में अपने गृह जिले और निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवारों की हार से क्षुब्ध किरोड़ीलाल मीना ने आखिरकार मंत्री पद से इस्तीफा दे ही दिया। हालांकि मंत्री पद छोड़ने की घोषणा के बाद वह अपने पूरे उत्साह और उमंग में नजर आए। उन्होंने एक धार्मिक यात्रा में सड़क पर जमकर कच्छी घोड़ी नृत्य किया। मीना ने यों तो यह इस्तीफा हार के फौरन बाद ही दे दिया था लेकिन 30 दिन बाद सार्वजनिक मंच से इसकी घोषणा की। हार की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मंत्री पद छोड़ने की उनकी इस रणनीति ने भाजपा में हलचल मचा दी है। मीना को मंत्री पद नहीं छोड़ने के लिए मान-मनौव्वल हुई लेकिन बात नहीं बनी। वह लगातार सोशल मीडिया पर 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर वचन ना जाई' लिखकर अपने फैसले पर अडिग रहने का संकेत देते रहे। उन्होंने 04 जून के बाद ही मंत्रालय जाना बंद कर दिया था। साथ ही सरकारी गाड़ी भी छोड़ दी। बजट सत्र की बैठकों में भी शामिल नहीं हुए। इस बीच उन्होंने 20 जून को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। हालांकि भजनलाल के स्तर पर मामला नहीं सुलझा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भी उन्हें समझाने का प्रयास किया। दो दिन पहले मीना नई दिल्ली गए। वहां उनकी किसी बड़े नेता से मुलाकात नहीं हो सकी। अंततः मीना ने अपना त्याग पत्र देने की सार्वजनिक घोषणा कर दी। राज्य सरकार ने फिलहाल मीना के त्याग पत्र पर चुप्पी साध रखी है। अब तक मुख्यमंत्री स्तर से न तो मीना का त्याग पत्र स्वीकार करने की और न ही उनके मंत्री पद छोड़ने की पुष्टि की गई है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इतना जरूर कहा कि मीना वरिष्ठ नेता हैं, उनसे बात करेंगे।

सीएम भजनलाल को किरोड़ी के मंत्री पद छोड़ने का अंदाजा पहले से ही था। अतः उन्होंने बुधवार को ही विधानसभा में मीना के विभागों के जवाब देने का जिम्मा मंत्री ओटाराम देवासी और के के विश्नोई को सौंप दिया था।

### काम नहीं आई सीएम भजनलाल व संगठन महामंत्री बीएल संतोष की मान-मनौव्वल



**जयपुर** के मानसरोवर में गुरुवार को एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान कच्छी घोड़ी नृत्य करते किरोड़ीलाल मीना।

**इन मंत्रियों के क्षेत्र में हारे**

- **भरतपुर:** सीएम भजनलाल शर्मा, मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म
- **टोंक-सवाई माधोपुर:** किरोड़ीलाल मीना, कन्हैयालाल चौधरी
- **नागौर:** मंजू बाघमार, विजय सिंह
- **दौसा:** किरोड़ीलाल मीना
- **सीकर:** झाबर सिंह खर्रा
- **बाड़मेर:** के.के. विश्नोई

**मैं जिता नहीं सका, इससे टूट गया: मीना**

**किरोड़ी** ने इस्तीफे के बाद कहा मेरी कई जिलों में पकड़ थी। वहां पार्टी को जिता नहीं सका। मेरा मन खट्टा हो गया। दिल टूट गया। मैं 5 जून को ही इस्तीफा दे चुका। सीएम से भी मिला, उन्होंने मना किया। मेरी सीएम और संगठन से नाराजगी नहीं है। घोषणा कर चुका था तो इस्तीफा देना ही था। सरकारी बंगला, गाड़ी, दफ्तर में नहीं बैठूंगा। राष्ट्रीय महामंत्री ने मिलने बुलाया था लेकिन मुलाकात नहीं हुई। फिर बुलाएंगे तो फिर दिल्ली जाऊंगा। आगे भी जनता के मुद्दे उठाता रहूंगा।

### उपचुनाव में न हो जाए नुकसान

**लोकसभा** चुनाव में पूर्वी राजस्थान की दो विस सीटें रिक्त हो गई हैं। एक दौसा शहर और दूसरी देवली-उनियारा। दोनों ही सीटें कांग्रेस के पास थी और मीना समाज के ही दोनों विधायक रहे हैं। एक तो दोनों सीटें पहले ही भाजपा के पास नहीं थीं और दूसरा अब किरोड़ी का इस्तीफा हो चुका है। ऐसे में सियासी हलकों में चर्चा है कि यदि किरोड़ी लाल मीना को नहीं मनाया गया तो दोनों सीटों पर होने वाले उपचुनावों में नुकसान हो सकता है।

### इन मुद्दों पर सरकार संगठन से दूरी

- किरोड़ी मंत्री बनने के बाद हुए विभागों के बंटवारे से खुश नहीं।
- कृषि विभाग दिया, लेकिन कृषि विपणन नहीं मिला।
- ग्रामीण विकास दिया लेकिन पंचायतीराज विभाग 5 मंत्रियों में बांटा।
- समर्थक डिप्टी सीएम नहीं बनने पर मंत्री पद छोड़ने का दबाव बना रहे थे।
- दौसा लोकसभा सीट से किरोड़ी अपने भाई को टिकट नहीं दिलवा सके।

### दो महिला जवानों की गुमशुदगी से बीएसएफ में अफरातफरी

**ग्वालियर/नई दिल्ली @ पत्रिका.** बीएसएफ अकादमी से एक महीने से गायब आरक्षक शहाना खातून और आकांक्षा निखर को लेकर सुरक्षा तंत्र में खलबली मच गई है। दोनों बीएसएफ की एटीसी विंग में थीं और युद्ध कौशल में माहिर थीं। एटीसी विंग सेना के हथियारों से लेकर सुरक्षा से जुड़ी होती है। दोनों महिला सिपाहियों के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद भागने की सूचना थी। लोकेशन भी वहीं की मिली है। यह इलाका बांग्लादेश की उस सीमा पर है, जहां से रोहिंग्या और गोवंश की तस्करी का नेटवर्क चलता है। ऐसे में बीएसएफ अकादमी टेकनपुर से इनके भागने का जासूसी कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। आकांक्षा के पिता ने शहाना पर उनकी बेटी को बंधक बनाने का आरोप लगाया था। 6 जून को बीएसएफ अकादमी से आरक्षक शहाना खान निवासी मुर्शिदाबाद और आकांक्षा निखर निवासी जबलपुर संदिग्ध हालात में लापता हुई हैं।

### बिहार में 16 दिन में 10वां पुल ढहा, आरोप-प्रत्यारोप

**पटना @ पत्रिका.** बारिश और नेपाल की नदियों से पानी के अत्यधिक प्रवाह के बीच बिहार के सारण में गुरुवार को एक और पुल गिर गया, जिससे करीब एक पखवाड़े में पुल ढहने की घटनाओं की कुल संख्या 10 हो गई है। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो सप्ताह के भीतर बिहार में सभी निर्माणाधीन और पुराने पुलों की निरीक्षण रिपोर्ट मांगी है। गुरुवार को सरैया और सतुआ पंचायतों को जोड़ने वाला गंडकी नदी पर बना पुल गिर गया।

## आमंत्रित आपदा!

**टिप्पणी**
डॉ. मीना कुमारी

हाथरस जैसी घटना घटी। चहुंओर शोर है। बहस जारी है। अपने-अपने तरीके से व्याख्या भी। ऐसी घटना जब भी होती है, हर बार केवल बातें होती रही हैं। सरकारें तत्पर होती दिखती हैं। आश्वस्त करती हैं कि हम जल्द न्याय करेंगे। शासन-प्रशासन खोजबीन में जुटता है। हाथरस की बहुत ही दुखद घटना के बाद भी कुछ ऐसा ही हुआ। सबके बयान सामने आ गए हैं। कमेटी गठित हो गई हैं। आरोपी पर इनाम राशि घोषित की जा चुकी है। दूसरी ओर आरोपी और पुलिस के बीच छुपमछुपाई जैसा खेल चल रहा है। संभव है, जल्द ही कुछ आरोपी पकड़ में आएंगे। संभव है बाबा भी पकड़ में आ जाए। लेकिन क्या उनको लौटा सकते हैं, जो एक झटके में, पलक झपकते, बेमौत काल में समा गए। पुण्य के भागी बनने घर से निकले और प्राण गंवा बैठे।

सोशल मीडिया पर बाबाओं के प्रति आक्रोश दिख रहा है। हर बार ही दिखता है। मीडिया में भोले बाबा की कहानियों का पक्ष सामने आ रहा है। उनकी विशाल, बहुरंगी दुनिया के अनेक किस्से। धनबल से लेकर बाहुबल तक की कहानियां। सामाजिक दायरे का विस्तार कर राजनीतिक पकड़ बना लेने की कहानियां। एक सिपाही की नौकरी छोड़कर, अकूत संपत्ति बनाने की कहानियां। बड़े अधिकारियों को भी अपना फॉलोवर, भक्त बना लेने की कहानियां। सवाल यह है कि इतनी कहानियों के बावजूद अंततः इससे हासिल क्या होगा?

कुछ लोग जनता को सीधे तौर पर दोषी ठहरा रहे हैं, जो ऐसे काले कर्म वाले बाबाओं के जाल में फंसते हैं। लोग पूछ रहे हैं कि सब जानते हुए जनता इतनी बावली क्यों हो जाती है? बाबाओं की शरण में इतनी बड़ी संख्या में क्यों और किन कारणों से पहुंचती है?

क्या सिर्फ गरीब जनता ही, ऐसे बाबाओं के शरण तक पहुंचती है। आम जनता जब देखती है कि बड़े से बड़े लोग ऐसे बाबाओं के संग मंच साझा कर रहे हैं। उन्हें महान से महानतम रूप में स्थापित कर रहे हैं। आम जन को लगता है कि बड़े लोग जब जा रहे हैं, तो जरूर इनमें प्रताप होगा। उनकी कृपा से ही बड़े बने होंगे। राजनीति और शासन के बड़े लोगों को सहभागी बनते देख छोटे लोग भी उसमें शामिल हो जाते हैं। सवाल यह है कि ऐसी घटनाएं क्या एक बाबा को पकड़ लेने, सजा देने से रूक जाएंगी। जनता को दोष देने से पहले क्यों न ऐसे कृत्यों की जिम्मेदारी सिस्टम को भी लेनी चाहिए। सिर्फ यही एक हादसा थोड़ी हुआ है? कुछ माह पहले ही एक अस्पताल में नौनिहाल बच्चे देखते ही देखते मौत की आगोश में सो गए। वह अस्पताल मानक के अनुसार नहीं चल रहा था। ऐसे ही पिछले वर्ष इंदौर में बावड़ी की घटना हुई थी। अभी बिहार चर्चा में है। वहां पुल गिर रहे हैं। क्या सिस्टम के पास चेक करने का कोई अधिकार नहीं। क्या सिस्टम ऐसी तमाम व्यवस्थाओं को चेक करने की जिम्मेदारी नहीं है?

घटना के बाद सक्रिय होने से बेहतर है, उसके पहले सतर्क रहना। सतर्क रहते तो नाम भोले बाबा की घटना, इतना बड़ा रूप लेती, ना दूसरी घटनाएं जानलेवा होती। भोले बाबा के सत्संग में भीड़ लगी, तभी शासन सतर्क हो जाता, तो यह हादसा टाला जा सकता था। और बात सिर्फ भोले बाबा की है भी नहीं। आप नजर दौड़ाएं। हर इलाके में ऐसे बाबा मिलेंगे। हर धर्म में। धर्म का प्रयोग कर, लोगों का भयादोहन कर करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। संभव है, शासन का काम किसी बाबा का विरोध करना नहीं होगा। लेकिन शासन के पास लोगों को जागरूक करने का दायित्व तो है ही। बिना किसी का विरोध किए भी अगर लोगों को जागरूक किया जाए, तो क्या फर्क नहीं पड़ेगा। पीसी सरकार जैसे जादूगर कहते थे कि ऐसे फर्जी बाबाओं को रोकने का एक रास्ता यह भी है कि स्कूली पाठ्यक्रम में जादू आवश्यक रूप से शामिल किया जाए। गांवों में अधिक से अधिक जादू का शो हो। जादू के शो होंगे, तो लोग जानेंगे कि चमत्कार जादू का काम है, बाबाओं का नहीं। इसी तरह भारत के असल संत परम्परा का पाठ भी पढ़ाया जाए, ताकि लोग जान सके कि भारत की संत या आध्यात्मिक परंपरा क्या रही है। लोग जब यह जानेंगे तो ऐसे बाबाओं के जाल में नहीं पड़ेंगे। ये काम सरकारें नहीं करेंगी। किसी भी मुल्क को सारे कामों के लिए सरकारों की तरफ देखना भी नहीं चाहिए। समाज के भी अपने दायित्व होते हैं।

---

आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने काम पूरा तारीख अब 31 मार्च 2025 निर्धारित की

# स्मार्ट सिटी मिशन: नौ साल में 93% काम पूरा, एक साल और बढ़ाई अवधि

### 100 शहरों के लिए 48 हजार करोड़ रुपए का आवंटित है बजट

### अंतिम तारीख 31 मार्च 2025 तय

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार का महत्वकांक्षी स्मार्ट सिटी मिशन नौ साल बाद भी अधूरा है। मिशन के तहत अब तक 93 फीसदी काम पूरे हुए हैं। इसके चलते आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने मिशन के काम पूरा करने की अंतिम तारीख 31 मार्च 2025 तय कर दी है।

दरअसल, केंद्र सरकार ने शहरी विकास में नया प्रयोग करते हुए जून 2015 में स्मार्ट सिटी मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा कर 100 शहरों का चयन किया गया। इन 100 शहरों में करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए की लागत से 8,000 से अधिक बहु-क्षेत्रीय परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। 3 जुलाई तक 100 शहरों ने मिशन के हिस्से के रूप में 1 लाख 44 हजार 237 करोड़ रुपए की की 7,188 परियोजनाएं पूरी कर ली हैं। यह कुल प्रोजेक्ट का करीब 90 फीसदी हैं। जबकि 19 हजार 926 करोड़ रुपए की शेष 830 परियोजनाएं भी अंतिम चरण में हैं। मिशन के पास 100 शहरों के लिए 48 हजार करोड़ रुपए का आवंटित बजट हैं। इनमें से 46,585 करोड़ रुपए 100 शहरों को आवंटित किया जा चुका है। सबसे बड़ी बात यह हैं कि मिशन ने 100 में से 74 शहरों को मिशन के तहत भारत सरकार की पूरी वित्तीय सहायता भी जारी कर दी हैं।

### कुछ राज्य ने समय बढ़ाने का किया अनुरोध

मिशन को कुछ राज्यों/शहरों की सरकार के प्रतिनिधियों से कई अनुरोध किया था, ताकि शेष 10 प्रतिशत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कुछ और समय दिया जा सके।

---

एससीओ सम्मेलन में प्रधानमंत्री का संबोधन

# पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में पाक को दिया कड़ा संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अस्ताना/नई दिल्ली @ पत्रिका.** आतंकवाद को सुरक्षित पनाह देने वाले देशों को अब अलग-थलग करना होगा। किसी भी रूप की अभिव्यक्ति में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब इसे बेनकाब करना ही होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ समिट के अपने संदेश में पाकिस्तान और चीन को इशारों-इशारों में कड़ा संदेश देते हुए कहा कि हमें दूसरे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों के विपरीत कोई भी कदम न उठाने पर भी सहमति व्यक्त करनी होगी। इसी के साथ पीएम ने आतंकवाद से निपटने को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाकिस्तान की अध्यक्षता में अस्ताना में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन में पीएम मोदी की ओर से ये संदेश पढ़ा।

एससीओ को एक सिद्धांत-आधारित संगठन बताते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि इस समय यह जरूरत है कि हम अपनी विदेश नीतियों के आधार के रूप में संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता में हस्तक्षेप न करें।

**आतंकवाद दुनिया के लिए खतरा**

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि अगर आतंकवाद को अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद का निर्णायक जवाब देने की आवश्यकता है और आतंकवाद के वित्तपोषण और भर्ती का दृढ़ता से मुकाबला किया जाना चाहिए।

---

**कृषि** | उत्तर प्रदेश व राजस्थान की खरीद में सुधार

# एफसीआइ ने खरीदा 266 लाख टन गेहूं, पिछले साल से 4 लाख टन अधिक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) ने चालू रबी विपणन सीजन 2024-25 के दौरान 266 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है, जो पिछले साल के 262 लाख मीट्रिक टन के आंकड़े को पार कर गया है। रबी विपणन सीजन के तहत गेहूं की खरीद आम तौर पर हर साल 1 अप्रेल को शुरू होती है। हालांकि, इस साल अधिकांश राज्यों में लगभग एक पखवाड़े पहले खरीद शुरू हो गई थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश और राजस्थान ने अपनी गेहूं खरीद की मात्रा में अच्छा सुधार दिखाया है। उत्तर प्रदेश ने पिछले साल के 2.20 लाख टन की तुलना में इस साल 9.31 लाख टन की खरीद की है, जबकि राजस्थान ने पिछले सीजन के 4.38 लाख टन के मुकाबले इस साल 12.06 लाख टन खरीद की है।

धान की वर्तमान खरीद ने केंद्रीय पूल चावल के स्टॉक को 490 लाख टन से अधिक कर दिया है, जिसमें मिलिंग के बाद प्राप्त होने वाला 160 लाख चावल भी शामिल है। चावल की वार्षिक आवश्यकता लगभग 400 लाख टन है, जबकि 1 जुलाई के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित बफर मानदंड 135 लाख है। इसी तरह खाद्य सुरक्षा के तहत चल रही योजनाओं के लिए सालाना लगभग 184 लाख टन गेहूं की जरूरत होती है।

**22 लाख से अधिक किसान हुए लाभान्वित**

सरकार के अनुसार रबी विपणन सीजन 2024-25 के दौरान 22 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत उनके खातों में 0.61 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए। केंद्र सरकार ने पिछले एक साल में एमएसपी पर धान और गेहूं खरीद के लिए 1.29 करोड़ किसानों के बैंक खातों में सीधे 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया।

---

**घाटी में बड़ा कदम:** विशेष ट्रेनिंग के बाद पुलिस के 960 जवान किए तैनात

# सीमावर्ती इलाकों की निगरानी अमरीकी मरीन जैसे बल को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीनगर/नई दिल्ली.** आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाओं से निपटने के लिए जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस की विशेष टुकड़ी तैनात की गई है। इसमें शामिल 960 जवानों को अमरीका की मरीन कॉर्प्स की तरह प्रशिक्षित किया गया। पाकिस्तान से भारी हथियारों से लैस आतंकियों की घुसपैठ में बढ़ोतरी को देखते हुए यह टुकड़ी तैयार की गई। इसके करीब 560 पुलिसकर्मियों को जम्मू संभाग के सीमावर्ती इलाकों में और बाकी को कश्मीर घाटी में तैनात किया गया। यह जम्मू-कश्मीर पुलिस का पहला ऐसा बल है, जिसके कर्मियों को किसी दूसरी ड्यूटी में तैनात नहीं किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर.आर. स्वैन ने बताया कि टुकड़ी के जवान सिर्फ घुसपैठ व आतंकवाद विरोधी मोर्चों पर काम करेंगे। उन्हें कोई भी दूसरी जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। इस बारे में अफसरों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### यह है मकसद...

डीजीपी ने बताया कि ये जवान जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रशिक्षण स्कूल से पासआउट हुए हैं। ये सीमावर्ती गांवों से हैं, इसलिए क्षेत्र को अच्छी तरह जानते हैं। दुश्मन की रणनीति भी समझते हैं। इन्हें इनकी संबंधित सीमावर्ती तहसीलों में तैनात करने का मकसद खुफिया तंत्र को मजबूत करना है।

पोलमपोल भायो

फिसळ जाय छै बोल कै, सोच्यो-समझ्यो दाँव ।
गुणा-भाग अर जोड़ को, मतलब बोट-चुणाव !!



## धूल और बादलों का संगम

**बीकानेर** में गुरुवार को दोपहर बाद करीब ढाई-तीन बजे रेतीले बादलों का गुबार उठा, जिसने काफी देर तक आसमान को ढके रखा। दिन में ही शाम होती नजर आई। बवंडर के साथ आई रेत ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। खासतौर से खान-पान की दुकानों, रेस्टोरेंट आदि में रखे सामान पर यह रेत आफत बनकर बरसी। कुछ ही देर बाद शुरू हुई बारिश ने रेत को जमीन पर ला दिया और लोगों ने राहत की सांस ली। फोटो : नौशाद अली

### ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

मजबूरी में दिया किरोड़ी ने इस्तीफा?

2. 

मां को नहीं मिली मजदूरी, तो आईएएस बन गया बेटा

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

### न्यूज शॉर्ट्स

#### भाई से नोक-झोंक, बहन ने की आत्महत्या

**पाली @ पत्रिका.** घुमटी स्थित एक फैक्ट्री में बने कमरे में गुरुवार दोपहर को भाई-बहन के बीच कहासुनी हो गई। बहन दूसरे कमरे में गई और वहां आत्महत्या कर ली। परिजन उसे बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। कालूराम परिहार ने रिपोर्ट में बताया कि वह और उसकी पत्नी फैक्ट्री में काम पर गए थे। 15 साल बेटी शिवी और 6 साल का बेटा घर पर थे। दोनों में खाने की बात को लेकर नोक-झोंक हो गई। आवेश में आकर शिवी फंदे पर झूल गई।

#### युवक को गोली मारी, अस्पताल में भर्ती



**सुकेत (कोटा) @ पत्रिका.** कोटा जिले के सुकेत नगर में बुधवार रात बस स्टैंड के पास कुछ बदमाशों ने बाइक सवार युवक को गोली मार दी। गोली युवक के पैर में लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे कोटा फिर जयपुर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार बुधवार रात करीब 1 बजे युवक यासिर कोटा स्टोन फेक्ट्री से काम खत्म कर बाइक से मशीन मेन को लेकर घर लौट रहा था। बस स्टैंड के पास बाइक पर सवार कुछ युवक आए और उसकी बाइक को रुकवाकर उसके पैर में गोली मार दी। इसके बाद आरोपी भाग गए। गोली की आवाज सुनकर बस स्टैंड पर बैठे लोग सहम गए। वहीं घायल को तुरंत अस्पताल ले गए।

#### जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा @ पत्रिका.** जेईई की तैयारी कर रहे महावीर नगर थाना क्षेत्र निवासी एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस के अनुसार बिहार के नालंदा निवासी संदीप कुमार (16) दो साल से कोटा में जेईई मेन और एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था। वह महावीर नगर स्थित पीजी में रह रहा था। गुरुवार सुबह पास के कमरे में रहने वाले कोचिंग छात्र ने गेट खटखटाया, दरवाजा नहीं खोला तो मकान मालिक को सूचना दी।

---

**मुख्यमंत्री और खेल मंत्री के बयानों से** तीन लाख खिलाड़ियों में जगी आस

# प्रदेश के खेल संगठनों पर लगाम की तैयारी अब होगी खिलाड़ियों की भागीदारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सीकर.** प्रदेश के खेल संगठनों में बढ़ते विवाद को सुलझाने और खिलाड़ियों की भागीदारी तय करने के लिए अब राज्य सरकार की ओर से खेल कोड लाने की पूरी तैयारी कर ली है।

पिछले दिनों युवाओं से संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री व खेल मंत्री की ओर से इस संबंध में खिलाड़ियों को संकेत भी दिए जा चुके हैं। प्रदेश के ज्यादातर खेल संगठनों की ओर से फिलहाल 2005 खेल कोड की पालना की जा रही है। सरकार की मंशा है कि इस साल से सभी खेल संगठनों को राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 के दायरे में लाना है। खेल कोड लागू होने के बाद जिला संघों से लेकर राज्य खेल संघों तक असर दिखना तय है। खेलों पर फोकस होने की वजह से नई सरकार से खिलाड़ियों को खेल नीति में बदलाव की आस भी जगी हैं।


फाइल फोटो

### क्रीड़ा परिषद ने लिए खेल संघों से सुझाव

**राजस्थान** राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से प्रदेश में खेलों का बेहतर माहौल बनाने के लिए खेल संगठनों से सुझाव लेने की कवायद शुरू की है। 20 से अधिक खेल संगठनों ने नौकरियों में खिलाड़ियों को मिलने वाले दो फीसदी आरक्षण के दायरे में पहले की तरह नॉन ओलम्पिक खेल संघों को लाने, खिलाड़ियों का आरक्षण चार फीसदी करने, खेल कोड 2011 लागू करने व एसएमएस स्टेडियम परिसर में सभी खेल संगठनों को एक-एक कक्ष आवंटित करने सहित अन्य मांग की हैं।

### खेल कोड का ऐसे दिखेगा असर

1 **संवैधानिक संशोधनः** खेल संघों को अपने संविधान को राष्ट्रीय खेल संहिता के हिसाब से बनाना होगा।

2 **चुनावी सुधारः** लोकतांत्रिक चुनाव और पदाधिकारियों के लिए कार्यकाल प्रतिबंध लागू होगा।

3 **पारदर्शिता और जवाबदेहीः** खेल संघों को बैंक खाते रखने होंगे, ऑडिट से गुजरना होगा और वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता का भी ध्यान रखना होगा।

4 **एथलीट कल्याणः** खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन मुहैया कराने के लिए रोडमैप स्पष्ट करना होगा।

5 **सुशासनः** संघों को विवाद समाधान तंत्र स्थापित करना होगा व एथलीटों, कोचों और अधिकारियों की भागीदारी तय हो।

खेल कोड 2011 के लागू होने के बाद प्रदेश में खेलों का और बेहतर माहौल बन सकेगा। कई खेल संगठनों में पहले से खिलाड़ियों की पूरी भागीदारी है। खेल कोड सख्ती से लागू होने पर खिलाड़ियों को भी पूरा फायदा मिलेगा। खेल कोड खिलाड़ियों की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की मंशा के साथ यह लागू किया गया था।
**अशोक शर्मा**, अध्यक्ष, बेसबॉल संघ, राजस्थान

**अन्य राज्यों की तरह मिले चार फीसदी आरक्षण**

सरकारी नौकरियों में सभी खेलों के खिलाड़ियों को पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की तरह तीन से चार फीसदी आरक्षण का प्रावधान करना होगा। इससे युवाओं का खेलों का जुड़ाव भी मजबूत होगा। नियमों की विसंगति को नई सरकार को दूर करना चाहिए, जिससे सभी खेलों के खिलाड़ियों को फायदा मिल सके।
**-डॉ. ओ.पी. माचरा**, महासचिव, राजस्थान शूटिंग बॉल संघ

---

**धारा बढ़ाने की एवज में मांगी थी घूस**

## 50 हजार की रिश्वत लेते नाका मदार चौकी प्रभारी गिरफ्तार


50 हजार रिश्वत लेने के मामले में एसीबी की गिरफ्त में अलवर गेट थाने के सहायक उप निरीक्षक नंदभंवर सिंह (गोले में)।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर की टीम ने गुरुवार शाम अलवर गेट थाने की नाका मदार पुलिस चौकी प्रभारी नन्दभंवर सिंह को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी ने धोखाधड़ी के एक मामले में धाराएं बढ़ाने के नाम पर परिवादी से रिश्वत मांगी थी। इससे पूर्व में भी वह परिवादी से 50 हजार रुपए ले चुका है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसीबी जयपुर) ललित किशोर शर्मा ने बताया कि नाका मदार पुलिस चौकीप्रभारी एएसआइ नंदभंवर सिंह ने थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। इससे पहले परिवादी उसे 50 हजार रुपए की रिश्वत दे चुका था। प्रकरण में भादंस की धारा 467 व 468 को जोड़ने की एवज में वह परिवादी से 50 हजार रुपए की और मांग की। परिवादी की शिकायत का सत्यापन करने के बाद गुरुवार शाम परिवादी को 50 हजार रुपए के साथ भेजा। एएसआइ नंदभंवर ने उसे नाका मदार पुलिस चौकी बुलाया, जहां एसीबी टीम ने रिश्वत की रकम लेने के बाद उसे रंगे हाथों पकड़ा।

## अलवरः आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी को पकड़ा

**मांढण (अलवर) @ पत्रिका.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को नामांतरण खोलने की एवज में आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी सुमेर को गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अलवर प्रथम इकाई को परिवादी की ओर से शिकायत दी गई कि रजिस्टर्ड दानपत्र का नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी आठ हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। इस पर गुरुवार को पटवारी सुमेर को आठ हजार रुपए रिश्वत की राशि लेते गिरफ्तार कर लिया।


पटवारी सुमेर।

**छत्तीसगढ़ मॉडल की तर्ज पर होंगे बदलाव**

## राजस्व मंडल में अब न्यायिक पत्रावलियां भी ऑनलाइन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** राजस्व मंडल व अधीनस्थ राजस्व अदालतों में न्यायिक कार्य के लिए संचालित जर्नलाइज्ड कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (जीसीएमएस) अब छत्तीसगढ़ के रेवेन्यू केस एक्टिविटी सीक्वेंस इमुलेटर की तर्ज पर कार्य करेगा। इसके लिए राज्य में संचालित जीसीएमएस में कुछ बदलाव किए जाएंगे। इसे लेकर 11 सदस्यीय समिति का गठन किया है जो दोनों पोर्टल का अध्ययन कर जरूरी बदलाव के सुझाव सरकार को देगी। समिति इस माह के अंत तक रिपोर्ट सौंप देगी। छत्तीसगढ़ मॉडल लागू कराने के लिए कमेटी का गठन किया गया।



**न्यायिक कार्य व फाइल की प्रगति ऑनलाइन आएगी नजरः** ई-फाइलिंग की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ मॉडल के अनुरूप होगी। इसमें न्यायिक कार्य भी ऑनलाइन होने की राह पर है। मंडल में आने वाली नई पत्रावली में सुनवाई के बाद लिखी गई आदेशिका या आदेश होते हैं कार्रवाई पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध रहेगी। पत्रावली की प्रति पेशी होने वाली आदेशिका को भी आमजन या संबंधित पक्षकार देख सकेगा।

---

## एनजीटी का सरकार को आदेश, सरिस्का सीटीएच के नाम करें 54 हजार हेक्टेयर जमीन




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अलवर.** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने प्रदेश सरकार को आदेश दिए हैं कि 15 दिन के अंदर सरिस्का क्रिटिकल टाइगर हैबीटेट (सीटीएच) की 54 हजार 835.91 हेक्टेयर जमीन के म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी करें। जस्टिस शिव कुमार सिंह ने उच्च स्तरीय पांच सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद यह आदेश दिए हैं।

प्रदेश सरकार के वकील ने एनजीटी से कहा कि जमीन के नक्शे आदि की डिजिटल प्रक्रिया में समय लगेगा। ऐसे में उन्हें 15 दिन का समय दिया जाए। जस्टिस शिव कुमार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सरिस्का के सीटीएच व बफर जोन में कॉमर्शियल एक्टिविटीज (होटल-रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट आदि) नहीं हो सकती हैं।

### होटल-रेस्टोरेंट की रिपोर्ट न देने पर दायर किया विरोध

**नाहरगढ़** वन्यजीव अभयारण्य सुरक्षा एवं विकास समिति के वकील वैभव पंचोली ने उच्च कमेटी की ओर से सीटीएच, बफर एरिया में संचालित होटल-रेस्टोरेंट आदि की रिपोर्ट सब्मिट नहीं करने पर विरोध दायर किया। एडवोकेट ने बताया कि एनजीटी ने सरिस्का के बफर जोन में चल रही कॉमर्शियल एक्टिविटीज पर प्रशासन की ओर से एक्शन नहीं लेने पर नाराजगी जाहिर की है। प्रतिबंधित एरिया से बाहर संचालित गतिविधियों से पहले राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की अनुमति जरूरी है। एनजीटी ने साफ कर दिया कि पहले सरकार सरिस्का सीटीएच जमीन का म्यूटेशन खोले।

ऐसी गतिविधियों को सरकार चिन्हित कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करे। सरिस्का के सीटीएच एरिया का म्यूटेशन होने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई जाए। नोटिफिकेशन के बाद भी सरिस्का का इको सेंसेटिव जोन घोषित न होने पर सरकार से जवाब मांगा है।

## सांवरा सेठ का भंडार, पहले राउंड में मिले 7.70 करोड़



**चित्तौड़गढ़.** कृष्णधाम श्रीसांवलियाजी में सांवरा सेठ का भंडार गुरुवार को खोला गया। पहले राउंड में 7 करोड़ 70 लाख 41 हजार रुपए की गणना की गई है। शेष गिनती 6 जुलाई को की जाएगी। शुक्रवार को अमावस्या होने के कारण गिनती नहीं होगी। गुरुवार सुबह राजभोग आरती के बाद मंदिर मंडल के सीईओ एडीएम प्रथम राकेश कुमार और मंदिर मंडल अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर की उपस्थिति में भंडार खोला गया।

## नवाचार करने वाले शिक्षकों को मिलेगा पुरस्कार

**बीकानेर @ पत्रिका.** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार तथा सफल प्रयोग करने वाले शिक्षकों तथा शिक्षक शिक्षा के संस्थानों को प्रोत्साहन देने के लिए राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद की ओर से पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। परिषद ने सभी डाइट प्राचार्यों को उनके अधीनस्थ शिक्षक तथा प्रशिक्षु शिक्षकों के परियोजना के लिखित प्रस्ताव 31 जुलाई तक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के अजमेर स्थित केंद्र पर भेजने को कहा है। इसके तहत 60 नवाचारों और प्रयोगों का चयन किया जाएगा, जिसमें 40 स्कूल शिक्षा के तथा 20 शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले नवाचार तथा प्रयोग शामिल होंगे। चयनित नवाचारों और प्रयोगों के लिए हरेक नवाचार तथा प्रयोग पर 10 हजार रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा।

---

**पत्रिका की खबर का बड़ा असर** | **करीब पौने दो साल पहले बने मॉडल स्कूलों में पहली बार आएंगे विद्यार्थी**

# हैरिटेज लुक वाले 134 मॉडल स्कूलों में सुनाई देगी एबीसीडी और गिनती

### विद्यार्थियों के आवेदन भरने की प्रक्रिया आज से शुरू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पाली.** प्रदेश में कक्षा एक से पांचवी तक के पौने दो साल पहले बने मॉडल स्कूलों का सन्नाटा समाप्त होगा। इन स्कूलों में 22 जुलाई से एबीसीडी व गिनती के स्वर सुनाई देंगे। स्कूलों में 5 से 12 जुलाई तक विद्यार्थियों के आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

आवेदन पत्रों की सूची का निर्धारण 15 जुलाई को किया जाएगा। निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन होने पर लॉटरी 16 जुलाई को निकाली जाएगी। लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश आवेदन 19 जुलाई तक भरवाए जाएंगे। इसके बाद 22 जुलाई से कक्षा एक से पांचवीं तक का अध्ययन शुरू करवाया जाएगा। प्रदेश के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन कराने के लिए हर जिले में मॉडल स्कूल खोले थे। उनमें करीब पौने दो साल पहले 1 अरब रुपए खर्च कर 134 हैरिटेज लुक वाले नए भवनों का निर्माण कराया। जिनमें कक्षा एक से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को अध्ययन करवाया जाना था। विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं देने से इन भवनों का निर्माण के बाद कोई उपयोग नहीं हो रहा था। इसे लेकर राजस्थान पत्रिका की ओर से 10 अक्टूबर 2023 को 'हैरिटेज लुक पर खर्च किए एक अरब, मॉडल स्कूल में बच्चों का प्रवेश शून्य' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया। इस पर नए सत्र में इस बार इन स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है।


जिले का एक मॉडल स्कूल, जो कक्षा एक से पांचवीं के लिए बनाया गया।

**असर**


हैरिटेज लुक पर खर्च किए एक अरब
मॉडल स्कूल में बच्चों का प्रवेश शून्य

प्रकाशित खबर।

### प्री-प्राइमरी कक्षाएं भी लगेंगी

**जिस** तरह से निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी आदि कक्षाएं होती है। उसी तरह मॉडल स्कूलों में कक्षा एक से पांच तक के बाद नर्सरी, एलकेजी व एचकेजी कक्षाएं शुरू की जाएगी। इसे लेकर भी सरकार की ओर से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

मॉडल स्कूल में कक्षा एक से पांच तक में प्रवेश के आदेश मिल गए हैं। आवेदन पत्रों का वितरण व जमा करने का कार्य 5 जुलाई से शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद इनमें सरकार की ओर से प्री-प्राइमरी कक्षाएं भी संचालित की जाएगी।
**शैतानसिंह सांदू**, क्लस्टर इंचार्ज, मॉडल स्कूल, पाली

### प्रदेश में जिलेवार इतने मॉडल स्कूल

**प्रदेश** में 134 स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय है। अजमेर में 4, अलवर में 10, बांसवाड़ा व बारां में 6-6, बाड़मेर में 5, भीलवाड़ा में 11, बीकानेर में 1, बूंदी में 4, चित्तौड़गढ़ में 10, दौसा में 4, धौलपुर में 1, डूंगरपुर में 5, गंगानगर में 2, जयपुर में 2, जैसलमेर में 3, जालोर में 2, झालावाड़ में 4, जोधपुर में 9, करौली में 4, नागौर में 9, पाली में 6, प्रतापगढ़ में 1, राजसमंद में 7, सवाई माधोपुर में 5, सिरोही में 2, टोंक में 5 व उदयपुर में 6 मॉडल स्कूल हैं।

सैकड़ों टन कचरे को किया रिसाइकिल

## बेटे के सवाल पूछने के बाद मिला जीवन का उद्देश्य



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

घर ही नहीं बल्कि हमें अपने आस-पास के वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से काम कर रही हैं दिल्ली की अर्चना रूंगटा। अर्चना ने पिछले चार सालों में सैकड़ों टन प्लास्टिक एकत्रित कर रिसाइकिल करवाया है। अर्चना प्लास्टिक रिसाइकिल करने के साथ कॉलोनियों को ब्यूटीफाइड करने और छोटे बच्चों को सैनेटाइज क्लीनिंग समझाने के लिए कार्यक्रमों का भी आयोजन करती हैं। एक म्यूजिक, डांस और आर्ट एकेडमी की डायरेक्टर अर्चना कॉलोनियों मे 'आरआरआर सेंटर भी खोलने और किचन वेस्ट से कम्पोस्ट बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करती हैं।

### ऐसे तो सब खत्म हो जाएगा



**अर्चना** कहती हैं कि कुछ साल पहले मेरे बेटे ने सवाल किया कि जिस तरह से हम प्लास्टिक का यूज करते हैं, जो पर्यावरण और पेड़- पौधों के लिए खतरा बनाता जा रहा है। ऐसे में तो कुछ समय में सब खत्म हो जाएगा। बेटे की इस बात ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया। तभी मैंने तय किया कि हमें प्लास्टिक और प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रयास करने होंगे। इसके बाद धरती के पहरी फाउण्डेशन की नींव रखी गई।

### कूडाघरों को बदला सेल्फी पॉइंट में

अर्चना बताती हैं कि इस फाउण्डेशन का मकसद प्लास्टिक एकत्रित करना है। वह कहती हैं कि लोग प्लास्टिक की थैलियां, बॉट्ल्स आदि का उपयोग करना बंद नहीं कर सकते हैं। इसलिए हम उनसे घर-घर जाकर प्लास्टिक का कचरा इकट्ठा कर लेते हैं और उसे रिसाइकिलिंग के लिए देते हैं। वह बताती हैं कि लोगों को समझाने में पहले भी परेशानी थी और अभी भी है। इसलिए ऐसी कॉलोनियों को चिंहित कर उनके गेट के बाहर कचरा एकत्रित करने के लिए व्यवस्था की गई है। लोग यहां-वहां कचरा फेंक देते हैं। इसलिए ऐसे कूड़ाघरो का नवीनीकरण किया गया और आज वहां लोग आकर सेल्फी लेते है।

न्यूज ऑफ द डे

## प्रधानमंत्री मोदी से मिली तारीफ



केरल की अट्टापडी स्थित वट्टालकी कृषि सोसायटी महिलाओं द्वारा और महिलाओं के लिए चलाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में इस सोसायटी की महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले छातों का जिक्र करते हुए इन महिलाओं के काम की सराहना की है। इन छातों को बनाने की योजना के पीछे अट्टापड़ी की आदिवासी कार्यकर्ता लक्ष्मी उन्नीकृष्णन का योगदान है। लक्ष्मी ने 2013-14 में आदिवासी क्षेत्र में शिशु मृत्यु दर बढ़ने के कारण में कुपोषण को मुख्य रूप से पाया। कुपोषण के पीछे गरीबी मुख्य वजह थी। इस बात ने लक्ष्मी को एक दिशा दी और उन्होंने आदिवासी महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 2014 में अट्टापडी में छाता बनाने की इकाई शुरू हुई। 50 महिलाओं से शुरू इस सोयायटी से आज 350 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इसके लिए लक्ष्मी ने जिनेवा स्थित महिला विश्व शिखर सम्मेलन फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण जीवन में पहली महिला सेलिब्रिटी पुरस्कार जीता था।

वायरल वीडियो

## स्टैण्ड फैन को बनाया हेयर ड्रायर



आजकल हर कोई वायरल होने का जुगाड़ लगा रहा है। लेकिन एक महिला का यह जुगाड़ उसकी जरूरत के लिए था, जो कि सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है। naughtyworld नाम के अकाउंट से शेयर किए गए वीडियो में एक लड़की अपने लम्बे बालों को जल्दी सुखाना चाहती हैं। लड़की के पास हेयर ड्रायर नहीं है। वह इसके लिए स्टैंड फैन का इस्तेमाल करती है। वीडियो में दिखाया गया है कि लड़की फैन चालू कर उसे अपने बालों पर फेरती है और उसके बाल सूख जाते हैं। इस वीडियो को अभी तक 19 हजार से अधिक लोगों ने देखा है। व्यूअर्स ने लिखा है कि लड़की जीनियस है तो कुछ ने कहा है कि स्त्री है कुछ भी कर सकती हैं।

रेनबो

## बरसात में न लगे पौधों में कीड़े



बारिश में हर तरफ हरियाली होती है। लेकिन इसके साथ ही होमगार्डन के लिए सबसे बड़ी परेशानी है पौधों में लगे कीड़े। इस मौसम में पौधों में नमी रहने के कारण कीड़े अधिक पनपते हैं। जो पौधों को खराब कर देते हैं। इसके लिए कुछ घरेलू उपाय कर, पौधों की रंगत को नुकसान होने से बचाया जा सकता है।

- जब कभी पौधे सड़ने लगे तो सबसे पहले मिट्टी को साफ कर इसमें हल्दी पाउडर मिला लें। इसके बाद वापस इसमें पौधा लगा दें। इससे पौधे में कीड़े नहीं लगेंगे।
- इस मौसम में पौधों को अधिक पानी देने से बचें। साथ ही नियमित रूप से पौधों के पत्तों के मलबे को हटाना चाहिए।
- पेड़-पौधों को कीड़ों से बचाने के लिए उन पर नमक के घोल का स्प्रे करें। पौधों में हींग का धुंआ, दालचीनी पाउडर और बेकिंग सोडा का प्रयोग भी कर सकते हैं।
- गुलदाउदी के सूखें फूलों को पानी में उबाल कर, इसका स्प्रे पौधों पर छिड़कने से पौधों में लगने वाले कीड़े भाग जाते हैं।
- कई बार गमलों की मिट्टी में चींटियां और छोटे-छोटे कीड़े लग जाते हैं। इसके लिए एक कटोरी में दो कप पानी लें और उसमें 2-3 चम्मच नींबू का रस डालकर गमले की मिट्टी को हल्का लूज कर इसमें डालें। इससे कीड़े दूर हो जाएंगे।



-आर.एस यादव
उद्यान विशेषज्ञ

पत्रिका शी न्यूज़
महिलाओं से जुड़े प्रेरणास्पद वीडियोज का लिंक हमें वॉट्सऐप नंबर 9057531584 पर भेजें। हम ऐसे वीडियो को शी न्यूज में जगह देंगे।
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

फतेहपुर में चोरों ने बंद मकान से उड़ाए एक लाख नकद व लाखों के गहने, वारदात के समय खाना खाने कुछ ही दूर ननिहाल गए थे चारों बच्चे

# मौत से पहले मां-बाप ने चार बच्चों के लिए जमा की पूंजी, उड़ा ले गए चोर



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीकर/फतेहपुर.** कस्बे में चोरी की झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पिता व मां की मौत का दंश झेल रहे चार बच्चों के घर में धावा बोल लाखों के गहने व नगदी चुरा ले गए। ये पूंजी मौत से पहले उनके पिता ने पाई-पाई कर चारों की शादी के लिए जमा की थी। चारों भाई-बहन ननिहाल खाना खाने गए तो मकान को सूना पाकर चोरों ने उसमें सेंध लगा दी। अगली सुबह बच्चे वापस घर लौटे तो सबकुछ लुटा-बिखरा देख उनके होश उड़ गए। वारदात वार्ड नंबर 8 स्थित कागलिया कुएं के पास हुई। शहर कोतवाल सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मामले में ईशा काजी ने रिपोर्ट देकर बताया हैं कि चोर घर से एक लाख रुपए की नकदी सहित करीब आठ लाख के गहने चुरा ले गए।

**घर से 700 मीटर दूर है ननिहाल :** पुलिस के अनुसार चोर घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और दो कमरों का ताला तोड़ कर अलमारी और संदूक में रखे गहने व नकदी चुरा ले गए। वारदात के समय चारों भाई-बहन करीब 700 मीटर दूर ननिहाल में थे। वे मंगलवार दोपहर में वहां खाना खाने गए थे। रात को देर होने पर वहीं रुककर सुबह वापस लौटे तो उन्हें वारदात का पता चला। हालांकि चोरों ने आलमारी में रखी महंगी घड़ियों को नहीं चुराया।

### 12 से 19 साल के बच्चे, 9 महीने पहले मां की मौत

वारदात के शिकार चारों भाई बहन 12 से 19 साल के हैं। इनमें सबसे बड़ी बहन 19 साल की है। उसके बाद 16 साल का भाई व 14 व 12 साल की दो बहनें परिवार में हैं। दो बड़ी बहनों की शादी पहले हो चुकी है। नाना ने बताया कि बच्चों के पिता की मौत तीन साल पहले व मां का देहांत नौ महीने पहले हुआ था। चारों की बच्चों की शादी के लिए ही उन्होंने ये पूंजी सालों की मेहनत से जमा की थी। जिसे चोर उड़ा ले गए।

पाली जिले में 91 हजार हेक्टेयर गोचर...गांव-गांव खड़े हो सकते हैं जंगल

# गोचर-ओरण को बनाएं जंगल... जीवन सुरक्षित... प्राकृतिक विरासत भी बचेगी

पत्रिका स्पॉटलाइट



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पाली .** गर्मी ने इस साल सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। कई दिनों तक लगातार चली हीटवेव ने झकझोर दिया था। गर्मी ने कई लोगों की जान ले ली। भविष्य में ऐसी परिस्थितियां दोबारा न बनें, इसके लिए हरियाली को बढ़ावा देना ही एकमात्र उपाय हैं। अकेले पाली जिले में 91 हजार हेक्टेयर से ज्यादा गोचर भूमि (जैतारण-रायपुर तहसील शामिल) उपलब्ध हैं। इस गोचर भूमि पर गांव-गांव में जंगल खड़े किए जा सकते हैं। गोचर-ओरण के कुछ हिस्से में सघन पौधरोपण किया जा सकता है। यही जंगल हमारे भविष्य को सुरक्षित करेगा। साथ ही अतिक्रमण का शिकार हो रही गोचर भूमि भी सुरक्षित बच सकेगी।

**सुकून की ले सकेंगे सांस, अतिक्रमण से मिलेगी निजात :** गांवों में गोचर और ओरण की भूमि पर कई जगह अतिक्रमण हो रहा है। गांव-गांव में गोचर जमीनें कम हो रही हैं। ओरण भी संकरे हो गए हैं। गोचर और ओरण की भूमि को बचाने के लिए उसके चारों तरफ तारबंदी की जानी चाहिए। तारबंदी के बाद उसमें सघन पौधरोपण किया जा सकता हैं। पौधों को पानी पिलाने के लिए गोचर में तालाब भी खुदवाए जा सकते हैं। तालाबों में बारिश का पानी भी भरा रहेगा। पौधों के लिए बारिश का पानी ज्यादा अच्छा रहता है। इससे पौधे जल्दी पनपेंगे।

**कहां-कितनी गोचर भूमि**

| | |
|---|---|
| पाली | 9550 |
| रोहट | 9658 |
| बाली | 12051 |
| देसूरी | 5733 |
| सुमेरपुर | 6037 |
| सोजत | 11945 |
| मारवाड़ जं | 11439 |
| रानी | 7581 |
| जैतारण | 10737 |
| रायपुर | 6758 |
| **कुल** | **91489** |

### हरियाळो राजस्थान अभियान से बढ़ी जागरूकता

राजस्थान पत्रिका ने हरियाळो राजस्थान नाम से प्रदेशभर में सालों पहले अभियान शुरू किया था। परिणामस्वरूप अब पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता दिख रही है। पौधरोपण के लिए लोग बढ़-चढ़कर आगे आ रहे हैं। राजस्थान पत्रिका के साथ मिलकर गांव-गांव में पर्यावरण की अलख जगा रहे हैं। इसमें भामाशाह, निजी संस्थाएं, प्रशासन इत्यादि भी महत्ती भूमिका निभा रहा है।

### भामाशाह ने गिरादड़ा में मांगी जमीन

गांवों में गोचर भूमि को आबाद करने के लिए भामाशाह तैयार है। उन्होंने हजारों-लाखों पेड़ लगाए हैं। मोहनलाल सायरचंद कवाड़ चेरिटेबल ट्रस्ट इसका बड़ा उदाहरण है। ट्रस्ट ने अब तक हजारों पेड़ लगाए। अब गिरादड़ा ग्राम पंचायत की गोचर भूमि पर जंगल लगाने के लिए पंचायत से करीब 45 हेक्टेयर जमीन मांगी है। इस जमीन पर सघन पौधरोपण करेंगे। पांच साल तक पौधों की देखरेख ट्रस्ट करेगा। इसके बाद पंचायत को जमीन पुनः हस्तांतरित कर दी जाएगी। हालांकि, ग्राम पंचायत ने भी सहमति दी है। ट्रस्ट के पदाधिकारी अब जिला प्रशासन से भी अनुमति के लिए चर्चा करेंगे।

खाटूश्यामजी के दर्शन कर घर लौट रहे थे युवक

## कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रींगस.** खाटूश्यामजी के दर्शन कर घर लौट रहे कार सवार होकर दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शवों को रींगस सीएचसी में रखवाया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना रात करीब 10 बजे रींगस खाटूश्यामजी रोड पर करणी माता मंदिर के पास हुई। दो युवक कार में सवार होकर खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान करणी माता के पास कार चला रहे युवक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क से उतर कर नीम के पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि मौके पर ही दोनों की मौत हो गई तथा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस ने शवों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतकों की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे की सूचना पर मिलने पर कई लोग अस्पताल पहुंच गए।

## आज का राशिफल शुक्रवार, 05 जुलाई 2024

| | |
|---|---|
| मेष | चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ<br>अनजान लोगों पर भरोसा न करें। अपने घर और संतान सम्बंधी शुभ समाचार मिलेंगे। बचपन के मित्रों से भेंट होगी। |
| वृषभ | ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो<br>आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारीगण से आपकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| मिथुन | क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह<br>जीवन साथी के साथ तालमेल स्थापित होगा। उच्च अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। |
| कर्क | हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो<br>अनजाने में कोई बड़ी गलती हो सकती है। आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। स्वास्थ्य भी संभालें। |
| सिंह | मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे<br>समय से पहले आप का कोई भी काम न बनेगा। अपनी बारी का इंतजार करें। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। |
| कन्या | टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो<br>संतों के दर्शन से लाभ होगा। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक कार्य को सफल बनाएं। |
| तुला | रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते<br>आपमें भावुकता अधिक रहेगी। विद्यार्थी आज अभ्यास और कॅरियर सम्बंधित विषयों में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। |
| वृश्चिक | तो, ना, नी, नू, या, यी, यू<br>पारिवारिक शांति बनाए रखने वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन-प्रतिष्ठा में हानि की आशंका है। |
| धनु | ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे<br>आज मित्रों और प्रियपात्र के साथ भेंट होगी। छोटे से प्रवास का आयोजन हो सकता है। भाइयों के साथ निकटता आएगी। |
| मकर | भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी<br>बने बनाये काम बिगड़ सकते हैं। आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार मन में न आने दें। |
| कुम्भ | गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा<br>दूसरों के प्रति आकर्षित होंगे। आज का दिन शुभफलदायी है। नए कार्य का शुभारंभ करने समय अनुकूल है। |
| मीन | दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि<br>मेहनत का फल मिलेगा। कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस न जाएं इसका ध्यान रखें। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1445 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जिलहिज-28 | मास: | आषाढ़ |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | कृष्ण |

### आज का दिन

शुक्रवार, 5 जुलाई, 2024

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से पूर्वाह्न 10-49 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत, दोपहर 12-31 से दोपहर बाद 02-13 तक शुभ तथा सायं 05-38 से सूर्यास्त तक चर के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-04 से दोपहर 12-58 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** अमावस्या तिथि अन्तरात 04-27 तक, तदन्तर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा प्रारम्भ हो जायेगी। अमावस्या व शुक्ल प्रतिपदा दोनों ही तिथियों में शुभ व मांगलिक कार्य शुभ नहीं कहे गए हैं। अमावस्या में अग्निहोत्र, महादान, पितृ कर्म व यज्ञादि कार्य करना कथित हैं।

**नक्षत्र:** आर्द्रा "तीक्ष्ण व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र अन्तरात 04-06 तक, तदन्तर पुनर्वसु "चर व तिर्झ्रमुख" संज्ञक नक्षत्र होगा। आर्द्रा नक्षत्र में लड़ाई, बन्धन, जारण, मारण, जहर, अग्नि, विद्या, दारुण तथा उच्चाटन आदि क्रूर कार्य सिद्ध होते हैं। शुभ व मांगलिक कार्य वर्जित हैं।

**योग:** ध्रुव नामक नैसर्गिक शुभ योग अन्तरात 03-48 तक तदुपरान्त व्याघात नामक नैसर्गिक अशुभ योग हैं। व्याघात योग की प्रथम नौ घटी शुभ कार्यों में त्याज्य हैं।

**विशिष्ट योग:** सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग अन्तरात 04-06 से सूर्योदय तक तथा कुमार योग अन्तरात 04-27 से अगले दिन सूर्योदय तक है।

**करण:** चतुष्पद नामकरण सायं 04-42 तक, तदुपरान्त नागादि करण रहेंगे।

**व्रतोत्सव:** आज देव पितृ कार्य अमावस्या, आषाढ़ी अमावस्या तथा गुरु हर गोविन्द सिंह जयन्ती (नवीन मत से) है।

**चंद्रमा :** चंद्रमा मिथुन राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन :** सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में रात्रि 11-40 से।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यादि के शुभ व शुद्ध मुहूर्त नहीं हैं।

**दिशाशूल:** शुक्रवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज मिथुन राशि के चन्द्रमा का वास पश्चिम दिशा की यात्रा में सम्मुख होने से पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभ है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 10-30 बजे से दोपहर 12-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (कू, घ, ड़, छ, के) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि मिथुन है। मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक नम्र-स्वभाव वाले, साहसी, बुद्धिमान, विचलित मन-मस्तिष्क वाले, कुछ आडम्बरी और कुछ क्षीण व शुद्र विचारों वाले होते हैं। इनका भाग्योदय 25 वर्ष की आयु के बाद होता है। मिथुन राशि वाले जातकों के आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कार्य-व्यवसाय का विस्तार होगा। लाभदायक स्थिति है।

पत्थर खान में भरा हुआ था बरसाती पानी

## अवैध खनन क्षेत्र में पानी के भराव में दो मासूम डूबे, मौत



बच्चों के पानी में डूबने के बाद रेस्क्यू में जुटे ग्रामीण।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



सांवलाराम    नरेश

**रानीवाड़ा.** उपखंड क्षेत्र के तावीदर गांव में बरसाती पानी के भराव क्षेत्र में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई। दोनों ममेरे भाई हैं। ग्रामीणों की मानें तो इस क्षेत्र में अवैध खनन का क्षेत्र है, जहां पर पानी का भराव था। गोताखोरों की सहायता सांवलाराम (12) तथा नरेश भील (10) के शवों को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि नरेश व सांवलाराम गोलवाड़ा तावीदर कांकण पर अपनी बकरियां चरा रहे थे। इस दौरान खनन कार्य के दौरान बने गड्ढों में जमा बरसाती पानी में ये बच्चे डूब गए। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग, माइनिंग डिपार्टमेंट तथा पुलिसकर्मियों द्वारा कई बार क्षेत्र के खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के बावजूद भी अवैध खनन का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें तावीदर गांव में भील समाज की दो बच्चियां इसी तरह से बने गड्ढों में गिर गई थी।

रियायती दरों पर कल शाम तक बुक करा सकेंगे विज्ञापन

## कायस्थ समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन 7 को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पत्रिका और कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों की पहल पर सात जुलाई को राजस्थान के सभी संस्करणों तथा भोपाल, इंदौर व रायपुर के संस्करणों में समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन होगा। इसमें माथुर, श्रीवास्तव, भटनागर, सक्सेना और कुलश्रेष्ठ सहित कायस्थ समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का बायोडाटा प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार शाम पांच बजे तक रियायती दर पर विज्ञापन बुक कराया जा सकता है।

इस विशेषांक में विज्ञापन बुकिंग के लिए पूरा नाम, शहर का नाम और कॉन्टेक्ट नंबर वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे संपर्क करेगी। इस कार्य में चित्रगुप्त सामूहिक विवाह समिति जयपुर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कोटा, मरुधर माथुर समाज समिति जयपुर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उदयपुर व अखिल भारतीय कायस्थ विचार मंच के साथ ही विभिन्न शहरों में समाज के कई संगठन भी जुड़ चुके हैं।

आप देश के किसी भी हिस्से में कायस्थ समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 9 व 23 अप्रेल, 30 जुलाई व 13 अगस्त और 17, 31 दिसम्बर और इस वर्ष 10 एवं 24 मार्च को भी कायस्थ समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

## वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

**खेतड़ी @पत्रिका.** खेतड़ी के निजामपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया की थाने में दूखेरा (नारनौल) हाल गोठड़ा निवासी राकेश कुमार ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई राहुल (17) मनोज कुमार के साथ बाइक से जा रहे थे। निजामपुर मोड़ के पास पानी पीने के लिए रुके हुए थे। राहुल अपनी बाइक के पास रोड किनारे खड़ा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। कुछ दूरी पर खड़े मनोज कुमार ने आकर देखा तो राहुल नीचे गिरा हुआ था और उसके खून निकल रहा था। राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक के शव का खेतड़ी के राजकीय अजीत उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर परिजन का सौंप दिया।

नागौर स्टेशन पर आरपीएफ ने पकड़ा, गुस्से में नीचे फेंका मोबाइल खोजने उतरे थे

# लाल कपड़ा दिखा कर रोकी ट्रेन, दो गिरफ्तार



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर. मेड़ता रोड.** जयपुर-सूरतगढ़ ट्रेन में पत्नी से झगड़ा होने पर मोबाइल को फेंक कर दो यात्री देशवाल स्टेशन पर ट्रेन से उतर गए। वापस ट्रेन में बैठने के लिए दोनों ने पटरी पर खड़े होकर लाल कपड़ा लहरा कर बाड़मेर- ऋषिकेश ट्रेन को रुकवा दिया। आरपीएफ ने ट्रेन संचालन में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर बीकानेर निवासी मोहम्मद अली व मोहम्मद जफर को गिरफ्तार किया है।

**यह था मामला :** जानकारी के अनुसार, जयपुर- सूरतगढ़ ट्रेन में बीकानेर निवासी जफरअली पत्नी के साथ यात्रा कर रहा था। बीकानेर निवासी मोहम्मद अली भी इनके साथ था। जफरअली व उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा होने पर मेड़ता रोड- देशवाल के बीच जफरअली ने आवेश में आकर स्वयं का व पत्नी का मोबाइल ट्रेन से बाहर फेंक दिया। देशवाल स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर जफरअली व मोहम्मद अली उतर गए और देशवाल- छापरी के बीच मोबाइल की तलाश करने लगे, लेकिन मोबाइल नहीं मिले।

### ऐसे रोकी ट्रेन

**दोपहर** करीब ढाई बजे मेड़ता रोड- नागौर रेलमार्ग पर छापरी- देशवाल के बीच बाड़मेर- ऋषिकेश ट्रेन गुजर रही थी। इस दौरान दोनों लाल कपड़ा लेकर पटरी पर खड़े हो गए। लोको पायलट ने दुर्घटना की आशंका जान कर ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन के रुकने पर वे दोनों जनरल कोच में बैठ गए। लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर ने जोधपुर कंट्रोल रूम व आरपीएफ को सूचना दी। सूचना पर नागौर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के उपनिरीक्षक रमेश चौधरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पहचान के आधार पर जनरल कोच में छिपकर बैठे जफरअली व मोहम्मद अली को बिना कारण ट्रेन को रुकवाने, रेल संचालन में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया।

केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में की बड़ी पहल: ग्रेटर नोएडा के 4 स्कूलों का चयन

# बड़े स्कूलों में मर्ज होंगे बेसिक स्कूल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**ग्रेटर नोएडा.** उत्तर प्रदेश में शिक्षा का स्तर उठाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी पहल की है। इसके तहत बेसिक स्कूलों को उसके आसपास के बड़े स्कूलों में मर्ज किया जाएगा।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत फिलहाल चार स्कूल चयनित किए गए हैं। यहां प्रयोग सफल होने के बाद इसे पूरे प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार पायलट प्रोजेक्ट कंसल्टेशन ऑफ स्कूल के तहत इनको मर्ज करने के लिए अध्ययन करा रही है। इसी के तहत गौतमबुद्ध नगर के चार बेसिक स्कूलों का चयन किया गया है। यहां पर भारत सरकार की टीम अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। उसके बाद प्रोजेक्ट को पूरे देश में लागू किया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार के अफसरों ने गौतम बुद्धनगर के अफसरों को निर्देशित किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार कंसल्टेशन ऑफ स्कूल नाम से पायलट प्रोजेक्ट के तहत बेसिक स्कूलों को बड़े स्कूलों में मर्ज करने की तैयारी कर रही है। अध्ययन के लिए यूपी के गौतमबुद्ध नगर के चार स्कूल चयनित किए गए हैं। इन स्कूलों में 16 से 18 बच्चों का नामांकन है। स्कूलों के आसपास कक्षा एक से 12 तक के सरकारी स्कूलों को देखा जाएगा। छोटे स्कूलों को इन बड़ों स्कूलों में मर्ज किया जाएगा।

अध्ययन में नए स्कूल तक बच्चों के जाने की व्यवस्था और उनका नामांकन, साथ ही ऐसे होने पर किस-किस तरह की समस्या आएंगी। इन सभी बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। तीन माह के अंदर अध्ययन पूरा हो जाएगा। अफसरों ने बताया कि नए शिक्षा नीति और शिक्षा का अधिकार अधिनियम को आसान बनाने के मकसद से प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। विलय होने से बेसिक स्कूलों पर हो रहा खर्च भी कम होगा।

### इन चार स्कूलों को किया गया चिन्हित

- प्राइमरी स्कूल, दवानगर
- प्राइमरी स्कूल, बीरपुरा
- प्राइमरी स्कूल, रघुवीर गढ़ी
- प्राइमरी स्कूल, ढोकलपुरा

### हर प्रदेश से चुना एक जिला

**गौतम बुद्ध नगर** के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट में हर प्रदेश से एक जिला चुना गया है। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर को चुना हैं। भारत सरकार की टीम यहां आकर स्कूलों को मर्ज करने की स्टडी करेगी। विभाग सहयोगी के तौर पर काम करेगा। तीन माह में स्टडी रिपोर्ट पूरी की जाएगी। उसके बाद इस प्रोजेक्ट को देश भर में लागू किया जाएगा।

## शादी कर दुल्हन लाने के मात्र 2 घंटे बाद दूल्हे ने दी जान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इटावा.** जिले के उसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवरा गांव में शादी के बाद दुल्हन विदा कर लाने के मात्र 2 घंटे बाद दूल्हे ने जान दे दी। आत्महत्या को लेकर ना तो परिजन सटीक जानकारी दे रहे हैं ना पुलिस ने पुख्ता बताया।

इटावा प्रभारी एसएसपी सत्यपाल सिंह ने बताया कि बुधवार को 4 बजे के आसपास उसराहार पुलिस को जानकारी मिली की दूल्हे ने आत्महत्या कर ली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उसराहार इलाके के शिवरा गांव के सेना में तैनात रहे ज्ञान सिंह यादव के छोटे बेटे सतेंद्र यादव की शादी ताखा इलाके के ही रतनपुर गांव की विनीता से तय हुई थी। दो जुलाई को बारात शिवरा से रतनपुर गई थी, जहां वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 3 जुलाई को दोपहर 2 बजे दुल्हन के साथ बारात शिवरा लौट आई। दोपहर 4 बजे घर के भीतर ऊपरी हिस्से में दूल्हे सतेंद्र यादव ने आत्महत्या कर ली।

फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है, फॉरेंसिक टीम ने घटना से जुड़े हुए कई फोटोग्राफ संकलित किए हैं।

बड़ी-बड़ी दरारें दे रहीं घोटाले की गवाही!

# उत्तर प्रदेश का पहला ग्लास ब्रिज उद्घाटन से पहले ही हुआ जर्जर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चित्रकूट.** यूपी का पहला ग्लास ब्रिज उद्घाटन से पहले ही ध्वस्त होने के कगार पर खड़ा है। मारकुंडी जंगल में टिकरिया के पास बना यह ब्रिज अब गुणवत्ता को लेकर संदेह के घेरे में आ गया है।

पहली बारिश ने ही इस ब्रिज के गुणवत्ता की पोल खोल दी है। ग्लास ब्रिज को पवनसुत कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना रही है। ग्लास ब्रिज पर जहां उपकरण लगाए गए हैं। वहां चबूतरों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। दरारों को देखकर ऐसा महसूस होता है कि गुणवत्ता के साथ काफी खिलवाड़ किया गया है। वन विभाग ने 3.70 करोड़ की लागत से राज्य के पहले ग्लास ब्रिज का निर्माण किया है। इन कामों में ब्रिज के साथ टिकट विंडो और चबूतरे के साथ-साथ सौंदर्यीकरण का काम भी शामिल हैं।

**जिला पंचायत सदस्य ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग :** जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने ब्रिज के उच्चस्तरीय जांच की जाने की मांग की है। उन्होंने कहा 'कई स्थानों पर दरारें पड़ी हैं। यदि बारिश और हुई तो ग्लास ब्रिज गिर सकता है। कार्या की उच्चस्तरीय जांच की जाए'। रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के उपनिदेशक एनके सिंह ने जानकारी दी कि यह ब्रिज अभी हैंडओवर नहीं हुआ है। ब्रिज में कुछ काम करना बाकी है। निर्माण एजेंसी को कई अधूरे काम को पूरा कराने को कह दिया गया है।





## जमकर बरसे मेघ...



**मौसम विभाग ने लखनऊ** समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 8 जुलाई तक मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में गुरुवार को तेज बारिश हुई। मथुरा में भारी बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया।

## आपराधिक कानून में बदलाव को लेकर नाराज वकीलों ने छोड़ा काम

**रायबरेली@ पत्रिका.** जिले की अदालतों में आपराधिक कानून में हुए बदलाव को लेकर अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्यो से विरत रहते हुए हड़ताल कर सांकेतिक विरोध प्रकट किया। जिला दीवानी व सत्र न्यायालय एवं कलक्ट्रेट न्यायालय के अधिवक्ताओं ने 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून के विरोध में हड़ताल कर सांकेतिक विरोध प्रकट किया। जिले में अधिवक्ताओं की बार एसोसिएशन सेंट्रल बार ने आपराधिक कानून में बदलाव को लेकर प्रस्ताव पारित करते हुए अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य से विरत रहने का आह्वान किया था।

उधर, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन की ओर से सुशील कुमार श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष पदम प्रसाद ने बताया कि कलक्ट्रेट में एसडीएम व सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में आपराधिक मामले चलते हैं। नए कानून के लागू होने से कई विसंगतियां होने की संभावना है। इन बदलाव के विरोध व दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता साथियों के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहते सांकेतिक हड़ताल की गई।

## दो बहनों के अपहरण का प्रयास करने वाले इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुरादाबाद.** जनपद में दो बहनों को अगवा करने की कोशिश व विरोध करने पर माता-पिता और भाई को गोली मारने का मुख्य आरोपी 50 हज़ार रुपए का इनामी तथा 25 हजार रुपए के इनामी समेत दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में पुलिसकर्मी भी घायल हो गया है। दो एसओ तथा एक दरोगा समेत तीन के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई थी। मामले में पुलिस दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दलपतपुर के समीप मंगल के बाज़ार, छपरा मोड़ पर चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में घटना का मुख्य आरोपी तथा 50 हज़ार रुपए का इनामी मुस्लिम और 25 हज़ार रुपए के अन्य इनामी बदमाश नन्हे समेत दो को गिरफ्तार किया गया है।

## बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर @ पत्रिका.** थाना सदर बाजार क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही 6 वर्षीय बच्ची से पड़ोसी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया की तिलहर जई मोहल्ले में रहने वाली 6 वर्ष की बच्ची बुधवार शाम को अपने घर के बाहर खेल रही थी कि इसी बीच उसके घर के सामने रहने वाले संजीव (30) बच्ची को बहला फुसला कर अपने घर ले गया। आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो गया।

पुलिस ने पीड़ित बच्ची को चिकित्सा परीक्षण के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा है। परिजनों की ओर से आरोपी संजीव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

खुशखबर: महल के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण पर एक करोड़ रुपए खर्च करेगी राज्य सरकार

# पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा मस्तानी महल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**महोबा.** पेशवा बाजीराव और मस्तानी की प्रेम कहानी से जुड़े बेलाताल में स्थित प्राचीन स्मारक मस्तानी महल को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। राज्य सरकार महल के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण में एक करोड़ रुपए खर्च करेगी।

जिला पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त श्रीवास्तव ने बताया कि सूबे के पर्यटन विभाग द्वारा कुलपहाड तहसील के बेलाताल में स्थित ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व की प्राचीन धरोहर मस्तानी महल के पर्यटन विकास हेतु तैयार किए गए दो अलग-अलग महत्वपूर्ण प्रस्तावों को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत अब यहां न सिर्फ पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा बल्कि प्राचीन स्मारक का जीर्णोद्धार करके उसे देश विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा।



## तीस देशों की सुंदरियों ने निहारा ताजमहल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगरा .** तीस देशों की सुंदरियां विश्व के सात आश्चर्यों में शामिल ताजमहल को निहारने के लिए गुरुवार को यहां पहुंचीं। ये सुंदरियां देश में चल रही सौंदर्य प्रतियोगिता टीन इंटरनेशनल 2024 में भाग ले रही हैं। भ्रमण के दौरान ये सुंदरियां ताज की सुंदरता और वास्तु कला को बड़ी उत्सुकता से निहारती नजर आईं। उनका कहना था कि ताजमहल की खूबसूरती एक अलग ही एहसास जगाती है। ऐसा लगता है कि इसे निहारते ही रहें। ताज की पच्चीकारी और इतिहास को जानने के लिए इन सुंदरियों ने खास रुचि दिखाई। इन दिनों देश में चल रही सौंदर्य प्रतियोगिता टीन इंटरनेशनल 2024 में 30 देशों की प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। प्रतियोगिता का फिनाले सात जुलाई को जयपुर में प्रस्तावित है। मिस टीन इंटरनेशनल 2023 वेनेजुएला की बारबरा पर्रागा अपनी उत्तराधिकारी को ताज पहनाएंगी।



पुलों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

# नीतीश सरकार पुलों की मेंटेनेंस पॉलिसी लाने का कर रही है कार्य: अशोक चौधरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार से लगातार निर्माणाधीन पुलों के गिरने की खबरें सामने आ रही हैं। अब पुलों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि कोर्ट राज्य सरकार को निर्देश दे कि वो सभी निर्माणाधीन पुलों की जांच कराए। वहीं, इस पर अब राजनीति भी तेज हो गई है। राजद इसका ठीकरा डबल इंजन की सरकार पर फोड़ रही है। जबकि जदयू इसकी जिम्मेदारी राजद नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सिर पर मढ़ रही है।

नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने पुल के मेंटेनेंस को लेकर बताया कि हमारी सरकार पुलों की मेंटेनेंस पॉलिसी लाने की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अलग-अलग विभाग से कहा है कि वो पुलों को लेकर मेंटेनेंस पॉलिसी लाएं। इसके तहत पुराने और निर्माणाधीन पुल की जांच की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री सेतु योजना, जो साल 2016 में बंद हो गई थी, उसे फिर से शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। पुलों के गिरने की वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि कई जगहों पर नदी का रूट बदल गया, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हुई। कई जगहों पर सेंटरिंग गिरने के कारण इस तरह की घटनाएं हुई।

बकरा नदी के ऊपर 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल भी ढह गया। इसके कुछ ही दिन बाद सीवान की गंडकी नदी पर बन रहे पुल के धराशायी होने का मामला सामने आया। फिर पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल भी गिर गया। किशनगंज में कंकई और महानंदा नदी को जोड़ने वाली नदी पर बने रहे पुल के भी गिरने का मामला सामने आया था। इनके अलावा पंचायत स्तर पर भी कई पुल गिर चुके हैं।

### ठेकेदारों के खिलाफ करेंगे कठोर कार्रवाई



अशोक चौधरी ने कहा, जो ठेकेदार इस प्रोजेक्ट के तहत काम कर रहे थे, उन पर लापरवाही के चलते सरकारी धन के दुरुपयोग के तहत एक्शन लिया जाएगा। उन पर एफआईआर का प्रावधान नहीं है, लेकिन अगर इस तरह की घटना होगी तो सरकार निश्चित रूप से कार्रवाई करेगी।

### बिहार में 20 दिन में गिरे 9 पुल

पिछले करीब 20 दिनों में बिहार में कुल 9 पुल गिर गए हैं। बुधवार को सीवान जिले में दो और सारण में एक पुल गिर गया। इसके कुछ दिन पहले मधुबनी जिले के झंझारपुर में निर्माणाधीन पुल का बीम गिर गया। यह करीब 3 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा था।

## आम तोड़ने के विवाद में मां-बेटे की कुदाल से काटकर हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मधुबनी.** जिले के भैरव स्थान थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम आम तोड़ने के विवाद में एक महिला और उसके बेटे की कुदाल से काटकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि झौआ गांव में आम तोड़ने को लेकर विजय यादव (20) और सरोज यादव के बीच विवाद हो गया। इसके बाद सरोज यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर विजय यादव और उसकी मां सोनी (45) पर कुदाल से हमला कर दिया। घटना में विजय यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में सोनी की मौत हो गई।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सरोज यादव को गिरफ्तार कर लिया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

### एक घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**किशनगंज.** बिहार में किशनगंज जिले के अर्राबाड़ी थाना क्षेत्र में गुरूवार को ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिंहिया कुलामनी गांव निवासी नूर जमाल अपनी पत्नी नाहिदा बेगम (25) साली सबीनाज (21) और एक वर्षीय बच्ची को लेकर स्कूटी से अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इस दौरान किशनगंज-ठाकुरगंज पथ पर धोमानिया के समीप ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में नाहिदा बेगम, सबीनाज और एक वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नूर जमाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक फरार हो गया। घायल को किशनगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### श्रद्धांजलि



झारखंड के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने रांची स्थित राजभवन में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

झारखंड स्वच्छ मतदाता सूची

## 'समावेशी और स्वच्छ मतदाता सूची के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य में चल रहे कार्यो के संदर्भ में राज्य के सभी एईआरओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की।

उन्होंने इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम में किए जाने वाले कार्यो से संबंधित पीपीटी के माध्यम से पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि समावेशी मतदान के लिए स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण आवश्यक है। विगत लोकसभा निर्वाचन में कुछ शहरों से गलत विलोपन एवं एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग मतदान केंद्रों के मतदाता सूची में नाम की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे अविलम्ब ठीक कर लिया जाए।

सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भौतिक निरीक्षण कर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइसजर के कार्यों की समीक्षा करते रहें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े राज्य के पदाधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नए मतदाता पहचान पत्र के आवेदन, क्षतिग्रस्त मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन एवं स्वच्छ एएसडी सूची के निर्माण कार्य का अनुश्रवण जरूर करें।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय ) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**➲ ट्रेन से कटकर युवती की मौत: छपरा.** सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-सीवान रेलखंड पर ट्रेन से कटकर युवती की मौत हो गई। छपरा जंक्शन राजकीय रेल थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि बुधवार देर रात छपरा-सीवान रेलखंड के एकमा-चैनवा स्टेशन के मध्य डाउन लाइन पर पोल संख्या 358/24 तथा 358/26 के बीच एक युवती का शव बरामद किया गया है। युवती की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। रेलवे थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

**➲ सारण में नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार: छपरा.** सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। नगर पंचायत निवासी एक नाबालिग युवती बुधवार की देर रात शौच करने के लिए अपने घर से बाहर निकाली थी। इसी दौरान छह युवकों ने उक्त नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी।

भारत-नेपाल सीमा पर डैम निर्माण को केंद्र सरकार की टीम कर रही अध्ययन

# बिहार में बाढ़ समस्या को दूर करने के प्रति केन्द्र सरकार गंभीर: रामनाथ ठाकुर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**समस्तीपुर.** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि बिहार को बाढ़ से बचाव के लिए भारत-नेपाल सीमा पर बनने वाले डैम निर्माण के लिए केंद्र सरकार की टीम अध्ययन कर रही हैं और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं प्रत्यनशील हैं।

ठाकुर गुरुवार को समस्तीपुर शहर के बारह पत्थर स्थित कर्पूरी सभागार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का तीव्र विकास हो रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सदन में विपक्षी दलों का जो व्यवहार जन विरोधी है।

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को हिंसक कहे जाने पर केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने इस बयान की भर्त्सना की और कहा कि बिहार की जनता लोकसभा चुनाव की तरह 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी ऐसे दलों को सबक सिखाएगी।

इस अवसर पर समस्तीपुर की लोजपा (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, भाजपा के विधान पार्षद तरुण कुमार, पूर्व सांसद अश्वमेध देवी,जदयू जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय,पूर्व मंत्री रामाश्रय सहनी व बैधनाथ सहनी और भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत अन्य राजग नेताओं ने केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर का पाग एवं सादर देकर स्वागत किया।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# जान ले रहे मौसम के तीव्र बदलाव, हम कितने तैयार

इस बार अच्छी बारिश की संभावनाओं के बीच अचानक कम समय में ज्यादा बारिश का खतरा भी बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन के कारण विशेषज्ञ लगातार 'एक्स्ट्रीम वेदर' की आशंका जता रहे हैं। कम समय में काफी ज्यादा बारिश, अचानक सामान्य से ज्यादा गर्मी या कुछ दिनों के लिए अत्यधिक ठंड की स्थिति अब पहले से ज्यादा होने लगी है। तेज गर्मी से बेहाल लोगों को देश भर में समय से करीब छह दिन पहले ही छा गए मानसून के बादलों ने काफी राहत दी है। लेकिन, कई स्थानों से बाढ़ की परेशानी और वर्षाजनित हादसों की खबरें भी आने लगी हैं।

असम की बाढ़ में पचास लोग मारे गए तो महाराष्ट्र में पिकनिक मनाने गया पूरा परिवार ही सूखी नदी में पानी आने से बह गया। इसलिए अब यह सवाल जरूरी हो गया है कि 'एक्स्ट्रीम वेदर' से पैदा होने वाले हालात के लिए हम कितने तैयार हैं? मौसम संबंधी दुश्वारियों ने निपटने के लिए सरकारी स्तर पर तैयारी तो हर बार होती ही है लेकिन जैसी होनी चाहिए वैसी नहीं हो पाती। अक्सर सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटने जैसी स्थिति ही दिखती है। इसलिए समयबद्ध उपाय होने चाहिए। न सिर्फ शहरी विकास योजनाओं के मामलों में बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भी यह देखा जाना चाहिए कि क्या हम तैयार हैं? बारिश के मौसम में अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। यह मौसम संक्रमण फैलने के लिए अनुकूल होता है। कई बार संक्रमण जानलेवा भी हो जाता है। जरूरत का अनुमान लगाकर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का मामला हो या दूर-दराज के इलाकों में डॉक्टर और अस्पताल की जरूरत पूरी करने का, इस पर समय रहते ही ध्यान देना होगा। पिछले कुछ सालों में तकनीकी तरक्की ने नए-नए रास्ते खोले हैं। उनका इस्तेमाल कर न सिर्फ कृषि बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुविधाओं का उचित विस्तार हो सकता है। डेटा विश्लेषण से देश की व्यापक मैपिंग हो सकती है कि कहां, कैसी जरूरत है और उसके आधार पर उपाय सुनिश्चित किए जा सकते हैं।

इस बार मानसून ने देश के कई इलाकों में समय से पहले दस्तक दी है। जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून की प्रणाली में बदलाव देखा गया है। मानसून के लौटने का समय भी प्रभावित हो रहा है। इसका असर खेती-किसानी पर तो पड़ता ही है, उससे जुड़े अन्य रोजगार-धंधे भी प्रभावित होते हैं। यह भी देखा गया है कि स्मार्ट शहरों की स्मार्टनेस भी बारिश में धुल जाती है, क्योंकि शहरी योजनाओं में 'एक्स्ट्रीम वेदर' से निपटने की सोच शामिल ही नहीं होती। यही वक्त है कि मौसम के तीव्र बदलाव के इस दौर में नई सोच के साथ नए-नए तरीके अपनाए जाएं।

**ब्रिटेन में 'नई सुबह' :** जीत कंजर्वेटिव पार्टी के सुनक की हो या लेबर पार्टी के स्टार्मर की, पहनना होगा कांटों भरा ताज

# क्या ब्रिटेन को मिलेगा संकट से उबारने वाला नेता



'अमरीका बनाम अमरीका' पुस्तक के लेखक **द्रोण यादव** का ब्रिटेन के राजनीतिक परिदृश्य पर एक विश्लेषण
@patrika.com

**दिल्ली भी लंदन में संभावित बदलावों को करीब से देख रहा है क्योंकि इस चुनाव के बाद ब्रिटेन-भारत के रिश्ते पुनः परिभाषित होने हैं और दोनों देशों के बीच होने वाला व्यापार समझौता रिश्तों को नया आयाम देगा।**

इंग्लैंड, वेल्स, स्कॉटलैंड, और नॉर्दर्न आयरलैंड के संगठन से बने ब्रिटेन में 4 जुलाई को चुनाव संपन्न हो गया। अपनी 650 लोकसभा क्षेत्रों का भविष्य करीब 4.5 करोड़ मतदाताओं ने मतपेटियों में बंद कर दिया है। करीब 392 राजनीतिक दलों वाले ब्रिटेन के इस ऐतिहासिक चुनाव में सीधा मुकाबला कंजर्वेटिव्स और लेबर पार्टी के बीच है। चुनाव प्रचार समाप्त होने के साथ एक ओर लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'हम सब शुक्रवार सुबह का चित्रण करें जब ब्रिटेन में लेबर पार्टी की नई सुबह होगी', वहीं दूसरी ओर सत्ता बचाने की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे प्रधानमंत्री सुनक ने अपने संबोधन में कहा कि 'हम लेबर पार्टी के सामने हथियार नहीं डालेंगे और एक-एक वोट के लिए आखिर तक लड़ाई लड़ेंगे।'

यदि कंजर्वेटिव पार्टी पुनः सत्ता हासिल कर भी ले, तो भी शुक्रवार की सुबह ब्रिटेन के लिए इस मायने में बदली हुई होगी कि जिस तरह की समस्याओं से ब्रिटेन घिरा है, उनसे पार पाने के लिए 14 साल से शासन करती आ रही कंजर्वेटिव पार्टी को भी अपनी योजनाओं में बड़े बदलाव करने होंगे। प्रधानमंत्री सुनक ने मध्यावधि चुनाव की घोषणा करने से पहले ही इशारा कर दिया था कि यदि उनकी सरकार फिर से चुन कर आती है तो कंजर्वेटिव पार्टी की क्या प्राथमिकताएं रहेंगी। संभव है यदि ऋषि सुनक वापस सरकार बनाने में कामयाब होते हैं तो ब्रिटिश नागरिकों को टैक्स में बड़ी राहत मिल सकती है, इसके अलावा यूरोप के साथ ब्रिटेन के संबंधों में भी सुधार हो सकता है, और न केवल ब्रिटेन आने वाले प्रवासियों की तादाद को लेकर कोई सीमा तय की जाएगी बल्कि गैर-कानूनी ढंग से घुसे शरणार्थियों को ब्रिटेन से बाहर धकेल रवांडा भेज दिया जाएगा। हालांकि सुनक वापस सरकार बना पाएंगे, इस बात की संभावना अब न के बराबर बताई जा रही है। इसका एक बड़ा कारण अब रिफॉर्म पार्टी के निगेल फराज भी हैं, क्योंकि उनकी पार्टी की विचारधारा सीधे रूप से कंजर्वेटिव्स से मेल खाती है और ऋषि सुनक से ज्यादा आक्रामक होने की वजह से वे सुनक के वोटों में अच्छी-खासी सेंध लगाते हुए दिखे हैं।

दूसरी ओर, सत्ता के करीब पहुंचती दिख रही लेबर पार्टी ने ब्रिटेन की जनता से ब्रिटेन को 'रिबिल्ड' यानी 'फिर से तैयार करने' का वादा किया है और बदलाव के नारे पर सवार होकर सत्ताधारी कंजर्वेटिव्स को विदा करने की ताक में है। कंजर्वेटिव्स से इतर, लेबर पार्टी की योजना में फर्क वहां दिखता है जहां लेबर पार्टी टैक्स घटाने-बढ़ाने की बजाय देश में ऐसा आर्थिक तंत्र बनाना चाहती है जहां लोगों की कमाई की क्षमता बढ़ाई जा सके। इसके अलावा प्रवासियों के प्रति भी लेबर पार्टी की योजना अलग हैं, जहां न केवल कंजर्वेटिव्स द्वारा लाई गई रवांडा पॉलिसी को समाप्त करने की बात है बल्कि प्रवासियों को ब्रिटेन आने से रोकने की बजाए ऐसे क़ानून लाने का विचार है जिससे अप्रवास व्यवस्थित ढंग से किया जा सके। जहां तक बात अंतरराष्ट्रीय संबंधों की है, विशेषकर ब्रेग्जिट के बाद ब्रिटेन के यूरोप से रिश्तों की, तो दोनों ही प्रमुख दलों ने यूरोप से रिश्ते सुधारने की बात कही है लेकिन विशेषज्ञों की मानें तो इन रिश्तों में असल बदलाव केवल लेबर पार्टी के आने पर ही देखा जा सकता है।

दिल्ली भी लंदन में संभावित बदलावों को करीब से देख रहा है क्योंकि इस चुनाव के बाद ब्रिटेन-भारत के रिश्ते पुनः परिभाषित होने हैं और दोनों देशों के बीच होने वाला व्यापार समझौता रिश्तों को नया आयाम देगा। यों तो ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी के 14 साल के शासन के दौरान भारत से संबंधों में बड़ा सुधार हुआ है पर अभी काफी कुछ होना बाकी है। भारत की अनेक चिंताओं में से एक ब्रिटेन में कुछ भारत-विरोधी गतिविधियों को मिलने वाला संरक्षण है। इसका एक हालिया उदाहरण है लंदन में स्थित भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी समर्थकों का हमला। हालांकि हमलावरों को बाद में गिरफ्तार जरूर कर लिया गया था पर ऐसी घटनाएं आगे भी हो सकती हैं। लेबर पार्टी की बात करें तो 1997 में उनकी सरकार के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच समझौता करवाने की पेशकश कर 'बिग ब्रदर' बनने का प्रयास करना व 2019 में अपने घोषणापत्र में कश्मीर का जिक्र करने जैसी घटनाएं भारत के प्रति लेबर पार्टी के रुख पर सवालिया निशान खड़ा करती हैं लेकिन कीर स्टार्मर ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भारत के प्रति अपने सद्भाव को स्पष्ट कर दिया है।

यह देखकर ऐसा कहना कि दोनों में से किसी भी पार्टी की सरकार में भारत-ब्रिटेन रिश्तों को मजबूती मिलना तय है, कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। स्टार्मर ने यह समय-समय पर साफ किया है कि उनका या उनकी पार्टी का कोई मानस नहीं है किसी देश के अंदरूनी मामलों में दखल देने का और ऐसा इसलिए कि लेबर पार्टी अपनी अंतरराष्ट्रीय नीतियां अपनी इच्छा से नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां देखकर बनाना चाहते हैं।

ब्रिटेन का यह चुनाव कई अर्थों में ऐतिहासिक है। इस चुनाव के बाद अंतरराष्ट्रीय स्थिरता कायम करने में ब्रिटेन को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी है। भारत व अनेक देशों से आने वाले प्रवासियों और शरणार्थियों का भी भविष्य तय होना है जो प्रत्याशित, अप्रत्याशित रूप से कई देशों को प्रभावित करेगा। बढ़ती महंगाई से त्रस्त ब्रिटिश नागरिक ब्रेग्जिट, कोविड और यूक्रेन-रूस युद्ध से प्रभावित ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के सुधरने का इंतजार कर रहे हैं। अगला प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर हों या ऋषि सुनक, जो भी ब्रिटेन को मौजूदा संकटों से बाहर निकालेगा, 'वर्ल्ड लीडर्स' की श्रेणी में आ खड़ा होगा। और यदि समय रहते ब्रिटेन के हालात काबू में नहीं आए तो स्थितियां बद से बदतर होती चली जाएंगी।

## फैक्ट फ्रंट

### भुट्टो की सरकार का हुआ था तख्तापलट



जनरल मोहम्मद जिया उल-हक के नेतृत्व में 5 जुलाई 1977 को पाकिस्तानी सेना ने जुल्फिकार अली भुट्टो की चुनी हुई सरकार का तख्तापलट कर देश के शासन पर कब्जा कर लिया था। भुट्टो को 4 अप्रेल 1979 को रावलपिंडी में फांसी दी गई थी। उनको कभी पाकिस्तान के सबसे ताकतवर नेताओं में गिना जाता था। इस वर्ष मार्च में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने भुट्टो के मुकदमे में हुई सुनवाई को संविधान के अनुरूप नहीं पाया। कोर्ट की नौ जजों की बेंच ने कहा कि भुट्टो के मामले की निष्पक्ष सुनवाई नहीं हुई।

**हाथरस हादसा :** समाज में शिक्षा का विस्तार हो, विवेक बुद्धि का विकास हो और व्यवस्था चाक चौबंद हो, तभी ऐसे हादसे रुक सकते हैं

# अंधविश्वास व अवैज्ञानिक सोच की गठरी को फेंक दीजिए



**गिरीश्वर मिश्र**
पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि, वर्धा
@patrika.com

भक्ति, समर्पण और जीवन में उत्कर्ष की आकांक्षा लिए इकट्ठा हुए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ में अचानक हुई भगदड़ के दौरान कई लोगों की मौत हो गई। यह विचलित कर देने वाला हादसा उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर हाथरस के एक गांव में हुआ और हमारे बीच कई तरह के सवाल छोड़ गया। इस भीषण दुर्घटना के केंद्र में सूरजपाल सिंह जाटव नामक पूर्व पुलिसकर्मी और अब स्वयंभू परमात्मा भोले बाबा नारायण साकार हरि नामक शख्स है। उसने पिछले कुछ वर्षों में पिछड़ी जातियों और गरीबों के बीच अपनी अच्छी खासी जगह बना ली है। यह अंधविश्वास फैलाया गया है कि साकार हरि के आश्रमों में लगे हैंडपम्प से निकलने वाला पानी रोगों की दवा है। यह बात भी फैलाई गई कि उसकी चरण-धूलि भी स्वास्थ्यवर्धक और बड़ी कल्याणकारी है।

हाथरस में घटनास्थल पर बाबा का प्रवचन और सत्संग चल रहा था। मौके पर पुलिस भी थी और दूसरे सरकारी अधिकारी भी, पर उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि जन समूह के हिसाब से स्थान नाकाफी है। इस समागम में दो लाख से अधिक लोग सत्संग का लाभ लेने के लिए उपस्थित हुए थे, हालांकि मुख्य सेवादार ने कार्यक्रम में सिर्फ अस्सी हजार लोगों के उपस्थित होने के लिए सरकारी स्वीकृति ली थी। एक गांव में दो-ढाई लाख की भीड़ का जुटना और वहां सत्संग में जमा रहना कम बात नहीं है। निश्चय ही उत्साह, उमंग, जिज्ञासा और अपना जीवन संवारने की अभिलाषा भीड़ जुटने का खास कारण होगा। भीड़ में सचेत व्यक्ति भी भीड़ के अचेतन व्यक्तित्व में खो जाता है। भीड़ सबसे अस्थिर और अस्थायी समूह होती है। भीड़ तकनीकी दृष्टि से मूलतः असंगठित होती है परंतु भीड़ में पहुंच कर सभी व्यक्तियों के भाव और विचार एक ही दिशा में बहने लगते हैं। भीड़ में भावनाओं पर सामूहिक प्रभाव दिखता है। व्यक्ति के अपने तर्क की जगह सामूहिक तर्क चलने लगते हैं। एक हद तक अदूरदर्शिता के साथ बुद्धि की जगह संवेदना और भावात्मकता काम करने लगती है। भीड़ में आ कर निजी या व्यक्तिगत विशेषताएं खो जाती हैं। अक्सर लोग मित्रों और परिचितों के साथ ही ऐसे जमावड़ों में जाते हैं। निजी स्व से सामाजिक पहचान ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो जाती है। भीड़ में आकर 'मैं' की जगह 'हम सब' और समूह के मानकों और मूल्यों को लोग अपना लेते हैं। सभी जुट जाते हैं और सभी एक ही चीज को पाने के लिए उद्यत रहते हैं और इसके चलते भीड़ शक्तिशाली हो जाती है।

गौरतलब है कि हाथरस की हृदयविदारक त्रासदी में ज्यादातर लोग समाज के हाशिए पर स्थित वंचित और गरीब तबके से आए थे। फर्जी बाबा, तांत्रिक और स्वामी गणों की अपने देश में आज भी एक लम्बी सूची है। यह घटना भी नई नहीं है, बल्कि पहले की घटनाओं की पुनरावृत्ति मात्र है। अंध-विश्वास और अवैज्ञानिक सोच आदि की गठरी सिर पर लिए हम सब विकसित भारत की यात्रा पर चल रहे हैं। भीड़ में भेड़-चाल चलते, लाचार और दुखियारे लोग इस तरह की घटनाओं के शिकार होते हैं। उनकी एक ही चाहत होती है कि उनको कष्टों से मुक्ति मिल जाए। ज्यादातर लाचार और बदहाल लोग ही हाथरस में हादसे के शिकार हुए हैं।

घायलों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना भी कठिन था। प्रशासन और आयोजक दोनों ही इस तरह की अनहोनी के लिए तैयार न थे। न एम्बुलेंस, न डॉक्टर, न ही अस्पताल की व्यवस्था। समानता, समता, समाजवाद, भाई-चारा, धर्म-निरपेक्षता, महिला सशक्तीकरण, गरीबी उन्मूलन आदि का नारा देश में पिछले कई दशकों से लगाया जा रहा है पर यह त्रासदी मंथन के लिए मजबूर कर रही है कि हम बहुत कुछ सतही स्तर पर ही करते रहे हैं। यह हादसा समाज और सरकार सबके लिए चेतावनी है। समाज में शिक्षा का विस्तार हो, विवेक बुद्धि का विकास हो और व्यवस्था चाक चौबंद हो, तभी ऐसे हादसे रुक सकते हैं।

# आपराधिक लापरवाही, जिम्मेदारी से नहीं बच सकते आयोजक



**आर.के. विज**
छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक रह चुके हैं
@patrika.com

हाल ही में उत्तर-प्रदेश राज्य के जिला हाथरस के ग्राम फुलरई में हुई भगदड़ में 120 से अधिक लोगों की जान चली गई जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। जिला प्रशासन द्वारा 80,000 लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी, जबकि मौके पर करीब दो-ढाई लाख लोग इकट्ठे थे। वर्ष 1954 के कुंभ मेले से लेकर हाथरस की इस घटना के बीच विभिन्न धार्मिक आयोजनों के दौरान कई हादसे हो चुके हैं। हालत यह है आज भी राष्ट्रीय स्तर पर कोई ऐसी नीति या कानून नहीं है जिसका पालन करना ऐसे आयोजनों में जरूरी हो। उत्तर-प्रदेश सरकार ने घटना की न्यायिक जांच के लिए एक कमेटी गठित की है जो एक मार्गदर्शिता भी तैयार करेगी। औषधि और चमत्कारिक उपचार अधिनियम, 1954 तथाकथित चमत्कारिक बाबा लोगों के उपचारों के रोकथाम में प्रभावी सिद्ध नहीं हुआ है। लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले ऐसे बाबाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए इस अधिनियम में भी संशोधन करने की आवश्यकता है।

वर्ष 2013 में आंध्रप्रदेश सरकार द्वारा 'आंध्रप्रदेश पब्लिक सेफ्टी प्रवर्तन अधिनियम' अधिसूचित किया गया था, जिसमें यह प्रावधान था कि जिस भी आयोजन में 100 से अधिक लोगों के आने की संभावना हो, वहां आने-जाने के रास्तों की निगरानी और नियंत्रण के लिए तकनीक की मदद ली जानी चाहिए। ऐसे स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करना अनिवार्य है। यह व्यवस्था आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस जांच में साक्ष्य एकत्रित करने के लिए बनाई गई है। हैरानी की बात है कि देश के विभिन्न भागों में जहां लाखों की भीड़ जमा होने की अनुमति दी जाती है, वहां ऐसी कोई शर्त नहीं लगाई जाती। वर्ष 1993 में बीआइपी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जस्टिस वर्मा कमेटी ने यह अनुशंसा की थी कि कार्यक्रम के आयोजक वीआइपी यात्रा के संबंध में अपडेटेड जानकारी पुलिस अधिकारियों से साझा करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें ताकि कोई चूक न हो। हालांकि उपरोक्त दोनों उदाहरण हाथरस की व्यवस्था पर सीधे लागू नहीं होते, परंतु इतनी सीख अवश्य ली जा सकती है कि किसी भी सुरक्षा व्यवस्था में आयोजकों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।

पुलिस अधिकारी जब किसी आयोजन की जिम्मेदारी स्वयं संभालते हैं तो वे लोगों के आने-जाने के रास्ते एवं आपातकालीन रास्ते की व्यवस्था जरूर करते हैं। लोगों के लिए पीने के पानी और एंबुलेंस की व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाती है। अस्पताल जाने का रास्ता सुरक्षित किया जाता है और चिकित्सकों को अलर्ट पर रखा जाता है। ऐसी व्यवस्था केवल ऐसे अति-विशिष्ट या विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए की जाती है जिन्हें समाजकंटकों से खतरा हो। धार्मिक आयोजनों में इतनी सघन सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता चाहे न हो, परंतु भीड़ को नियंत्रित एवं रेगुलेट करने और आपात स्थिति से निपटने के लिए कुछ निश्चित मापदंड अवश्य पालन करने चाहिए। पूरी भीड़ को कुछ सेक्टरों में बांटना, मल्टीपल रास्ते बनाना, लोगों को नियंत्रित एवं निर्देश देने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करना एवं आपातकालीन स्थिति के लिए मेडिकल व्यवस्था करना जरूरी होता है। अब यह जरूरी है कि 'उतावलेपन एवं लापरवाह' कृत्य को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य जुटाए जाएं ताकि मुख्य आयोजक एवं व्यवस्था के लिए जिम्मेदार सेवादारों के विरुद्ध आपराधिक लापरवाही का मुकदमा चलाया जा सके। अनुमान से अधिक भीड़ आने पर की जाने वाली व्यवस्था की पूरी जानकारी एकत्रित करनी होगी। जहां तक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने का प्रश्न है, यह देखना होगा आयोजन की अनुमति देते समय कौन-कौन सी व्यवस्था करने की शर्तें लगाई गई थी और पालना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी थी।

## प्रसंगवश

### मौसम की आड़ लेकर छुपा रहे हैं खुद की लापरवाही

**विद्युत आपूर्ति तंत्र दुरुस्त करने व बरसाती नालों की साफ-सफाई मानसून सक्रिय होने पर ही क्यों शुरू होती है**

तकनीक के दौर में अब आम तौर पर मानसून को लेकर सटीक भविष्यवाणी होने लगी है। मानसून कब और किधर से आएगा और कब कितने वेग से बारिश होगी, इसका भी आकलन होने लगा है। लेकिन सरकारी कामकाज में सुस्ती से ही नजर आ जाता है कि मौसम विभाग की चेतावनियों और भविष्यवाणियों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। चाहे विद्युत तंत्र को सुधारने की बात हो या फिर बरसाती नालों की साफ-सफाई की, ये तमाम काम तब शुरू होते हैं जब बरसात का दौर चरम पर होता है।

हैरत की बात यह है कि लापरवाही बरतने वाले तंत्र के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई होने की खबरें देखने-सुनने में नहीं आती हैं। उल्टे खास तौर से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी उजागर होती दिखे तो ठीकरा बरसात पर फोड़ना सबसे आसान होता है। बिजली आपूर्ति में व्यवधान का दौर बरसात में ज्यादा होता है। लेकिन विद्युत वितरण निगमों को ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) पर रखरखाव का जो काम पहले ही कर लेना था वह अभी तक जारी है। वैसे भी रखरखाव के नाम पर कभी भी बिजली कटौती कर देना आम बात हो गई है। चिंता इस बात की है कि मानसून सक्रिय होते ही समुचित तैयारी के अभाव में विद्युत तंत्र हांफने लगता है। रखरखाव किस तरह का हुआ, इसकी चुगली जरा-सी हवा चलने पर होने वाली बिजली कटौती कर देती है। बारिश के मौसम में बिजली के खंभों में करंट आने तथा जनहानि की खबरें भी हर साल आती हैं। माना कि प्रतिकूल मौसम के आगे बिजली कंपनियां लाचार हैं, लेकिन सामान्य बरसात में ही खंभों में करंट दौड़ने जैसे मामलों को तो सुधारा ही जा सकता है।

कमोबेश ऐसी ही कहानी दूसरे विभागों की भी है। शहरों में बरसाती जल निकासी के बंदोबस्त की पोल मामूली बरसात से खुल जाती है। बरसाती नाले व नालियों की सफाई के दावे हवा होते दिखते हैं। वर्षा जल निकासी का बंदोबस्त ठीक हुआ या नहीं, इसे जांचने का कोई पैमाना नहीं है। बरसात में जलमग्न सड़कें ही बताती हैं कि नालों की सफाई में भी पोल रखी गई है। घटिया निर्माण कार्य की पोल वे सड़कें भी खोलती हैं, जिनका डामर पहली बारिश में ही साफ हो जाता है। बहरहाल, काम किसी भी विभाग का हो, उसकी डेडलाइन तो तय होनी चाहिए। अन्यथा सरकारी कामों की लापरवाही मौसम की आड़ में यों ही नकाब ओढ़ती रहेगी और जिम्मेदार बचते रहेंगे।

**- महेन्द्रसिंह शेखावत**
mahendra.shekhawat@epatrika.com

## आत्म-दर्शन

### स्वभाव की यात्रा



**स्वामी अवधेशानंद गिरि**
@patrika.com

वर्तमान समय में भौतिकी सुख वांछाओं में अभिवृद्धि हो रही है और स्वार्थ की प्रबलता इतनी अधिक है कि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति प्रेम-अपनत्व की भावना गौण होती जा रही हैं। संवेदनाएं मात्र समाचार और सूचनाओं में परिवर्तित हो गई हैं। हम अपने उत्तरदायित्वों के प्रति उतने संवेदनशील और सजग नहीं हैं। निस्सन्देह हमें यह समझना होगा कि यांत्रिकी उपकरण और विविध तकनीकी विधाएं कभी भी आत्मीय सुख और प्रसन्नता का आधार नही हो सकते। आइये ! स्वाभाविक जीवन जीएं ..! स्वभाव की यात्रा का नाम ही अध्यात्म है। आध्यात्मिक यात्रा में हार-जीत, मान-सम्मान, लाभ-हानि का कोई महत्त्व नहीं है। अध्यात्म के साधक के लिए ये बहुत छोटी बातें हैं। सामान्य व्यक्ति ही यह सोचता है कि सब मुझसे आगे चले गए, मैं पीछे रह गया। आध्यात्मिक व्यक्ति कभी भी किसी से द्वेष की भावना नहीं रखता है। किसी से स्पर्धा ही करना चाहते हैं तो स्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। हमारा स्वभाव अच्छा होना चाहिए।

**अमरीका :** खास भू-संरचना ने दिलाया पहले राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा

**लावा** के सतह पर पहुंचने से पहले ठोस अवस्था में आने पर बनने वाली चट्टानों यानी 'इग्नेअस' से निर्मित पहाड़ी के रूप में चिह्नित भू-संरचना जिओमोर्फोलॉजी में 'ब्यूट' कहलाती है। अमरीका के व्योमिंग की क्रूक काउंटी में स्थित यह ब्यूट बेहद खास है। इसे 'ग्रिजली बेअर लॉज' या डेविल्स टॉवर भी कहते हैं। राष्ट्रपति थिओडोर रूजवेल्ट ने 24 सितंबर 1906 को इसकी खासियत के कारण इसे अमरीका के पहले राष्ट्रीय स्मारक के रूप में मान्यता दी थी। इस ब्यूट के 4, 5, 6 या 7 किनारों वाले कॉलम इसे खास बनाते हैं। पर्वतारोही करीब 130 सालों से इसके शिखर को छूने के लिए पर्वतारोहण के परंपरागत या आधुनिक तौर-तरीकों को आजमाते रहे हैं।



## आपकी बात

### विवेक का इस्तेमाल करें

**समस्याओं** से घिरे लोग फर्जी बाबाओं की शिकंजे में फंस जाते हैं। जनता को अपने विवेकका इस्तेमाल करना चाहिए। फर्जी बाबाओं से दूर ही रहना चाहिए।

**-राधेश्याम चौधरी,** जयपुर

**आज का सवाल**

**प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल बंद क्यों नहीं हो पा रहा?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

### पाठकों की प्रतिक्रियाएं

इसे स्कैन करें

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'फर्जी बाबाओं पर कैसे लगाम लगाई जा सकती है?' प्रतिक्रियाएं ऑनलाइन भी देखें।
https://shorturl.at/D20qT

जांजगीर-चांपा

## जहरीला मशरूम खाने से 12 बीमार, 4 की हालत गंभीर

**पत्रिका ब्यूरो @ जांजगीर-चांपा .** जिला मुख्यालय से लगे गांव कनई में गुरुवार की दोपहर को जहरीला मशरूम खाने से एक ही परिवार के 12 लोगों की तबियत खराब हो गई। उल्टी, दस्त के बाद सभी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। तीन बच्चे व एक महिला की स्थिति गंभीर है। फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। समीपस्थ गांव कनाई में एक ही परिवार के 12 लोगों की अचानक उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। एकाएक परिवार के बच्चों और बुजुर्ग की तबियत बिगडने से 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने सभी मरीजों को फूड पॉइजनिंग होने का उपचार शुरू कर दिया है। मरीज के परिजन छतराम ने बताया कि दोपहर 12 बजे घर के ही सदस्य खेत से मशरूम लेकर आए थे। जिसकी सब्जी खाने के बाद लगभग 3 बजे के आसपास एक-एक कर सभी की तबियत खराब होने लगी। कुसुल लता, ननकी नोनी, रामकृपाल, गेंदराम, सहित परिवार के 12 लोगों का उल्टी दस्त शुरू हो गया। सभी को 108 वेन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर इकबाल हुसैन ने बताया कि इसमें तीन बच्चों ओर एक महिला की हालत गंभीर है। सभी का इलाज जारी है।

## अड़ियल रवैये के चलते एक ही एजेंडे पर शाम तक होता रहा हंगामा

**पत्रिका ब्यूरो @ कवर्धा.** कवर्धा नगर पालिका में गुरुवार अपरान्ह 12 बजे के बाद सामान्य सभा की बैठक शुरु हुई। पहली बार बैठक के लिए 86 एजेंडे चर्चा करने के लिए तय गए थे। बैठक की शुरुआत हुई और पहले ही एजेंडे में कांग्रेसी पार्षदों ने कार्यवाहक अध्यक्ष का विरोध कर दिया। करीब आधे की बहस के बाद दूसरे एजेंडे पर पहुंचे। दूसरे एजेंडे को लेकर भी चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्षदों ने अपना अभिमत दिया, लेकिन इस पर ही पूरा दिन बीता दिया गया। ऐसा पहली बार है जब एक ही मुद्दे पर दोपहर से शाम हो गई। 2 नंबर के एजेंडे पर कांग्रेसियों की मांग रही कि अधोसंरचना मद की राशि से सौंदर्यीकरण न किया जाए। मूलभूत की राशि की मांग की जाए और उससे सौंदर्यीकरण कराया जाए।

**सुनो सरकार :** 1700 से अधिक लोगों ने अपनी रखीं शिकायतें, करीब 5 घंटे तक चला सीएम का जनदर्शन

# बच्ची के हाथ के ऑपरेशन के लिए सीएम ने दिया तत्काल डेढ़ लाख का चेक

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनदर्शन में गुरुवार को प्रदेशभर के 1700 से अधिक लोगों ने अपनी शिकायतें रखी। साथ कुछ जरूरतमंद लोगों ने बीमारियों से इलाज के लिए राशि प्रदान की मांग भी रखी। मुख्यमंत्री साय ने सभी से आवेदन लेकर उनकी समस्याएं सुनीं। पिछली बार की तरह इस बार भी सीएम साय ने मुख्यमंत्री निवास में निर्धारित समय से करीब तीन घंटे अधिक समय तक लोगों की समस्याएं सुनीं।

जनदर्शन निर्धारित समय 11.30 बजे शुरू हुआ, जो साढ़े 4 बजे तक चला। बीच में करीब 20 मिनट के लिए लंब ब्रेक भी रहा। जनदर्शन में कई ऐसे लोग भी आए थे, जिन्होंने पिछली बार दिए आवेदन का निराकरण होने पर सीएम को बधाई दे रहे थे। वहीं सीएम को अपनी समस्याएं और मांग रखने के लिए सीएम हाउस के बाहर लोगों की भारी भीड़ की कतार इस बार भी दिखी।

### विकलांग बच्ची को मंच पर बुलाकर परिजनों से सुनी व्यथा



**जनदर्शन** में मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि एक दस साल की विकलांग बच्ची दिव्या विश्वकर्मा बैठी हुई है। जिसके हाथ में विकृति है। परिवार की माली हालत खराब होने की वजह से बच्ची का इलाज नहीं हो पा रहा है। डॉक्टर्स का कहना है कि उसके हाथ का ऑपरेशन करके ठीक किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने तत्काल बच्ची को मंच पर बुलाया और उसके परिजनों से पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल आर्थिक सहायता के निर्देश दिए और एक घंटे के भीतर मुख्यमंत्री ने स्वयं बच्ची को डेढ़ लाख रुपए का चेक सौंप दिया।



जनदर्शन कार्यक्रम के लिए आए लोगों की भारी भीड़।

### श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को दो-दो लाख के चेक

**मुख्यमंत्री** साय ने जनदर्शन कार्यक्रम में नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 13 बच्चों को दो- दो लाख रुपए के चेक वितरित किए। इस राशि में एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि और स्कूटी खरीदने के लिए एक लाख रूपए की राशि शामिल है। योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2023-24 में टॉप-10 सूची में है, उन्हें इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

### किसान ने सीएम से कहा- पटवारी से हूं हलाकान, कार्रवाई करें

**जनदर्शन** में नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पौंसरी के किसान अशोक रजक ने सीएम से कहा, मेरे गांव के पटवारी के पास एक काम के लिए आवेदन दिया। कई दिनों तक संपर्क के बावजूद काम नहीं हो पा रहा इससे मैं हलाकान हो गया हूं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही बेमेतरा कलेक्टर को किसान के आवेदन की प्रगति के संबंध में जांच कर राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, यह भी देखें कि मामले में विलंब क्यों हुआ, यदि लापरवाही हुई है तो संबंधित पटवारी पर कार्रवाई की जाए।

### ओलावृष्टि से धान की फसल को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने का आग्रह

ग्राम सुखरी, कुशभाठा नगेडा, छतवन के किसान धान की फसल को धान की फसल ओलावृष्टि से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने की गुहार लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने जनदर्शन पहुंचे। मुख्यमंत्री ने किसानों की समस्या गंभीरतापूर्वक सुनीं और कलेक्टर बलौदाबाजार को इस प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को बलौदाबाजार जिले के सोनाखान तहसील के इन किसानों ने बताया कि हमारे गांवों में 2023 में ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगी थी, धान पक चुकी थी कि मई माह में जोरदार ओलावृष्टि हुई जिससे धान की फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पटवारी द्वारा फसल का निरीक्षण कर प्रकरण बनाकर तहसील में जमा कर दिया गया है। लेकिन हमें अब तक मुआवजा नहीं मिला है।

### मोटर साइकिल चोरी हो गई, चोरी हुई बाइक का आ रहा चालान

जनदर्शन में बाईक चोरी का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। बाइक मालिक के पास ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने का चालान आ रहा है। राजधानी रायपुर के चौबे कॉलोनी निवासी भूपेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री को अपनी व्यथा बताई कि कुछ समय पहले उनकी बाइक चोरी हो गई। अब दिक्कत यह है कि जिसने बाइक चुराई, वो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहा है और दो बार उनके पास दो हजार रुपए का चालान आ गया है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही कहा, बाइक मालिक की बाइक दिलाने के संबंध में भी कार्रवाई करें और उन पर जो चालान आया है उसे मुक्त करने के संबंध में कार्रवाई करें।

**सुविधा :** दो साल में रेलवे का जनरल कोचों का रेकॉर्ड निर्माण का लक्ष्य

# 10000 नान एसी कोच बनाएगा रेलवे

*हाई क्लास अमृत भारत एसएलआर कोच में सफर होगा आसान*

एक्सक्लूसिव

क्रांति नामदेव
patrika.com

**बिलासपुर.** जनरल कोच में यात्रा करने वाले मध्यम व गरीब वर्ग के यात्रियों को रेलवे बड़ी राहत देने वाला है। वर्ष 2024-25 और 2025-26 में रेलवे 10 हजार नान एसी कोचों के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इन कोचों के बनने से जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को अमृत भारत एसएलआर कोच में उच्च स्तरीय यात्रा का अनुभव मिलेगा। जनरल कोच के रेकॉर्ड निर्माण से यात्रियों की सुविधा में बढोतरी होगी।

वर्तमान में रेलवे में सफर करने वाले यात्रियों के लिए तमाम सुविधा स्लीपर व एसी कोच में दी जाती थी। जनरल कोच की संख्या धीरे-धीरे कम होती जा रही थी। इसे लेकर आम आदमी के लिए सस्ती यात्रा दिन ब दिन महंगी हो रही थी। रेलवे ने मध्यम वर्ग व गरीब तबके के यात्रियों के लिए बेहतर सुविधा वाली अमृत भारत ट्रेन की तर्ज पर 10 हजार एसएलआर कोच का निर्माण करने का निर्णय लिया है। भारतीय रेलवे आम यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए यह कदम उठाने का निर्णय लिया है।

अधिकारियों की माने तो दो साल में रेलवे ने जनरल कोच की रेकॉर्ड निर्माण का लक्ष्य रखा है। कोच निर्माण के बाद नान एसी कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी बेहतर यात्रा का अनुभव होगा। रेलवे ने कोच निर्माण के बाद सभी ट्रेनों में नान एसी जनरल कोच की संख्या बढ़ाएगी।



### इसी साल बनेंगे 5 हजार 3 सौ कोच

भारतीय रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5 हजार 3 सौ नान एसी कोच बनाने का निर्णय लिया है। उत्पादन में नान एसी कोच के साथ ही रेलवे अमृत भारत नान एसी स्लीपर कोच 1, 470, 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन व 55 पेंट्री कार वैगन बनाने की योजना है। वित्तीय वर्ष 2026 में अमृत भारत जनरल कोच 2 हजार 710, अमृत भारत स्लीपर कोच 1 हजार 910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच 5 सौ 14, 2 सौ उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन व 110 पेंट्री कार बनाएगी।

### यातायात के क्षेत्र में अधिक संभावना पर फोकस

भारतीय रेलवे यातायात के क्षेत्र में सबसे बड़ी संस्था है। सस्ती व बेहतर यात्रा के लिए सर्वाधिक यात्री रेलवे से ही यात्रा करते है। रेलवे में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे मंत्रालय कोचों की आवश्यकता को पूरी करने के लिए वार्षिक कोच उत्पादन की योजना पर काम कर रहा है। रेलवे अधिकारियों की माने तो कोचों का उत्पादन आवश्यकता के अनुरूप किया जा रहा है।

यात्रियों की बेहतर सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे जनरल एसएलआर कोच निर्माण कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024 से 2026 के बीच यात्रियों नए कोच की सुविधा मिलने लगेगी। अमृत भारत योजना के तहत बन रहे नान एसी कोच यात्रियों के बेहतर यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगा।इससे सस्ता और सुगम यात्रा का साधन प्रशस्त होगा।

**-विकास कुमार कश्यप,**
सीपीआरओ एसईसीआर जोन

**संकट :** अकलतरा-नैला सेक्शन में आटो सिग्नलिंग कार्य

# रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी समेत 21 ट्रेनें 11 से 16 तक कैंसिल

### हसदेव एक्सप्रेस, गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू, टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर भी प्रभावित

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** अकलतरा-नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी व ऑटो सिग्नलिंग लगाने के चलते रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी समेत 21 ट्रेनें 11 से 16 तक कैंसिल रहेंगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक आटो सिग्नलिंग कार्य कार्य व साइडिंग कनेक्टिविटी पूरा करने के बाद ट्रेनों की समय बद्धता में काफी सुधार होगा।

आटो सिग्नलिंग प्रणाली का काम पूरा होने के बाद एक ही लाइन में कुछ अंतराल पर ट्रेनों का परिचालन होगा। इससे सुरक्षा के साथ संरक्षा को बल मिलेगा व आटो सिग्नलिंग प्रणाली लगने के बाद इस रूट पर दुर्घटना की संभावना कम हो जाएगा। वर्तमान में बिलासपुर से जयराम नगर तक आटो सिग्नलिंग प्रणाली के माध्यम से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।



**रद्द होने वाली एक्सप्रेस ट्रेन**

- 18113 /18114 बिलासपुर-टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12069 / 12070 रायगढ़-गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस
- 18249 / 18250 कोरबा-रायपुर-कोरबा, हसदेव एक्सप्रेस
- 18251 / 18252 कोरबा- रायपुर-कोरबा, हसदेव एक्सप्रेस

**11 से 16 जुलाई के बीच रद्द होगी यह पैसेंजर**

- 08737 / 08738 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू
- 08735 / 08736 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू
- 08731 / 08732 बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू
- 08279 / 08280 रायपुर-कोरबा-रायपुर पैसेंजर
- 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर
- 08861 / 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू
- 08263 / 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर

**10 से 17 के बीच बिलासपुर से चलेंगी व समाप्त होगी यह ट्रेन**

- 18517 / 18518 कोरबा-विशाखापट्टनम-कोरबा एक्सप्रेस
- 18109 / 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी- टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस
- 18237 कोरबा-अमृतसर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस
- 12251 / 12252 कोरबा- यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस
- 22647 / 22648 कोचुवेली- कोरबा-कोचुवेली एक्सप्रेस
- 12409 / 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस

**हादसा :** अंबिकापुर-बिलासपुर एनएच की घटना

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**उदयपुर.** अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी में बुधवार की रात सडक़ हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के जगन्नाथपुर निवासी आशीष पैंकरा (32) समाजसेवी गंगाराम पैंकरा व लखनपुर जनपद अध्यक्ष मोनिका सिंह का पुत्र था। वह टेंट का व्यवसाय करता था। बुधवार की रात वह गांव के ही साथी सेवक राम (32) के साथ अपनी बाइक से उदयपुर की ओर जा रहा था। रात करीब 9 बजे अंबिकापुर-उदयपुर मार्ग पर अलकापुरी पेट्रोल पंप के पास उन्होंने एक वाहन को ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार में आ रहे डंपर से उनकी आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दौरान बाइक डंपर के नीचे घुस गई और करीब 50 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों का सिर व शरीर डंपर से टकराकर क्षत-विक्षत हो गया था।

**अबुझमाड़ मुठभेड़ :** सेंट्रल कमेटी पदाधिकारियों की सुरक्षा में तैनात थे पांचों नक्सली

## मृत नक्सलियों की शिनाख्त, सभी पर था 8-8 लाख का इनाम

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नारायणपुर.** अबुझमाड़ मुठभेड़ में ढेर हुए नक्सलियों की गुरुवार को शिनाख्तगी हो गई। सभी मृत नक्सली पीएलजीए की कंपनी नंबर एक के लड़ाके थे, जो कि सेंट्रल कमेटी के पदाधिकारियों की सुरक्षा में तैनात थे। इन सभी पर आठ-आठ लाख का इनाम घोषित था। बता दें कि 48 घंटे तक अलग-अलग स्थानों में चली मुठभेड़ में ये पांचों नक्सली मारे गए थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में राकेश (35) ,कोंडा तोगड़ा (30), एडमा वड्डे (40) ,कमलू वड्डे (40) , फरसा तुमड़ा (30) शामिल है। इन सभी पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वही माड बचाव अभियान के दौरान नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से 2 आईईडी ब्लास्ट कर सुरक्षा बलों को जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई।

इस जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर 3 नक्सलियों को हिरासत में लिया, इनमें 2 को घायल होने से जगदलपुर अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है, इनके नाम गोर्रा वड्डे, बुद्धू कुमड़ा और कोसा हैं।



नक्सलियों के ठिकानों से बरामद हथियार।

**फरमान:** धमतरी के ग्राम पंचायत माकरदोना का मामला

## गरीब किसान परिवार झेल रहा बहिष्कार का दंश

### बात करने वालों पर भी है एक हजार का दंड

**किसान की जमीन पर सड़क बनाने से उपजा विवाद** | **मनरेगा का गांव भी नहीं होने दिया** | **पीड़ित परिवार के साथ सीएम हाउस, मानव अधिकार आयोग के काट रहा चक्कर**

नारद योगी
patrika.com

**रायपुर.** छोटे बच्चों और महिलाओं के साथ न्याय के लिए कभी सीएम हाउस, तो कभी मानव अधिकार आयोग के पिछले कई माह से चक्कर काट रहा है रामअधार साहू का परिवार। दरअसल इस परिवार का धमतरी के ग्राम माकरदोना पंचायत ने बहिष्कार कर रखा है। इस परिवार के लोगों से कोई बातचीत नहीं करता है और न ही लेन-देन कर रहा है। इनका हुक्कापानी भी बंद कर दिया गया। इनसे बात करने वालों को 1 हजार का दंड लेने की घोषणा कर रखी है। करीब 8 माह से रामअधार और उनके भाइयों का परिवार इससे परेशान हैं। उनका गांव में जीना मुहाल हो गया है। गुरुवार को रामअधार शिकायत लेकर अपने परिवार सहित मानव अधिकार आयोग कार्यालय पहुंचे थे। रामअधार ने बताया कि गांव में उनके पिता की जमीन है, जो गंगरेल बांध प्रभावितों को राहत के रूप में मिली थी। इसे ग्राम पंचायत वालों ने सरकारी बता दिया। इसके बाद उसमें मुरुम डालकर आम रास्ता बना रहे हैं। इसका उन्होंने विरोध किया, तो ग्राम पंचायत वालों ने उनका व उनके परिवार का हुक्का पानी बंद कर दिया है। गांव में सार्वजनिक बैठक करके उनसे किसी भी तरह का लेन-देन बंद कर दिया गया। इसकी शिकायत मानव अधिकार आयोग में की गई है। मनरेगा के तहत उनके खेत में भूमि सुधार होना है।

### पुलिस वाले भी धमका रहे

रामअधार ने बताया कि केरेगांव पुलिस भी बिना सूचना या नोटिस के बुलाकर उन्हें धमका रही है। उन्हें प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के लिए धमकाया जा रहा है। अपनी जमीन को लेकर सिविल न्यायालय में मामला लगाए हैं, जिससे गांव वाले नाराज होकर तरह-तरह के प्रतिबंध लगा रहे हैं।

इस मामले की जानकारी ली जाएगी। इसके बाद उचित पहल की जाएगी।
**-नम्रता गांधी,**
कलेक्टर, धमतरी, रायपुर

**मान्यता** खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम पाड़ादाह में कंबल बेचने वालों ने कराया था मंदिर का निर्माण

# यहां रथ नहीं, कंधे पर सवार होकर निकलते हैं भगवान जगन्नाथ

एक्सक्लूसिव

मोहन कुलदीप
patrika.com

**राजनांदगांव.** खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम पाड़ादाह में स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर निर्माण का किस्सा बड़ा रोचक है। इस ऐतिहासिक मंदिर को ओड़िसा के कंबल बेचने वालों ने सालों पहले बनवाया था। आज यह मंदिर पूरे अंचल में आस्था का एक बड़ा केन्द्र बना हुआ है। रोचक तथ्य यह भी है कि इस मंदिर में पुरी की तरह भगवान जगन्नाथ को रथ में बिठाकर भ्रमण नहीं कराया जाता बल्कि पुजारियों के कंधे पर बैठकर जग के नाथ मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हैं। मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि किसी ने भी इस परंपरा को तोडऩे का प्रयास किया, उसके साथ अनहोनी हुई है। इसलिए पूर्वजों के बताए गए परंपरा के अनुसार ही रथयात्रा का पर्व मनाया जाता है। इस बार भी यहां तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा। 6 जुलाई को अखंड राम संकीर्तन की शुरुआत होगी। लगातार 24 घंटे पाठ होगा। 7 जुलाई को 11 बजे संकीर्तन का समापन करने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथ को कंधे पर बिठाकर मंदिर परिसर की परिक्रमा कराई जाएगी।



फाइल फोटो

**दो-दो रुपए नजराना** व्यापारी भगवान कृष्ण पर आधारित भजन प्रस्तुत करते थे। भजन की शानदार प्रस्तुति होती थी। आसपास के गांव में इसकी चर्चा होने लगी थी। रानी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने फेरी वालों को अपने दरबार में बुलाया। व्यापारियों ने कृष्ण भजन की प्रस्तुति दी। रानी को भजन इतना अच्छा लगा कि उन्होंने क्षेत्र में हुक्मनामा जारी कर दिया कि जितने भी मालगुजार हैं, वे इन भजन गायकों को दो-दो रूपए नजराना के तौर पर देंगे।

### और ऐसे हुआ मंदिर का निर्माण



**इस** तरह व्यापारी कंबल बेचने के साथ ही गांव-गांव में भजन-कीर्तन करने लगे। इससे व्यापारियों के पास बहुत सारा धन एकत्रित हो गया। व्यापारियों ने क्षेत्र की जनता का स्नेह देखकर राजा के पास प्रस्ताव रखा कि वे पाड़ादाह में भगवान जगन्नाथ का मंदिर बनाएंगे। इसके साथ ही यहां मंदिर निर्माण हो गया। अध्यक्ष झा ने बताया कि मंदिर बनाने वाले व्यापारियों को भगवान ने स्वप्न में कहा था कि वे रथ में सवार होकर बाहर नहीं बल्कि मंदिर परिसर में ही परिक्रमा करेंगे। इसके बाद से परंपरा चल रही है कि भगवान को रथ पर नहीं बिठाते बल्कि पुजारी परिवार के सदस्य कंधे पर बिठाकर मंदिर परिसर में ही भ्रमण कराते हैं।

### कभी राजनांदगांव की राजधानी थी पाड़ादाह

इस आयोजन में क्षेत्र के हजारों लोगों की मौजूदगी रहती है। यहां आस्था उमड़ पड़ती है। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष मिहिर झा ने बताया कि रियासतकाल में पाड़ादाह राजनांदगांव की राजधानी थी। इसलिए यह गांव प्रमुख केन्द्र था। व्यापारिक रूप से भी इस गांव की पूछपरख थी। बाहर से आने वाले व्यापारी राजधानी में ठहरते थे। 1920-21 की बात है जब ओड़िसा से यहां कंबल बेचने वाले व्यापारी पहुंचे थे। फेरी लगाकर कंबल बेचने वाले व्यापारी पाड़ादाह में रात्रि विश्राम करने के साथ भजन-कीर्तन किया करते थे।



## बालाघाट में बसा सारस का संसार

**बालाघाट@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस का दिल देश के हृदय-प्रदेश पर आ गया है। बालाघाट जिले के वातावरण की खूबी इस खूबसूरत पक्षी को भा गई है। महाराष्ट्र के गोंदिया, भंडारा और मध्यप्रदेश के बालाघाट में हुई गणना के आंकड़े वन्य जीव प्रेमियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। महाराष्ट्र के गोंदिया में 28, भंडारा में 04 के साथ बालाघाट में सर्वाधिक 45 सारस पाए गए हैं।

**फोटो**-मुकेश यादव

### विंध्य एक्सप्रेस-वे से होगी शुरुआत, 50 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

# राजधानी को जोड़ने वाले रास्ते पर बनेंगे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** भोपाल के प्रवेश और निकासी के मुख्यमार्गों पर आने वाले दिनों में नई इंडस्ट्रीज देखने को मिलेंगी। शहर में आवाजाही के मुख्य रास्तों को सरकार औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने जा रही है। एमपीआरडीसी और नेशनल हाइवे मिलकर सड़क के किनारों को विकसिक करेंगे। जिला प्रशासन से शहर से जुड़े पांच रास्तों के आसपास की जमीनों पर डिटेल रिपोर्ट मांगी गई हैं।

#### 676 किमी लंबा एक्सप्रेस बनेगा

विंध्य एक्सप्रेस-वे से इसकी शुरुआत होगी। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में यह प्रस्ताव तैयार हुआ था। मौजूदा डॉ. मोहन सरकार इसे आगे बढ़ा रही है। भोपाल से सागर, दमोह होते हुए सिंगरौली तक 676 किमी लंबा एक्सप्रेस-वे बनेगा। इसमें इंडस्ट्रियल कॉरीडोर भोपाल से जुड़े हिस्सों में ही होगा। इंदौर, मंडीदीप, रायसेन रोड से लेकर नरसिंहगढ़ रोड के किनारे भी इसके लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है। नर्मदा प्रगति पथ भी भोपाल के पास नसरूल्लागंज से गुजरेगा और इसके किनारे भी इंडस्ट्रियल कॉरीडोर होगा।

#### मुख्यमार्ग से जोड़ने बायपास बनाएंगे

गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया को एयरपोर्ट व मुख्यमार्ग से कनेक्टिविटी देने के लिए भोपाल बायपास को रत्नागिरी तिराहा से एयरपोर्ट के पास आशाराम तिराहा तक आठ लेन करने की कवायद जारी है।

#### एक नजर

- 05 रास्तों पर इंडस्ट्रियल एरिया की योजना
- 200 उद्यम प्रत्येक रोड पर विकसित होंगे
- 50 हजार के लिए रोजगार की स्थिति बनेगी

शहर से लगी सड़कों के किनारे नए उपनगर विकसित होंगे। एजेंसियों को जमीन देखने के निर्देश दिए हैं। शहर किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से रोजगार की स्थिति भी सुधरेगी।
**कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर

## न्यूज शॉर्ट्स

### टपकते पानी में परीक्षा देने को मजबूर हुए छात्र

**जबलपुर.** रानी दुर्गावती विवि के परीक्षा केंद्रों में अव्यवस्था के कारण परीक्षार्थी परेशान हो रहे हैं। बारिश में कमरे की छत से पानी टपकता है। छात्रों को टूटी टेबल-कुर्सी पर बैठाया जाता है। छात्रों ने कार्यपरिषद सदस्य चंद्रशेखर पटेल को शिकायत दी है। डीएन जैन कॉलेज में गुरुवार को एलएलबी द्वितीय व छठे सेमेस्टर की परीक्षा थी। कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्र ने कहा, शिकायत मिली है। उचित कार्रवाई की होगी।

### पेट्रोलिंग न होने से हाइवे पर गोवंशों का जमघट

**नरसिंहपुर.** जिले में तीनों हाईवे पर एनएचएआइ द्वारा सतत पेट्रोलिंग न किए जाने से गोवंश की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से कई गोवंश की असमय मौत हो रही है, वहीं कई घायल हो रहे हैं। यह समस्या नरसिंहपुर-सागर और भोपाल-जबलपुर हाईवे के अलावा नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा हाईवे पर ज्यादा है।

### जेवर और नकदी के साथ महिला लापता

**जबलपुर.** घर से जेवर और नकदी लेकर एक महिला लापता हो गई। इसकी शिकायत पति ने कटंगी पुलिस से की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया, महिला का विवाह 17 साल पहले हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। पति ने बताया कि उसने माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 80 हजार रुपए लोन लिया था। घर में भी 20 हजार रुपए और कुछ जेवर रखे थे। पत्नी उसे ले गई।

### घर में अकेली किशोरी की चाकू से गोदकर हत्या

**जबलपुर.** चरगवां के ग्राम कुलोन में गुरुवार को दिनदहाड़े 116 वर्षीय किशोरी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। घर पर वह अकेली थी। पुलिस ने आरोपी पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। बरगी सीएसपी सुनील नेमा ने बताया, किशोरी मौसी के घर पर रहती थी। वह भैंस चराकर दोपहर में घर आ गई। तभी गांव का ईशू पटेल आया और चेहरे और सीने पर चाकू से वार कर दिया।

### @10 जिले तापमान

कहां- कितना

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 29.5 | सागर | 31.4 |
| भोपाल | 30.6 | सतना | 32.7 |
| शिवपुरी | 31.0 | जबलपुर | 28.0 |
| खजुराहो | 33.8 | नौगांव | 30.0 |
| दमोह | 33.0 | इंदौर | 29.3 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

### जिम्मेदारों का नहीं ध्यान, प्रदेश में सरप्लस हैं करीब 20 हजार शिक्षक

# कैसे हो पढ़ाई! 1286 स्कूल ऐसे जहां एक भी शिक्षक नहीं

आशीष पाठक
patrika.com

**रतलाम.** राज्य सरकार ने 2024-25 के बजट में प्राथमिक, माध्यमिक और अन्य श्रेणी के सरकारी स्कूल के उन्नयन के लिए राशि देने की घोषणा की है। सरकार के इस कदम से स्कूल तो बेहतर हो जाएंगे, लेकिन इनमें पढ़ाने वाले कहां से आएंगे ? ये ऐसा सवाल है, जिसका जवाब बजट में नहीं है, क्योंकि अभी भी प्रदेश में 1286 सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है।

ये भी कहा जा सकता है कि ये स्कूल बगैर स्थायी शिक्षक के चल रहे हैं। इस सूची में अव्वल हैं, सिंगरौली के 115, रीवा के 85, देवास में 80 और रतलाम के 21 स्कूल। अधिकांश आदिवासी क्षेत्र के गांवों में हैं। इसी कारण यदि यहां किसी को पदस्थ भी किया जाता है, तो कोई आना नहीं चाहता है। दूसरी विसंगति ये भी है कि राज्य कई सरप्लस शिक्षक वाले स्कूल चल रहे हैं। यहां सरप्लस शिक्षकों की संख्या 20 हजार से अधिक हैं।

#### यहां केवल एक शिक्षक

| जिला | स्कूल संख्या |
|---|---|
| शिवपुरी | 416 |
| सतना | 408 |
| रीवा | 402 |
| विदिशा | 336 |
| सागर | 267 |
| सिंगरौली | 277 |
| देवास | 259 |
| राजगढ़ | 223 |
| मंदसौर | 200 |
| छतरपुर | 185 |
| पन्ना | 172 |
| ग्वालियर | 163 |
| निवाड़ी | 162 |
| सीहोर | 157 |
| खरगोन | 149 |
| टीकमगढ़ | 145 |
| कटनी | 136 |
| नर्मदापुरम | 130 |
| खंडवा | 127 |
| दमोह | 126 |
| भिंड | 117 |
| उज्जैन | 116 |
| अशोकनगर | 113 |



#### रतलाम में 642 सरप्लस शिक्षक

**यदि** इस आंकड़े को रतलाम जिले में परखें, तो 642 शिक्षक सरप्लस हैं। इनमें सबसे अधिक रतलाम में 348, जावरा में 130, आलोट में 89, पिपलौदा में 69 पदस्थ हैं। जबकि एक शिक्षक की उपस्थिति वाले रतलाम जिले में 88 स्कूल हैं। जिले में ऐसे भी स्कूल हैं, जहां एक भी शिक्षक नहीं है। जिले में ऐसे स्कूलों की संख्या 21 है। इनमें आलोट में 13, जावरा में 4, रतलाम में 3 पिपलौदा में एक स्कूल शामिल है।

#### यहां हैं सरप्लस

| जिला | सरप्लस की संख्या |
|---|---|
| बालाघाट | 1477 |
| भिंड | 1165 |
| भोपाल | 1134 |
| छिंदवाड़ा | 1237 |
| देवास | 1003 |
| ग्वालियर | 1225 |
| इंदौर | 1399 |
| मुरैना | 1103 |
| राजगढ़ | 1159 |
| रीवा | 1415 |
| सागर | 1446 |
| सतना | 1513 |
| उज्जैन | 1183 |

#### सही किया जाएगा

जहां शिक्षक नहीं है, वहां अतिथि शिक्षक को नियुक्त कर पढ़ाई करवाई जा रही है। जहां तक सरप्लस शिक्षक का मामला है, यह पूर्व में सही कर दिया था। कुछ रह गया, तो सही किया जाएगा।
**- केसी शर्मा,** जिला शिक्षा अधिकारी

**भेदभाव समाप्त हो**

**मप्र शिक्षक** कांग्रेस अध्यक्ष सर्वेश माथुर से बताया, राज्य में अधिकांश महानगर और बड़े शहर में सरप्लस शिक्षक हैं। शहरी सुविधा मिलती रहे, इसलिए इनके अंचल में तबादले नहीं होते हैं। अतिथि शिक्षक की परंपरा समाप्त कर सभी को नियमित किया जाए और सरप्लस शिक्षक को वहां पदस्थ किया जाए, जहां एक भी शिक्षक नहीं है।

### इंदौर में खड़ा था ट्रक, बिहार में हो गया रजिस्टेशन

**इंदौर@पत्रिका.** ट्रक मालिक फर्जीवाड़े का शिकार हो गया है। उसका ट्रक इंदौर में है, लेकिन रजिस्ट्रेशन बिहार में हो चुका है। बड़ा गणपति क्षेत्र की श्रमिक कॉलोनी निवासी जितेंद्र लक्ष्मीनारायण प्रजापति ने 2016 में ट्रक खरीदा था। रजिस्ट्रेशन नगालैंड के कोहिमा में करवाया। जब उन्होंने ट्रक का फिटनेस व टैक्स जमा करने कोहिमा आरटीओ में संपर्क किया तो पता चला, ट्रक तो पटना (बिहार) में ट्रांसफर हो चुका है। प्रजापति ने कोहिमा और पटना आरटीओ के साथ फर्जी मालिक कुमार गौतम निवासी पटना को कानूनी नोटिस भेजा है।

### प्रीमियम ट्रेनों में भोजन के लिए बनेंगी नई बेस किचन

**ग्वालियर@पत्रिका.** वंदे भारत, गतिमान एक्सप्रेस समेत कई ऐसी प्रीमियम ट्रेनें हैं, जिनमें आइआरसीटीसी के लाइसेंसी यात्रियों को भोजन परोसते हैं। इन्हीं ट्रेनों में कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें यात्रियों को परोसे गए भोजन में कीड़े और मांस के टुकड़े निकले हैं। इस लापरवाही पर रोक लगाने ग्वालियर के साथ झांसी में आइआरसीटीसी नई बेस किचन खोलने जा रहा है। इस बार किचन की निगरानी आइआरसीटीसी के साथ रेलवे भी करेगा। प्रीमियम ट्रेनों में भी काफी संख्या में यात्री ट्रेनों का ही खाना बुक करते हैं।

### शहडोल के देवरी घाट में हादसा

# कार्यक्रम से लौट रही बस खाई में गिरी, 40 घायल



**शहडोल@पत्रिका.** देवरी घाटी में सामाजिक कार्यक्रम से लौट रही बस खाई में गिर गई। हादसे में घायल 40 लोगों को ब्यौहारी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी अनुसार मैहर से कोल समाज के लोग ब्यौहारी में पारिवारिक कार्यक्रम में आए थे। गुरुवार सुबह बस से कर्रा के लिए रवाना हुए, इसी दौरान तेज रफ्तार बस देवरी घाटी में अनियंत्रित होकर 25 फीट नीचे खाई में पलट गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। सूचाना पर पहुंची ब्यौहारी थाना पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। करीब दो घंटे रेस्क्यू के बाद घायलों को सिविल अस्पताल ब्यौहारी में भर्ती कराया।

थाना प्रभारी अरुण पांडेय ने बताया, जानकारी लगते ही पूरा स्टाफ मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुट गया। जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। बस सतना की है, घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। वहीं खलासी को चोट आने पर भर्ती कराया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में पिता पर एफआइआर

**ब्यावरा@पत्रिका.** नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ उसी के पिता ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर पिता के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। नए कानून के तहत यह पहला मामला है, जो जीरो पर ब्यावरा थाने में दर्ज किया और ऑनलाइन नरसिंहगढ़ भेज दिया गया। पीड़िता ने अपनी मां के साथ पहुंचकर पुलिस के सामने दुख बयां किया। आरोप लगाया, 11 अक्टूबर 2023 को मुझे अकेला पाकर पिता ने मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। धमकी दी कि किसी को बताया तो तेरे भाइयों को मार डालूंगा। फिर 19 मई 2024 को दुष्कर्म किया। इसे बाद परिजन थाने पहुंचे।

### बागेश्वर धाम प्रमुख ने जन्मोत्सव पर कहा-

# जो अपनों की सुरक्षा न कर पाएं, वहां जाने से बचें : धीरेंद्र शास्त्री

**छतरपुर@पत्रिका.** बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरन्द्र कृष्ण शास्त्री ने हाथरस में हुए हादसे को लेकर बड़ा बयान दिया है। शास्त्री ने कहा, जो अपने लोगों की सुरक्षा न कर पाए, ऐसी जगह जाने से बचना चाहिए। हाथरस हादसे पर पंडित शास्त्री ने बिना किसी का नाम लिए कहा, मैंने कभी नहीं सुना कि जूता पहनकर सत्संग किया जाता है, जो घटना हाथरस में घटी वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

गुरुवार को अपने 28वें जन्मदिन पर उन्होंने कहा, बुरा मत मानना, जब मंदिर में मूर्ति से ज्यादा पुजारी पूजे जाने लगते हैं तो उस देश में अंधविश्वास बढ़ जाता है। जन्मदिन पर हमारा यही संकल्प है कि हिंदू,



हिंदुत्व और हिंदुस्तान, इस तीन की चर्चा को लेकर पैदल यात्राएं करेंगे। हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए और तेजी से कार्य करेंगे। वहीं शादी को लेकर उन्होंने हंसते हुए कहा, उम्र तो घट रही है, लेकिन शादी तो बुढ़ापे में भी हो सकती है, जल्द ही ब्याह होगा।

### आचार्य समयसागर ने बताया श्रमण संस्कृति की बड़ी क्षति

# बुंदेलखंड के प्रथम आचार्य विरागसागर की महाराष्ट्र के जलाना में संलेखना समाधि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दमोह.** राष्ट्रसंत गणाचार्य विरागसागर महाराज की संलेखना समाधि बुध-गुरुवार की मध्यरात्रि 2.30 बजे महाराष्ट्र के जालना में हो गई है। रात से ही यह खबर जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से आई लोग स्तब्ध रह गए। खबर के साथ समूचे जैन समाज में शोक व्याप्त है। सभी इष्ट भगवान के समक्ष जप करते हुए प्रार्थना में लीन नजर आए। 2024 में जैन श्रमण संस्कृति के दो बड़े संघों के नायक (आचार्यों) की समाधि होने से सकल जैन समाज स्तब्ध है। फरवरी में आचार्य



विद्यासागर के बाद अब दूसरे बड़े संघ के आचार्य विराग सागर की समाधि हुई है। कुंडलपुर में विराजमान आचार्य समय सागर ने भी आचार्य विरागसागर को श्रमण संस्कृति की बड़ी क्षति बताया।

#### 1963 में पथरिया में हुआ था जन्म

आचार्य विराग सागर का जन्म 2 मई 1963 को दमोह जिले के पथरिया में हुआ था। बचपन से ही सूर्य की तरह चमक और बुद्धि के धनि बालक अरविंद (बचपन का नाम) ने पथरिया के ही शासकीय प्राथमिक शाला में पांचवीं तक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद 1974 में 11 वर्ष की आयु में ही उन्होंने वैराग्य का रास्ता धारण किया। साधु-संतों के साथ अरविंद का ज्ञान बढ़ता गया। प्रेरित होकर उन्होंने जिन शासन में अपना योगदान देने का मन बना लिया था।

### फैसला : 2015 में कॉन्स्टेबल की परीक्षा का मामला

# नौ साल बाद परीक्षार्थी और सॉल्वर को 4-4 साल की सजा

**ग्वालियर@पत्रिका.** विशेष सत्र न्यायालय ने एसएससी जीडी कॉन्स्टेबल की परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले परीक्षार्थी व सॉल्वर को चार-चार साल की सजा सुनाई है। 2500-2500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने दोनों को परिवीक्षा का लाभ देने से इनकार करते हुए सजा काटने जेल भेजने का आदेश दिया। परीक्षा 4 अक्टूबर 2015 को कराई थी। मुरार स्थित प्रगति विद्यापीठ स्कूल में कक्ष क्रमांक 106 में रामाधार सिंह निवासी मेहगांव भिंड परीक्षा दे रहा था। दस्तावेज की जांच पर प्रवेश पत्र और अभ्यर्थी का फोटो मिलान नहीं हुआ। जब पूछताछ की गई, तो मामले का खुलासा हुआ।

#### रामाधार नहीं, दशरथ

परीक्षा कक्ष में बैठे अभ्यर्थी ने बताया, वह धौलपुर का दशरथ है और रामाधार की जगह परीक्षा दे रहा था। पुलिस ने दिसंबर 2015 में चालान पेश किया।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**इंदौर**

### गड्ढे में गिरी बच्ची, कंपनी पर 1 लाख जुर्माना

**इंदौर.** नर्मदा कनेक्शन के लिए खोदे गए गड्ढे में बच्ची के गिरने के बाद नगर निगम ने गुरुवार को एक्शन लिया है। निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने एल एंड टी कंपनी पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। साथ ही असिस्टेंट इंजीनियर व सब इंजीनियर का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। वार्ड 1 के अम्मार नगर में घटना हुई थी।



**अनूपपुर**

### बारिश से बाधा, हाथियों को खदेड़ने में नाकाम टीम

**अनूपपुर.** बीते 19 दिन से छत्तीसगढ़ से आए दो हाथी अनूपपुर एवं जैतहरी क्षेत्र के जंगलों में विचरण करते हुए ग्रामीणों के घर व फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दोनों हाथियों को जिले की सीमा से बाहर खदेड़ने में एक्सपर्ट भी बेबस हैं। हाथी सभी को चकमा देते हुए लेन्टना की झाड़ियों में छिप जाते हैं। अधिक बारिश से विशेषज्ञों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है।

**जबलपुर**

### आधा दर्जन ट्रेनों के समय में बदलाव

**जबलपुर.** रेल प्रशासन ने जबलपुर मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया है। 8 जुलाई से समय में संशोधन लागू होगा। सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस, रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस, बीना-कटनी मेमू एक्सप्रेस, सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन किया गया है।

### नक्षत्रों की चाल से जानें मानसून का हाल, दो दिन बाद चातक से नाग पर सवार होगी बारिश

# पुनर्वसु में कम लेकिन पुष्य-मघा में खूब बरसेंगे बदरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** इस साल मानसून सीजन की शुरुआत अच्छी बारिश के साथ हुई है। 22 जून से शुरू वर्षाकाल के पहले दिन से ही बारिश जारी है। अभी बारिश के पहले नक्षत्र आर्द्रा का अंतिम चरण चल रहा है, जिसका वाहन चातक है।

दो दिन बाद वर्षा का प्रवेश पुनर्वसु नक्षत्र में होगा, जिसका वाहन नाग है। यानी चातक के बाद नाग पर बारिश सवार होगी। तब बारिश में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन आगे के नक्षत्र पुष्य और मघा में झमाझम बारिश की संभावना ज्योतिषियों ने बताई है।



इंदौर में शाम को छाए घने बादल

#### नक्षत्र किस नक्षत्र का क्या वाहन

| नक्षत्र | तारीख | वाहन |
|---|---|---|
| आर्द्रा | 5 जुलाई तक | चातक |
| पुनर्वसु | 6 से 19 जुलाई | नाग |
| पुष्य | 19 से 2 अगस्त | नाग |
| अश्लेषा | 3 से 16 अगस्त | खर |
| मघा | 17 से 30 अगस्त | जंबूक |
| पूर्वा | 31 से 12 सितंबर | मूसक |
| उत्तरा | 13 से 26 सितंबर | नाग |
| हस्त | 27 से 11 अक्टूबर | चातक |

**आठ नक्षत्रों में बारिश:** वैदिक परंपरा में बारिश के आठ नक्षत्र हैं। हर नक्षत्र करीब एक पखवाड़े का होता है। सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के साथ 22 जून से इसकी शुरुआत हुई। आर्द्रा से हस्त तक कुल आठ नक्षत्र होगें। बारिश का आखिरी नक्षत्र हस्त 11 अक्टूबर तक रहेगा।

**अच्छी बारिश के योग...**

**ज्योतिषियों** का कहना है कि इस साल आर्द्रा प्रवेश के दौरान जो ग्रहीय स्थितियां बनीं वो सामान्य से अच्छी बारिश के संकेत दे रही हैं। वर्षाकाल के चार महीने यानी 96 दिन तक अच्छी बारिश के योग हैं।

#### बिजली गिरने की होंगी घटनाएं

**ज्योतिष** मठ संस्थान के पं. विनोद गौतम के अनुसार वर्षा का प्रवेश मेष लग्न में हुआ। सूर्य से आगे मंगल और गुरु, राहु साथ होने से और बुध, शुक्र, मंगल, गुरु के एक ही नाड़ी के नक्षत्रों में स्थित होगें इससे अच्छी बारिश होगी। इस बार बिजली गिरने की घटनाएं ज्यादा होगी। ज्योतिष पं. विष्णु राजौरिया ने बताया कि इस बार रोहिणी का वास समुद्र तट पर रहेगा। ऐसे में अच्छी बारिश का संकेत है।

### गड़बड़ी निगम पोर्टल की, भविष्य छात्रों का बिगड़ रहा

**इंदौर@पत्रिका.** जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए पोर्टल के कारण कई छात्रों का भविष्य बिगड़ने की कगार पर है। पोर्टल इतना धीमा चल रहा है कि एक दिन में बमुश्किल 50 जन्म प्रमाण-पत्र ही बन पा रहे हैं। वे भी नए जन्म के। जिनका जन्म 2024 से पहले हुआ है, पोर्टल पर उनकी जानकारी या तो आ नहीं रही है, या फिर उसमें गड़बड़ी है। पोर्टल में करेक्शन का ऑप्शन भी सीमित है और उसमें भी इंट्री नहीं हो पा रही है। ज्यादा परेशान विद्यार्थी और अभिभावक हैं, क्योंकि स्कूल-कॉलेज में एडमिशन के साथ ही अन्य कार्यों के लिए जन्म प्रमाण-पत्र लग रहा है, लेकिन बन नहीं पा रहा है।

### विदेशी नागरिक अलमक्की की नागरिकता का मामला

# याचिका पर बांग्लादेश और सऊदी दूतावास को नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर@पत्रिका.** हाईकोर्ट की युगल पीठ ने विदेशी नागरिक अलमक्की उर्फ अहमद की याचिका पर अब बांग्लादेश व सऊदी अरब के दूतावासों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें, अलमक्की के माता-पिता सउदी अरब के शरणार्थी हैं, जबकि उसके पास बांग्लादेश का जाली पासपोर्ट बरामद हुआ था। पड़ाव थाना पुलिस ने 21 सितंबर-2014 को अलमक्की को जासूसी के आरोप में स्टेशन से गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी। फिर 2017 में सजा पूरी होने के बाद उसे केंद्रीय जेल के डिटेंशन सेंटर में रखा गया, लेकिन 12 जून 2018 को चकमा देकर हैदराबाद भाग गया था। पुलिस ने उसे फिर से पकड़ा और उसे फिर से तीन साल की सजा हुई। यह सजा भी पूरी हो चुकी है। वर्तमान में जेल में है।

#### केंद्र दे चुका है जवाब

मामले में केंद्र शासन ने जवाब दिया, बांग्लादेश व सऊदी अरब ने अलमक्की को लेने इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता भारत का नागरिक नहीं है। उसे लंबे समय तक देश में नहीं रखा जा सकता है।

| शेयर बाजार | सेंसेक्स | भारत | निफ्टी | सोना | स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 80,050 (+62.88) | | 24,302 (+15.65) | | ₹74350 ↑ (प्रति 10 ग्राम)(+100) | ₹72,405 ↑ (प्रति 10 ग्राम) (+16) | | ₹90,800 ↑ (प्रति किग्रा)(+300) | ₹91,840 ↓ (प्रति किग्रा) (-181) | $ 57,611 (-4.23) | $ 3,152 (-4.32%) | $ 524.5 (-6.12%) | ₹83.50 ↓ (प्रति 1 डॉलर) | ₹90.18 ↑ (प्रति यूरो) | ₹106.45 | ₹91.85 (प्रति लीटर) |

पेज-एक से जारी...

# त्रासदियों का सिलसिला

समय से पूर्व की परिपक्वता सम्पूर्ण समाज में परिलक्षित हो रही है। शिक्षा के दबाव ने नैतिक पूर्णता (विवाह) को नकार कर अनैतिक स्वच्छंदता का मार्ग प्रशस्त करना शुरू किया। समय की मांग-प्राकृतिक स्वरूप में-नकारी नहीं जाती। जीवन में त्रासदियों का सिलसिला यहीं से शुरू होता है।

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् (गीता 3/37)
रजोगुण से उत्पन्न यह काम ही क्रोध है। यह बहुत खाने वाला है।
क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति (गीता 2/63)

क्रोध से मूढ़ता-स्मृति भ्रम, बुद्धिनाश तथा व्यक्ति अपनी क्षमताओं से नियंत्रण खो बैठता है। यही आत्महत्या का उकसावा है। आज मोबाइल के संदर्भ में जो सिलसिला आत्महत्याओं का चल पड़ा है, वह मूलतः इसी आयु वर्ग का है। एक अवधारणा यह भी पाश्चात्य शिक्षा का अंग बनकर आई है कि शिक्षा काल में विवाह नहीं करना है। शरीर-बुद्धि-मन का संतुलन प्राकृतिक जीवन शैली से ही प्राप्त हो सकता है। क्या शादी के बाद पढ़ाई आगे नहीं बढ़ सकती? लिव-इन-रिलेशन, लव जिहाद, तलाक-बेमेल विवाह, स्तन/गर्भाशय के कैंसर, आईवीएफ की त्रासदी आदि से लगभग छुटकारा मिल जाता है।

देर से शादी की सजा केवल लड़कियों को ही मिलती है। विवाह-विच्छेद के बाद की त्रासदी, जीवन से अनावश्यक संघर्ष तथा परिजनों की कुदृष्टि का अभिशाप भौतिक विकास का उपहार है। मोबाइल फोन भावनाओं को अशान्त बनाए रखता है। ये सब कुछ ठोकर खाने के बाद ही समझ में आता है। ये पीड़ा मूलतः मध्यमवर्गीय, अर्द्ध शिक्षित, महत्वाकांक्षी समाज की सर्वाधिक है। विकसित देशों की ऐसी स्थिति है, किन्तु कष्टदायक इतनी नहीं है। समय पर शादी के अभाव में वहां भी नाबालिग/ अविवाहित माताओं की भरमार है, किन्तु सरकारें बहुत कुछ भार वहन कर लेती हैं। समाज में सम्मान पर आंच नहीं आती। पति बदलते रहने में असुविधा भी नहीं होती। हां, संतान पीछे छूट जाती है। जीवन शरीर प्रधान है। पितृ दिवस-मातृ दिवस से पेट भर जाता है।

मोबाइल-इंटरनेट-एआइ समय की अनिवार्यता है। तकनीक बदलती रहेगी। न प्रकृति के नियम बदलेंगे, न ही शरीर की संरचना। चारों युग साक्षी हैं। इसी में सुख से जीने का मार्ग हमें निकालना है। सरकारें अपने क्षुद्र स्वार्थों के लिए हम लोगों से दोगला व्यवहार करती हैं। दूषित अन्न पर सरकार की कमाई चल रही है। पोक्सो एक्ट का नाटक बड़ा उदाहरण बना हुआ है। बड़े लोगों पर आरोप-गिरफ्तारियां और यू-ट्यूब, फेसबुक पर अश्लील फिल्में चलाने की खुली छूट। मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान और शराब से आय बढ़ाने के अभियान। मद्यनिषेध का दृश्य देखो-घर-घर में अवैध सप्लाई। रासायनिक खाद के टारगेट-नए बीजों के उपयोग पर जोर आदि सारे आयोजन मृत्यु का द्वार खोलने वाले हैं।

अभी तो तत्काल सरकार को अश्लील-निषेधात्मक सामग्री के प्रसार पर पूर्णतः रोक लगा देनी चाहिए। चाहे कितनी भी असुविधा हो। जीवन को नरक बनाने से रोकना हर सरकार का पहला दायित्व है। बाकी सारी अवधारणाएं झूठी निकलेंगी। इसी प्रकार शादी से जुड़े कानूनों को विकास से नहीं, शरीर के प्राकृतिक गठन/व्यवहार तथा भोग वृत्तियों के स्वरूप के संदर्भों में तय करना चाहिए। कन्या शरीर की दिव्यता/पूजनीयता ही देश की सम्पन्नता का एकमात्र रास्ता है। कहा भी है-

"यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते, रमन्ते तत्र देवता"।

**आरबीआइ रिपोर्ट:** 2024 की मार्च तिमाही में बैंकों के कामकाज को लेकर 74,584 शिकायतें मिलीं, इनमें से केवल 161 मामलों में हुई कार्रवाई

# बैंकों के कामकाज को लेकर शिकायतें बढ़ीं, कार्रवाई न के बराबर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** बैंकों के कामकाज को लेकर देशभर में शिकायतें बढ़ी हैं। ग्राहक जिन मामलों को लेकर शिकायत कर रहे हैं, उनमें क्रेडिट कार्ड, बैंक गारंटी पत्र, गोपनीयता, मृत्यु के बाद दावों का समय पर निस्तारण नहीं होने और बैंक कर्मचारियों का खराब व्यवहार शामिल है। आरबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक की ओर से ग्राहकों की इन शिकायतों का समय पर निस्तारण भी नहीं किया जा रहा है। इसके चलते केंद्रीय बैंक ने दिसंबर 2023 से मई 2024 के बीच बैंकों पर 22.83 करोड़ रु का जुर्माना लगाया। 74,000 में से 200 से कम मामलों में कार्रवाई हुई है।

### बैंकों को लेकर मिली शिकायतों की स्थिति

| मामले | संख्या | हिस्सेदारी |
|---|---|---|
| लोन से संबंधित | 14,329 | 19.2% |
| मोबाइल/ई-बैंकिंग | 11,278 | 15.1% |
| क्रेडिट कार्ड | 10,145 | 13.6% |
| जमा खाता खोलना | 7,663 | 10.3% |
| एटीएम, डेबिट कार्ड | 4,902 | 6.6% |
| अन्य | 26,231 | 35.3% |

**ये शिकायतें भी बढ़ीं** बैंक गारंटी पत्र समय पर जारी न करने, ग्राहकों से जुड़ी गोपनीयता को भंग करने, पेंशन, मृत्यु के बाद नॉमिनी के खाते में पैसा ट्रांसफर न करने और बैंक कर्मचारियों से जुड़ी शिकायतें भी बढ़ी हैं। 2024 की मार्च तिमाही में इससे जुड़ी 26,231 शिकायतें मिलीं, जिनकी संख्या दिसंबर तिमाही में 18,180 थीं। इन्हें अन्य श्रेणी में डाला गया है।

### इतनी शिकायतों पर आरबीआइ की कार्रवाई

| बैंक | कार्रवाई की संख्या |
|---|---|
| कॉपरेटिव बैंक | 132 |
| एनबीएफसी | 09 |
| प्राइवेट बैंक | 09 |
| सरकारी बैंक | 04 |
| आवास वित्त बैंक | 03 |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 02 |
| स्मॉल फाइनेंस बैंक | 01 |
| विदेशी बैंक | 01 |

### इतनी शिकायतें मिलीं

**आरबीआइ** के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च 2024 के बीच बैंकों के कामकाज और उनकी सेवाओं को लेकर ग्राहकों की 74,584 शिकायतें मिली हैं। जबकि इससे पिछली तिमाही में 72,847 शिकायतें आई थीं। यानी इस साल करीब 2,000 अधिक शिकायतें आईं। इस साल की मार्च तिमाही में क्रेडिट कार्ड को लेकर 10,145 शिकायतें मिली जबकि दिसंबर तिमाही, 2024 में 9635 शिकायतें मिली थीं। ग्राहक क्रेडिट कार्ड में ब्याज दर बढ़ाने या अधिक जुर्माना लगाने को लेकर ज्यादा परेशान हैं।

**सहकारी बैंकों में ज्यादा अनदेखी:** आरबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, सहकारी बैंक (कॉपरेटिव बैंक) सबसे अधिक नियम तोड़ रहे हैं और ग्राहकों की अनदेखी कर रहे हैं। यही वजह है कि आरबीआइ की ओर से लगाए गए जुर्माने में सबसे अधिक हिस्सेदारी कॉपरेटिव बैंकों की है। जिन 161 मामलों में कार्रवाई की गई है उनमें 132 कॉपरेटिव बैंकों से संबंधित हैं। वे ग्राहकों को उचित बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा प्रदान नहीं कर रहे हैं। आरबीआइ ने दर्जनों कॉपरेटिव बैंक के लाइसेंस कैंसिल किए हैं।

**शेयर बाजार:** सेंसेक्स पहली बार 80,000 के पार बंद होने में कामयाब, आइटी शेयरों में तेजी

# रेकॉर्ड ऊंचाई के बावजूद सेंसेक्स का वैल्यूएशन बेहद कम, आएगी और तेजी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** सेंसेक्स गुरुवार को पहली बार 80,000 के पार बंद होने में कामयाब रहा। आइटी शेयरों के दम पर कारोबार के दौरान सेंसेक्स 80,392 अंक के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा, लेकिन ऊपरी स्तर पर हुए मुनाफावसूली से 63 अंक की मामूली बढ़त के साथ 80,049 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की इस रेकॉर्ड ऊंचाई से अगर डर रहे हैं कि इसमें गिरावट आ सकती है तो घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस रेकॉर्ड तेजी के बावजूद सेंसेक्स का वैल्यूएशन काफी कम है। यानी सेंसेक्स के शेयर बहुत अधिक महंगे नहीं है।

सेंसेक्स जब जनवरी 2021 में 50,000 के स्तर पर पहुंचा था तो उसकी कंपनियों का वैल्यूएशन (पीई रेशियो) प्रति शेयर कमाई के मुकाबले 34.4 गुना पीई पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स जब सितंबर 2021 में 60,000 पर पहुंचा तब उसका पीई 31.3 गुना था, वहीं इसके 70,000 पर पहुंचने पर मूल्यांकन 24.8 गुना थी जो सेंसेक्स के 80,000 पर पहुंचने के बाद केवल 24.3 गुना है। इसलिए विशेषज्ञ सेंसेक्स में और तेजी आमे की उम्मीद जता रहे हैं लार्जकैप कंपनियों में निवेश की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि 2024 के अंत तक सेंसेक्स 87,000 के पार जा सकता है। शेयर बाजार में यह तेजी घरेलू निवेशकों के दम पर आई है जिन्होंने 2024 में अब तक 2.28 लाख करोड़ रुपए से अधिक निवेश किया है।

### सेंसेक्स की रेकॉर्ड ऊंचाई और मूल्यांकन

| तारीख | सेंसेक्स | माइलस्टोन |
|---|---|---|
| 21 जनवरी, 2021 | 50,184 | 34.4 |
| 13 अगस्त, 2021 | 55,488 | 30.1 |
| 24 सितंबर, 2021 | 60,333 | 31.3 |
| 03 जुलाई, 2023 | 70,058 | 24.8 |
| 11 दिसंबर, 2023 | 75,124 | 25.6 |
| 04 जुलाई 2024 | 80,049 | 24.3 |

*सेंसेक्स की कंपनियों का प्रति शेयर कमाई के मुकाबले मूल्यांकन गुना में*

### सेंसेक्स के 70 से 80 हजार के सफर में इतना चढ़े इंडेक्स



| सेंसेक्स | निफ्टी 50 | बीएसई मिडकैप | बीएसई स्मॉलकैप | एनएसई माइक्रोकैप |
|---|---|---|---|---|
| 14.5% | 15.9% | 30.1% | 28.6% | 32.5% |

*2024 के अंत तक सेंसेक्स के 87,000 पर पहुंचने की उम्मीद*

### इन सेक्टर्स में सबसे अधिक तेजी

| बीएसई पावर | ऑटो | इंडस्ट्रियल्स | टेलीकॉम | बीएसई रियल्टी |
|---|---|---|---|---|
| 40.3% | 40.7% | 42.5% | 46.4.% | 47.3% |

### 10,000 अंक की तेजी में इन कंपनियों का अधिक योगदान

| कंपनी | तेजी में हिस्सेदारी |
|---|---|
| रिलायंस | 1928 अंक |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1050 अंक |
| आइसीआइसीआइ | 963 अंक |
| भारती एयरटेल | 936 अंक |
| एसबीआइ | 768 अंक |
| एचडीएफसी | 726 अंक |

### 75,000 से 80,000 पहुंचाने में घरेलू निवेशकों का हाथ

| निवेशक | निवेश |
|---|---|
| विदेशी निवेशक | -16,158 |
| म्यूचुअल फंड्स | 1,02,619 |
| घरेलू संस्थागत निवेशक | 1,26,466 |

(राशि करोड़ रुपए में)

**पर्सनल फाइनेंस @ पत्रिका**

**फिर बढ़ी कीमतें:** चांदी में धीरे-धीरे निवेश करें या गिरावट पर एकमुश्त बड़ा दांव खेलें?

# ऊंचे रिटर्न के कारण निवेशक सिल्वर ईटीएफ की ओर दौड़े



**सिल्वर ईटीएफ: एयूएम ₹7,000 करोड़ के पार**

*नई दिल्ली @ पत्रिका. चांदी की कीमतें 3 माह में 70,000 रुपए किलो से बढ़कर 91,000 रुपए हो गई। विशेषज्ञों को लगता है कि निकट भविष्य में चांदी का दमदार प्रदर्शन जारी रह सकता है। ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल को उम्मीद है कि गहने बनाने के साथ उद्योगों में काम आने वाली चांदी मध्यम अवधि में 1 लाख रुपए किलो तक पहुंच सकती है। बीच-बीच में उठापटक भी होगी। पिछले हफ्ते एमसीएक्स पर चांदी 86,000 रुपए किलो पर पहुंच गई थी, जो अभी 92,000 के करीब है। ऐसे में सवाल है कि निवेशक चांदी में धीरे-धीरे निवेश करें या गिरावट पर एकमुश्त दांव लगाएं?*

### ऐसे बढ़ा सिल्वर ईटीएफ

| माह | निवेश | एयूएम |
|---|---|---|
| सितंबर | 177 | 2292 |
| अक्टूबर | 518 | 2845 |
| नवंबर | -20 | 2984 |
| दिसंबर | 162 | 3032 |
| जनवरी | 737 | 3705 |
| फरवरी | 564 | 4144 |
| मार्च | 225 | 4642 |
| अप्रैल | 660 | 5600 |
| मई | 467 | 7,018 |

(सभी राशि करोड़ रुपए में)

**चमक बढ़ी:** ऊंचे रिटर्न की उम्मीद में निवेशक अब गोल्ड के बाद सिल्वर ईटीएफ में भी जमकर निवेश कर रहे हैं। कीमतों में तेजी और निवेश बढ़ने से देश में मौजूद कुल 8 सिल्वर ईटीएफ की कुल प्रबंधनीय संपत्ति (एयूएम) पहली बार 7,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। वहीं गोल्ड ईटीएफ का एयूएम करीब 32,000 करोड़ रुपए हो गया है।

### निवेशक क्या करें

- निप्पॉन एएमसी के विक्रम धवन ने कहा, जो निवशक चांदी के भाव पर लगातार नजर नहीं रख सकते, उन्हें चांदी में रकम लगाने वाले ***मल्टी-ऐसेट ऐलोकेशन फंड के जरिये धीरे-धीरे निवेश करना चाहिए।***
- निवेशक चांदी में चल रही तेजी देखकर ज्यादा जोश में न आएं। अगर कीमतें 10-15% गिरती है तो ही ***एकमुश्त फिजिकल चांदी की खरीदारी करनी चाहिए।***
- निवेश सलाहकार वैशाली पारेख मानती हैं कि ***निवेशकों को थोड़ी चांदी धातु के रूप में भी खरीदनी चाहिए।***
- निवेशकों के लिए फिजिकल चांदी के बदले सिल्वर ईटीएफ और फंड ऑफ फंड्स चुनना सही रहेगा। ***वैसा फंड चुनें जिसका एक्सपेंस रेशियो कम हो और ट्रैकिंग एरर भी कम हो।***

**चांदी को यहां से मिल रहा दम** सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहन जैसी नए जमाने की पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों में चांदी का जमकर इस्तेमाल होता है। ग्रीन टेक्नोलॉजी के कारण चांदी की मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

**ये जोखिम भी हैं, जिसका ध्यान रखना जरूरी...**

1. अमरीका में ब्याज दर काफी समय तक ऊंची बनी रह सकती है। ***डॉलर सूचकांक चढ़ सकता है, जिसकी वजह से चांदी के भाव नीचे आ सकते हैं।***
2. चीन का संपत्ति बाजार धीमा हो गया है और उसका आर्थिक माहौल भी कमजोर लग रहा है। ***इससे चांदी की मांग और कीमत पर असर पड़ सकता है।***

**रिसर्च रिपोर्ट:** महामारी के बावजूद कम हुए गरीब

# भारत में गरीबी 21% से घटकर 8.5% पर पहुंची

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** आर्थिक लिहाज से जैसे-जैसे भारत की ताकत बढ़ रही है, देश में गरीबी में भी कमी आ रही है। पिछले 10-12 साल में देश में गरीबों की संख्या में तेजी से कमी आई है। आर्थिक थिंक टैंक एनएसीईआर की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में गरीबी की दर वर्ष 2011-12 के 21% से घटकर वर्ष 2022-24 में केवल 8.5% रह गई है। खास बात यह है कि यह उपलब्धि 2019 में आई कोरोना महामारी के बाद दर्ज की गई है।

इंडिया ह्यूमन डेवलपमेंट सर्वे (आइएचडीएस) के अनुसार, भारत में गरीबी का अनुपात 2004-05 में 38.6% पर था, जो कम होकर 2011-12 में 21.2% पर आ गया। इसमें गिरावट का क्रम बना हुआ है और 2022-24 में गरीबी देश के कुल जनसंख्या के अनुपात में 8.5% रह गया। इंडिया पॉलिसी फोरम में पेश किए इस रिसर्च गए पेपर में वर्ष 2011-12 और 2022-24 के आइएचडीएस डेटा का इस्तेमाल करके अनुमान लगाया गया है कि गरीब के रूप में वर्गीकृत 8.5% आबादी में से 3.2% गरीबी में पैदा हुए थे, जबकि 5.3% लोग बाद में गरीबी रेखा के नीचे आए हैं। एनसीएईआर का कहना है कि आर्थिक मोर्चे पर तरक्की और गरीबी में कमी आने से एक गतिशील माहौल तैयार हुआ है, जिसके कारण नए सिरे से सामाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों की जरूरत पैदा हुई है।

### गांव में तेजी से घटी गरीबी

**एनएसीईआर** के प्रोफेसर सोनाली देसाई के नेतृत्व में अर्थशास्त्रियों की ओर से तैयार इस रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के ग्रामीण इलाकों में गरीबी ज्यादा तेजी से कम हुई है। ग्रामीण इलाकों में गरीबी की दर वर्ष 2011-12 के 24.8% से कम होकर मौजूदा समय में 8.6% पर आ गई है। हालांकि, एनएसीईआर के अर्थशास्त्रियों का यह अनुमान एसबीआइ रिसर्च की ओर बताए गए अनुमानों से थोड़े अधिक हैं। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में गरीबी की दर 7.2% और शहरी इलाकों में 4.6% तक गिर गई है।

# अब अवैध कॉलोनियों को वैध नहीं करेगी सरकार

## विधायकों ने मंत्री से पूछा-अवैध कॉलोनी बनाने वालों पर क्या एक्शन लिया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** राज्य में अवैध कॉलोनियों का मामला गुरुवार को सदन में उठा। प्रश्नकाल के दौरान कई विधायकों ने अवैध कॉलोनियों का जिक्र किया, कुछ ने सुझाव दिया कि वर्षों पहले बनी कॉलोनियों को वैध कर देना चाहिए, क्योंकि वहां बड़ी आबादी निवास कर रही है। बिल्डर और कॉलोनाइजर ने अवैध तरीके से प्लॉट काटे और बेच दिए, अब वहां लोग रहे हैं। कॉलोनी अवैध श्रेणी में होने से यहां निवासरत लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।

**राजधानी में भी शासन की नाक के नीचे झुग्गी बस्ती**



राजधानी भोपाल में बनी अवैध कॉलोनी बाण गंगा बस्ती।

सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि इन्हें बेघर न होना पड़े। इसलिए सुझाव दिया कि इन कॉलोनियों को वैध कर दिया जाए। इस पर नगरीय प्रशासन एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध नहीं किया जाएगा। उन्होंने सदन को भरोसा दिलाया कि यहां जो लोग रह रहे हैं, उनकी जरूरी सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। यह भी व्यवस्था की जा रही है कि इन लोगों को कर्ज इत्यादि मिल सके, क्योंकि इन कॉलोनी में बने मकानों पर कर्ज नहीं मिल पाता। सख्त कानून बनाया जा रहा है कि जिससे अवैध कॉलोनियां न बन सकें। पुराने नियमों का अध्ययन किया जा रहा है।

प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक हरदीप सिंह डंग ने अवैध कालोनियों को वैध करने का मामला उठाया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश में एक गठजोड़ काम कर रहा है, जिसे रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने कड़े कानून बनाने के निर्देश दिए हैं। हम अवैध कॉलोनियों को वैध नहीं करेंगे, लेकिन जरूरी सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। सख्त कानून बनाएंगे। इसके लिए वर्तमान कानून का अध्ययन किया जा रहा है। डंग ने कहा कि जहां कभी खेत हुए करते थे, वहां कॉलोनी काटी जा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि 15-20 साल पहले बनी कॉलोनियों को वैध करना चाहिए।

## पेज वन का शेष...

### आषाढ़ में...

यह आंकड़ा -17 फीसदी से घटकर -3 फीसदी पर आ गया है। आइएमडी के मुताबिक सामान्य दशा में 196.9 मिमी. बारिश होनी चाहिए, जो अब 190.6 मिमी. पहुंच गई है।

**रूस में पारे ने तोड़ा 107 साल का रेकॉर्ड:** रूस की राजधानी मॉस्को में गर्मी रेकॉर्ड तोड़ रही है। वहां गुरुवार को 35 डिग्री सेल्सियस से ज यादा तापमान दर्ज किया गया। यह रूस में अब तक का सबसे गर्म दिन था। इससे पहले मॉस्को में 3 जुलाई, 1917 को 32.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मॉस्को के लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए सार्वजनिक फव्वारों का सहारा लिया और पार्कों में बैठे नजर आए। खास बात है कि इस दौरान रातें में काफी गर्म रहीं।

### ...तो पाकिस्तान ...

अभी जयपुर में राजस्थान और गुजरात से सटी सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा उठाने वाली थल सेना की दक्षिण-पश्चिम कमान का मुख्यालय है। थिएटर कमान मुख्यालय बनने के साथ ही जयपुर की एक अहम सामरिक केंद्र के रूप में पहचान स्थापित हो सकेगी।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की अगुवाई वाले रक्षा मामलात विभाग ने इसके अलावा लखनऊ में चीन की चुनौतियों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए उत्तरी थिएटर कमान और केरल के तिरूवनन्तपुरम में समुद्री चुनौतियों का सामना करने के लिए मरीन कमान का मुख्यालय बनाने के प्रस्ताव किया है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था कि थिएटर कमान गठन की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इसके तुरंत बाद ही तीन कमानों के मुख्यालय तय होने की खबर आ गई।

अभी युद्ध या किसी अप्रिय स्थिति में तीनों सेनाएं अलग-अलग मुख्यालय के तहत काम करती हैं, जबकि तीनों के आपसी समन्वय से संसाधनों का बेहतर उपयोग कर दुश्मन को कम समय में बिना किसी रुकावट वाले एकीकृत कमान के जरिए सटीक जवाब दिया जा सकता है। थिएटर कमान का उद्देश्य थल, जल और वायु सेना की इकाइयों को एक कमांडर के अधीन लाना है, ताकि जरूरत पड़ने पर पूर्ण समन्वय के साथ दुश्मन से निपटा जा सके।

**नई सरकार से पहले ही तैयारी:** थिएटर कमान गठन की तैयारी केंद्र में नई सरकार गठन के पहले ही शुरू कर दी गई थी। अप्रेल व मई महीनों में वरिष्ठ अधिकारियों की परिवर्तन चिंतन बैठक में थिएटर कमान के ढांचागत विकास पर मंथन हुआ तो गत 18 जून को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त साइबर स्पेस युद्ध सिद्धांत जारी किए गए। इससे पहले गत 6 अगस्त को अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 पारित कर तीनों सेनाओं के कमांडरों को अपने अधीनस्थ किसी भी सैन्य कर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया। फिर तीनों सेनाओं के कर्मचारियों की क्रॉस पोस्टिंग को हरी झंडी दी गई।

नौसेना-तटरक्षक एक कमान के नीचे

पाकिस्तान और चीन की चुनौतियों के मद्देनजर बनाई जा रही पश्चिम व उत्तरी कमान के साथ तिरूवनंतपुरम में मरीन कमान की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके अधीन नौसेना की पूर्वी व पश्चिमी कमान के अलावा तटरक्षक बल व देश की सभी तटीय सीमाओं का इलाका आएगा।

यह होगा फायदा

सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि थिएटर कमांड का सबसे सही उपयोग युद्ध के दौरान तीनों सेनाओं के बीच समन्वय की जरूरत के दौरान होता है। थिएटर कमान में बनी रणनीतियों के अनुसार दुश्मन पर अचूक वार करना आसान हो जाता है। इससे आधुनिकीकरण का खर्च कम होगा।

बंटी हुई है वायु रक्षा प्रणाली

जानकारों का कहना है कि थलसेना, वायुसेना और नौसेना अभी अलग-अलग कम्युनिकेशन फ्रीक्वेंसी पर बिना आपसी तालमेल भारतीय एयरस्पेस की रक्षा करती हैं। एयर डिफेंस थिएटर कमान बन जाने से एक ही फ्रीक्वेंसी पर मल्टीरोल फाइटर व मिसाइल प्रणाली से वायुरक्षा को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

**17 कमान है अभी तीनों सेनाओं की:**

- **7-7** कमान थल सेना व एयरफोर्स की
- **3** कमान नौसेना की
- **2001** में बनी पहली त्रिसेवा अंडमान-निकोबार कमान
- **2003** में बनी स्ट्रेटैजिक फोर्सेज कमान

**आइपीओ:** एनएसई ने लिस्टिंग पर लगाइ लिमिट

# एसएमई आइपीओ इश्यू प्राइस के 90% से ऊपर नहीं लिस्ट होगी

**मुंबई.** छोटी-मझोली कंपनियों (एसएमई) के आइपीओ अब लिस्टिंग डे पर निवेशकों को 200-250% रिटर्न नहीं देंगे। दरअसल, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने एसएमई आइपीओ के एक्सचेंज पर लिस्टिंग प्राइस की लिमिट तय कर दी हैं। एनएसई के एसएमई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अब इन कंपनियों के आइपीओ की लिस्टिंग इश्यू प्राइस से 90% से ऊपर के भाव पर नहीं हो सकेगी। एनएसई का यह फैसला 4 जुलाई से लागू हो गया है। हालांकि, एनएसई का यह आदेश केवल एसएमई आइपीओ पर ही लागू होगा, मेनबोर्ड आईपीओ पर नहीं। हाल के दिनों में दर्जनों एसएमई आइपीओ ने लिस्टिंग के दिन ही निवेशकों को 200% से अधिक रिटर्न दिया। स्टॉक मैनिपुलेशन के खतरे को कम करने के लिए एनएसई ने यह लिमिट लगाई है।

**फ्रॉड पकड़ने के लिए सिस्टम:** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर्स को बाजार में किसी तरह की गड़बड़ी का पता लगाने और उसे रोकने के लिए नया सिस्टम बनाने का निर्देश दिया है। सेबी ने इस बारे में एक अधिसूचना जारी की है। इसके पहले शेयर ब्रोकर को इस काम के लिए जवाबदेह बनाने के लिए कोई विशेष रेगुलेटरी प्रोविजन नहीं था।

इंस्टीट्यूशनल मैकेनिज्म (संस्थागत व्यवस्था) के तहत ब्रोकिंग फर्म के साथ इसके टॉप मैनेजमेंट को फ्रॉड यानी शेयरों के भाव में हेराफेरी, फ्रंट-रनिंग इनसाइडर ट्रेडिंग, मिस-सेलिंग और अनऑथराइज्ड ट्रेडिंग का पता लगाने और इसे रोकने के लिए जवाबदेह बनाया जाएगा। इसके लिए ब्रोकर्स को मजबूत निगरानी और नियंत्रण सिस्टम बनाना होगा।

**रियल एस्टेट:** 41% हुई ₹1 करोड़ से अधिक कीमत वालें मकानों की हिस्सेदारी कुल बिक्री में

# लग्जरी-प्रीमियम हाउसिंग के दम पर 10 साल की ऊंचाई पर पहुंची मकानों की बिक्री

**नई दिल्ली.** देश का रियल एस्टेट मार्केट बूम पर है। वर्ष 2024 की पहली छमाही में मकानों की बिक्री 10 साल की ऊंचाई पर पहुंच गई, वहीं ऑफिस स्पेस की डिमांड भी रेकॉर्ड ऊंचाई पर रही। नाइटफ्रैंक की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल जनवरी से जून के बीच देश के टॉप 8 प्रॉपर्टी मार्केट में आवासीय मकानों की बिक्री 11% बढ़कर 1,73,241 यूनिट हो गई, जबकि कार्यालय स्थान की मांग 33% बढ़कर 3.47 करोड़ वर्ग फुट रही। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान टॉप 8 शहरों में कुल 183,401 हाउसिंग यूनिट्स लॉन्च हुए, जो 2023 के मुकाबले 6% ज्यादा हैं। पहली छमाही में महंगे और लग्जरी घरों की डिमांड सबसे ज्यादा रही। मकानों की कुल बिक्री में प्रीमियम हाउसिंग सेगमेंट की हिस्सेदारी 41% हो गई, जो 2023 की पहली छमाही में 30% थी।

### किन मकानों की कितनी बिक्री

| कीमत (रुपए में) | 2023 | 2024 |
|---|---|---|
| | कुल बिक्री में हिस्सेदारी | |
| 50 लाख तक | 30% | 41% |
| 50 लाख-1 करोड़ | 38% | 32% |
| 1 करोड़ से अधिक | 30% | 27% |

(पहली छमाही के आंकड़े)

### कहां कितना मकान बिके

| शहर | बिक्री | इजाफा |
|---|---|---|
| मुंबई | 47,259 | 16% |
| दिल्ली | 28,998 | -4% |
| बेंगलूरु | 27,404 | 4% |
| पुणे | 24,525 | 13% |
| हैदराबाद | 18,573 | 21% |
| अहमदाबाद | 9,377 | 17% |
| कोलकाता | 9,130 | 25% |
| चेन्नई | 7,975 | 12% |

**नागपुर-जबलपुर** हाईवे की 9 किलोमीटर की खराब सड़क पर विधानसभा में भिड़े पक्ष-विपक्ष के दो विधायक

# मुनमुन का आरोप, घटिया सड़क बनाने वाला ठेकेदार आज सदन का सदस्य

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** विधानसभा में गुरुवार को उस दौरान अजीब स्थिति बन गई जब भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में घटिया सड़क बनाने वाला ठेकेदार सदन का सदस्य बनकर यहां बैठा है। उन्होंने उस कांग्रेस विधायक का नाम भी सदन को बताया। इस पर दोनों विधायक आमने-सामने आ गए। सदन में गहमा-गहमी हुई। बाद में अध्यक्ष ने इसे विलोपित करवा दिया। पर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सदन के बाहर विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में विधायक का नाम फिर दोहराया। उन्होंने मीडिया से कहा, इस मार्ग का निर्माण अभय मिश्रा की कंपनी ने कराया। अभय मिश्रा सेमरिया से कांग्रेस विधायक हैं। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पूछा कि क्या नागपुर से जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिवनी जिले अंतर्गत छपारा से बंजारी घाटी के मध्य दरारें पड़ गई हैं। इस राजमार्ग पर कई जगह पैचवर्क से मार्ग असमतल हो गया, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने पूछा कि क्या मार्ग ठेकेदार से समतल कराने एवं दरारे भरने के लिए विभाग ने लिखा है। यदि हां, तो कब तक। यदि नहीं, तो क्यों नहीं।



लखनादौन से सिवनी के बीच 9.24 किमी के इस रास्ते पर हुई बहस।

**सदन में विधायक का नाम अध्यक्ष ने विलोपित करवाया, बाहर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अभय मिश्रा का नाम दोहराया**

### दो विधायकों के बीच का मामला आपस में निपटा लें



अभय मिश्रा

*सदन में विधायकों के बीच गहमागहमी होते देख कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने स्पीकर की ओर मुखातिब होते हुए सलाह दी कि दो विधायकों के बीच का मामला है। दोनों को अपने चैंबर में बुलाकर चर्चा कर लें। स्पीकर ने सदन में विधायकों के बीच संवाद को विलोपित कराते हुए सदन की कार्यवाही आगे बढ़ा दी। वहीं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यदि रोड खराब है तो एनएचएआई को पत्र लिखा जाना चाहिए, कि जब तक रोड दुरुस्त न हो जाए वहां पर टोल नहीं लेना चाहिए।*



दिनेश राय

### लगातार हो रही दुर्घटनाएं, मार्ग असमतल, ठेकेदार से 60 लाख की वसूली भी

**इस** पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा, यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत नहीं आता। यह भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबधित है। इस पर दिनेश राय ने कहा 2019 में भी प्रश्न यह कहकर दबा दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग का है। यहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और हमारी सरकार कुछ नहीं कर सकती। लोगों की मौत हो रही हैं। उन्होंने कहा मंत्री इसका निरीक्षण करा लें आज भी स्थिति खराब है। नागपुर से जबलपुर के बीच इसी 9 किलोमीटर में दुर्घटना होती है। वह व्यक्ति पीडब्ल्यूडी का 100 करोड़ का काम अभी मेरी विधानसभा में कर रहा है। इसकी जांच करा लें। मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि यह लखनादौन-सिवनी के बीच 9.24 किमी फोरलेन सड़क है। कांट्रेक्ट उदित इंफ्रा वर्ल्ड और प्रकाश असफाल्टिंग्स एंड टोल हाइवेज रीवा के पास है। 2018 में गारंटी भी खत्म हो गई। ज्यादा डस्टिंग से मार्ग असमतल हो गया, दुरुस्त करने एनएचएआई ने नोटिस जारी किए, ठेकेदार ने कार्य नहीं किया। उससे 60 लाख रुपए की वसूली भी हुई।

## न्यूज विंडो

### बिना ऑडिट के जमीन दिलाने अपात्रों के भेजे नाम

**इंदौर@पत्रिका.** सहकारिता विभाग ने लक्ष्मण नगर गृह निर्माण संस्था में अपात्रों को पात्र बनाकर जमीन दिलाने मनमाना सूची तैयार कर दी। स्कीम 140 में प्लॉट अलॉटमेंट में वरीयता सूची पर लोगों ने गड़बड़ी के आरोप लगाए। पुराने ऑडिट नोट की सूची में ही फेरबदल कर वरीयता सूची तैयार कर उसे आइडीए को भेज भी दिया गया। मामले में संयुक्त आयक्त बीएल मकवाना ने बताया कि शिकायत के बाद प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस पर कल कई कार्यक्रम

**भोपाल@पत्रिका.** छह जुलाई को अपेक्स बैंक के समन्वय भवन में सुबह 9 बजे अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस का उद्घाटन सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी कार्यर म की अध्यक्षता करेंगी। सहकारी संस्थाओं के पंजीयक मनोज कुमार सरियाम भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। मध्यप्रदेश के 38 जिला सहकारी बैंकों में आईबीपीएस के द्वारा नवीन चयनित किए गए समिति प्रबंधकों को सहकारिता एवं बैंकिंग के नवीन परिदृश्य के संबंध में विशेषज्ञ वक्ताओं के द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया जाएगा।

**विधानसभा में** आय-व्यय चर्चा में विधायकों ने बताई बजट की खूबियां और कमियां

# कांग्रेस : सरकार के बजट से ज्यादा है कर्ज भाजपा : सबकी जरूरत पूरी करने वाला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** विधानसभा में गुरुवार को वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा शुरू हुई। इसमें अध्यक्ष ने सभी के लिए समय आरक्षित किया हैं। कांग्रेस पक्ष के लिए 1 घंटा 26 मिनट, भाजपा को 3 घंटा 30 मिनट आरक्षित किए गए। हालांकि बाद में चर्चा शाम तक चलती रही। कांग्रेस विधायकों ने जहां बजट के प्रावधानों पर सवाल खड़े किए वहीं भाजपा विधायकों ने बजट को जनहितैषी और सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करने वाला बताया।

चर्चा की शुरूआत करते हुए अमरपाटन से कांग्रेस विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा पेश वर्ष 2024-25 का पूरा बजट कर्ज के बोझ के ऊपर रखा हैं। 3 लाख 65 हजार करोड़ रुपये का बजट हैं और 3 लाख 75 हजार करोड़ का ऋण हैं। हमारी ग्रॉस स्टेट डॉमेस्टिक प्रोडक्ट- जीएसडीपी अब 15 लाख करोड़ पर पहुंची हैं। फिस्कल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट - एफआरबीएम एक्ट और रिजर्व बैंक की गाइडलाइन के अनुसार कोई भी सरकार अपनी जीएसडीपी के 3 प्रतिशत से ज्यादा कर्ज नहीं लेती है। लेकिन मप्र सरकार वर्ष 2023-2024 में 45 हजार करोड़ रुपए कर्ज ले चुकी है और वर्ष 2024-25 में लगभग 55 हजार करोड़ रुपये कर्ज लेने वाली है। उन्होंने कहा कि हम चीन को जो निर्यात करते हैं और चीन से जो आयात करते हैं, उसमें एक से छह गुना का फर्क है, यानि छह गुना वैल्यू की चीजें हम ज्यादा आयात करते हैं और जो निर्यात करते हैं। इसमें सरकार का लोकल फॉर वोकल गायब हो जाता है। भारत की कुल जीडीपी में मध्यप्रदेश का हिस्सा केवल 3.16 प्रतिशत है। हम देश की अर्थव्यवस्था की गति में अपना कितना योगदान दे रहे हैं, यह एक सोचनीय प्रश्न है। इसकी चिंता हम सभी को करना चाहिए।



### मूंग की बोरी कंधे पर लेकर पहुंचे विधायक

**टिमरनी** से विधायक अभिजीत शाह मूंग की बोरी कंधे पर रखकर पहुंचे। नारेबाजी करते हुए वे आगे बढ़े। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों के लिए नया नियम पारित कर दिया, जिससे किसानों को नुकसान होगा।

### योजनाएं पूरी करने खुद के संसाधनों के अतिरिक्त चाहिए 95 करोड़ रुपए

**डॉ राजेंद्र सिंह** ने आगे कहा कि 3 लाख 65 हजार करोड़ रुपए के बजट में विभिन्न विभागों की योजनाएं शामिल हैं। इन पर अमल करने के लिए अपने साधनों, संसाधनों के अतिरिक्त सरकार को 95 हजार करोड़ रुपए और चाहिए। प्रश्न यह है कि 95 हजार करोड़ रुपए कहां से आएगा। अब वह कर्ज पूरक बजट में डाल देंगे, लेकिन केन्द्र सरकार भी अनुमति नहीं दे रही है। सिंह ने कहा कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से भी न निवेश आया और न रोजगार बढ़ा। 29 लाख रोजगार का वादा था लेकिन 5 प्रतिशत भी नहीं आया। पिछले साल 23 लाख बेरोजगार थे इस साल तीन लाख और बढ़ गए।

### नर्सिंग घोटाला : तीसरे दिन भी गूंज, हंगामा

**सदन** में तीसरे दिन भी नर्सिंग घोटाले की गूंज रही। प्रश्नकाल समाप्त होते ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर की ओर मुखाबित होते हुए कहा कि मंत्री विश्वास सारंग ने गलत जानकारी देकर सदन को गुमराह किया है। इसलिए विशेषाधिकार हनन की सूचना दी गई है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एतराज जताते हुए कहा कि दो दिन पूर्व इस विषय पर चर्चा हो चुकी है। इसको लेकर दोनों में तीखी बहस भी हुई। स्पीकर ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि 2 जुलाई को चर्चा कराई गई थी, चर्चा दोनों पक्षों की सहमति से हुई थी। वहीं विशेषाधिकार हनन के सवाल पर कहा विचार कर निर्णय लेंगे।



सदन में चर्चा के लिए तैयारियों से जाते नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार।

#### भ्रमित कर रही कांग्रेस

कांग्रेस विधायक जयवर्द्धन सिंह के दस्तावेज में स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय के द्वारा कोई भी संबद्धता सिर्फ मेरे पत्र के आधार पर नहीं दी गई है। मेरे पत्र को मलय कॉलेज से जोड़ना भ्रमित करने के अलावा कुछ नहीं है। उसे मान्यता कांग्रेस शासन में प्रदान की गयी जिसमें सुनीता शिजू के हस्ताक्षर हैं।

**विश्वास सारंग,** सहकारिता मंत्री

#### आपदा में ढूंढ़ा अवसर

नर्सिंग घोटाले से जुड़े दस्तावेजों से स्पष्ट है कि विश्वास सारंग की भूमिका संदिग्ध है। कोरोनाकाल के समय आपदा में अवसर बनाकर 220 नए कॉलेजों को मान्यता दी गई। जबलपुर के नर्सिंग कॉलेजों की सम्बद्धता व मलय कॉलेज को संबद्धता सारंग के कार्यकाल में ही दी गई।

**जयवर्द्धन सिंह,** कांग्रेस विधायक

**शिवपुरी** पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले-

## जनता ने सिद्ध किया... एमपी के मन में है मोदी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**शिवपुरी.** अपने लोकसभा क्षेत्र गुना-शिवपुरी में जीत के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जनता के बीच आभार व्यक्त करने पहुंचे। गुरुवार को पिछोर में सभा कर लोगों का आभार जताया। सिंधिया ने कहा कि यहां की जनता ने यह सिद्ध कर दिया कि मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी हैं। सभा में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए सिंधिया ने उसे जनाधार खोने वाली पार्टी बताया। वहीं कहा कि क्षेत्र के लोगों के विकास को लेकर प्रदेश से केंद्र तक वे हर संभव प्रयास करेंगे।



#### गिनाईं प्राथमिकताएं

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा, मेरी चार प्राथमिकता हैं- पहला मेरे अशोकनगर, गुना और शिवपुरी में एक माफिया राज खत्म करना, दूसरी केंद्र योजना जनता तक पहुंचाना, तीसरी अधोसंरचना मजबूत करना और चौथी युवाओं को रोजगार मुहैया कराना।

**अमरवाड़ा** में पूर्व सीएम ने सुनाई खरी-खरी

## भाजपा ने ऐसा प्रदेश सौंपा जहां धरातल पर कुछ नहीं था : नाथ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**छिंदवाड़ा.** पूर्व सीएम कमलनाथ ने गुरुवार को अमरवाड़ा के छिंदी में आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में छिंदवाड़ा की एक अलग पहचान है। आप कहीं भी चले जाइए सिर नहीं झुकाना पड़ेगा। नाथ ने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा कि 18 वर्ष बाद मुझे भाजपा ने एक ऐसा प्रदेश सौंपा था, लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं था। अपने वादे हम पूरे भी किए लेकिन किसान विरोधी भाजपा ने हमारी सरकार गिरा दी।



#### हिंदुस्तान में हर वर्ग परेशान- मितेन्द्र

प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष मितेन्द्र सिंह यादव ने जनसभा में कहा कि पूरे देश में छिंदवाड़ा इकलौता ऐसा जिला है, जहां सर्वाधिक स्किल सेंटर हैं। उन्होंने भाजपा को युवा, महिला विरोधी बताया।

**प्रदेश** में पंचायतों को बनाएं डिजिटल

## ई-पंचायतों की बुनियादी सुविधा की आपूर्ति सुनिश्चित करें : पटेल

**भोपाल @ पत्रिका.** प्रदेश में ई-पंचायतों की स्थापना के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाओं की आपूर्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आगामी समीक्षा बैठकों में सभी जिला पंचायत सीईओ विकास कार्यों का प्रजेंटेशन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना में सुचारु क्रियान्वयन के लिये प्रत्येक जिले को एक प्रभावी मॉडल तैयार करने का प्रयास करना चाहिए। सभी पंचायतों में एनआईसी व बीएसएनएल की प्रभावशीलता का आकलन करें, जहाँ उक्त प्रणाली प्रभावी न हो वहाँ हम वैकल्पिक व्यवस्था की कार्यनीति तैयार कर लें। इसी के साथ ही पंचायतों में कम्प्यूटर सिस्टम की उपलब्धता का भी आंकलन किया जाए। ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण का उद्देश्य पंचायतों की कार्य प्रणाली में सुधार लाना और उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है।

**पत्नी की पिटाई** के आरोप में निलंबित हो चुके थे स्पेशल डीजीपी शर्मा

## रिटायर्ड डीजी पुरुषोत्तम शर्मा की पेंशन से पत्नी को हर माह मिलेंगे ₹50 हजार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** पत्नी की पिटाई के वायरल वीडियो से सुर्खियों में रहे सेवानिवृत्त स्पेशल डीजी पुरुषोत्तम शर्मा को 1.12 लाख पेंशन राशि से हर महीने 50 हजार रुपए पत्नी प्रिया शर्मा को मिलेंगे। पत्नी द्वारा गुजारा भत्ता को लेकर कुटुम्ब न्यायालय भोपाल के पारित आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कुटुम्ब न्यायालय के आदेश को निरस्त करते हुए शर्मा पर एक लाख रुपए की लिटिगेशन कास्ट भी लगाने का आदेश किया।

सीनियर आइपीएस शर्मा पर पारिवारिक विवाद पहले भी भारी पड़ा था। 2020 में उनका वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे पत्नी प्रिया की पिटाई करते नजर आए थे। सरकार ने शर्मा को निलंबित कर दिया था। बाद में स्पेशल डीजी के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पत्नी प्रिया शर्मा ने गुजारा भत्ता के लिए कुटुम्ब न्यायालय में आवेदन लगाया था। जिस पर कोर्ट ने एक मुश्त 4 लाख रुपए देने के आदेश दिए थे। इससे असंतुष्ट प्रिया ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि पति को 1.12 लाख रुपए महीने की पेंशन मिलती हैं।

#### सीधे ट्रेजरी से मिलेगी राशि

एकल पीठ ने सरकार को आदेश दिया है कि शर्मा की पेंशन से कटौती कर हर माह की 10 तारीख तक 50 हजार रुपए शर्मा की पत्नी प्रिया को दिए जाएंगे। कोर्ट ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव और एसीएस को निर्देश दिया कि जुलाई माह का पैसा हर हाल में 10 तक दे दिया जाए।

### लाड़ली बहनों के खाते की आज बजेगी घंटी

**भोपाल.** प्रदेश की सवा करोड़ से ज्यादा लाडली बहनों के खाते में शुक्रवार को 14वीं किस्त आएगी। किस्त जारी होने से पहले सीएम ने लाड़ली बहनों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-लाडली बहनों के जीवन में फिर होंगी खुशियां, जब खाते में आएगी सम्मान की अगली किस्त। इस किस्त में 1250 रुपए आएंगे।

### सीवर लाइन के गंदे पानी में धरने पर बैठे पार्षद

**ग्वालियर@पत्रिका.** शहर के थाटीपुर क्षेत्र में सीवर लाइन चोक होने से नाराज वार्ड पार्षद धरने पर बैठ गए। सीवर लाइन के ओवर फ्लो गंदे पानी पर बैठे वार्ड 22 के पार्षद प्रमोद खरे ने नगर निगम पर समस्याओं की अनदेखी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 6 माह से क्षेत्रीय लोग परेशान हैं।

## प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को राज्य बजट में निराशा

**भोपाल @ पत्रिका.** राज्य सरकार का बजट स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिकोण से जनता को निराश करता है। सरकार से उम्मीद थी कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की मजबूती के लिए ठोस कदम उठाएगी, पर ऐसा नहीं हुआ।

जन स्वास्थ्य अभियान के राकेश चांदौरे व धीरेंद्र आर्य ने कहा, प्रदेश के स्वास्थ्य के मुद्दों जैसे व्यवसायिक स्वास्थ्य, सिकलसेल एनीमिया, बाल स्वास्थ्य, फ्लोराइड जैसे मुद्दों के साथ स्वास्थ्य को निर्धारित करने वाले घटकों को बजट में नजरंदाज किया गया। प्रदेश में कुपोषण एवं बाल स्वास्थ्य अहम मुद्दा रहा है, फिर भी बजट में ठोस प्रावधान नहीं किया। पोषण अभियान के लिए मात्र 200 करोड़ का ही बजट हैं। कैसे कुपोषणमुक्त हो सकेगा।

**गिनाईं प्राथमिकताएं :** अभियान से जुड़े स्वास्थ्य विशेषज्ञ अमूल्य निधि ने कहा, स्वास्थ्य राज्य का विषय है, पर बजट में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती जैसे अहम मुद्दों के साथ बजट न्याय नहीं करता। एनएचएम के लिए 3996 करोड़ का प्रावधान किया, जो केंद्र पोषित है।

**बिजली व्यवस्था** | भोपाल में स्मार्ट मीटर की तैयारी, पहले तीन माह पोस्ट फिर होगा प्री-पेड

# स्मार्ट मीटर लगते ही बिजली प्रबंधन निजी कंपनी के हवाले

### पहले चरण में 67 हजार मीटर लगेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** शहर में बिजली के स्मार्ट मीटर की स्थापना का काम अब जुलाई के अंत तक कोलार के विराशा हाइट्स, दानिशकुंज क्षेत्र, जेके टाउन से शुरू हो जाएगा। 67 हजार स्मार्ट मीटर पहले चरण में लगेंगे। मीटर लगते ही संबंधित उपभोक्ता के यहां की बिजली आपूर्ति का सिस्टम निजी कंपनी के पास चला जाएगा। अभी तीन कंपनियां भोपाल में स्मार्ट मीटरिंग में हैं।

जहां इनका मीटर लगेगा, वहां का प्रबंधन भी कंपनी के पास ही होगा। दस साल तक ये निजी एजेंसी ही जिम्मेदारी संभालेगी। यानि बिजली कंपनी का दखल कम हो जाएगा। आने वाले दिनों में क्षेत्र में बिजली लाइनों की मरम्मत का काम भी निजी कंपनियों द्वारा तैनात किए गए लाइनमैन ही करेंगे।

10 साल तक निजी एजेंसी संभालेगी कार्य



#### पहले ही होगा भुगतान, फिर मिलेगी बिजली

भोपाल में स्मार्ट मीटर की स्थापना के शुरुआती तीन माह पोस्टपेड रहेगा। यानि बिलिंग अभी की तरह बिजली उपयोग के बाद ही होगी, लेकिन तीन माह के बाद इनका मोड बदल जाएगा और ये प्री-पेड हो जाएंगे। इसमें पहले भुगतान करना होगा, फिर बिजली का उपयोग कर पाएंगे।

#### खाते में आएगी सब्सिडी

**स्मार्ट** मीटर में रिचार्ज पूरा कराना होगा। बिजली खपत के आधार पर उपभोक्ता आधार से लिंक बैंक खाते में सब्सिडी की राशि आएगी। यानी बिजली के लिए तो पूरा ही भुगतान करना होगा, तभी बिजली आपूर्ति जारी रहेगी, लेकिन खपत के आधार पर सरकारी सब्सिडी बाद में मिलेगी।

#### मैसेज से मिलेगी खपत की सूचना

**स्मार्ट** मीटर स्थापित होने के बाद उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर मैसेज से रोजाना बिजली की खपत की डिटेल मिलेगी। मीटर रीडिंग और बिलिंग मैन्युअली पूरी तरह से बंद हो जाएगी। इससे प्रति मीटर कंपनी को पंद्रह रुपए बचेंगे। अभी रीडिंग पर कंपनी का इतना खर्च बनता है।

#### उपभोक्ताओं और कंपनी के लिए बेहतर प्रयोग

स्मार्ट मीटर इसी माह से लगना शुरू होंगे। ये नया अनुभव होगा। उपभोक्ताओं व कंपनी दोनों के लिए यह प्रयोग बेहतर होगा। इसे उपभोक्ताओं को सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए।

**रघुराज एमआर,** एमडी मध्यक्षेत्र बिजली कंपनी

**महिला एवं बाल विकास** को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताई प्राथमिकता

## महिलाओं-बच्चों को सशक्त बनाने केंद्र सरकार खोलेगी हर जिले में सेंटर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बड़ी पहल की जा रही है। दरअसल केंद्र सरकार देशभर में इसकी शुरूआत करेगी। जिसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में एक- एक केंद्र की स्थापना की जाएगी। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार से जुड़ी सभी योजनाओं की जानकारी से महिला-बच्चों को अवगत कराया जाएगा। और वो लाभ से वंचित नहीं रहे इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसी के साथ किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर एक कॉल में उनकी मदद की जाएगी।



ग्रामीण परिवेश में आज भी महिलाएं और बच्चे सरकार की योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसलिए हमने ये प्लान तैयार किया है। ताकि कम पढ़ी-लिखी महिलाएं व बच्चों को भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

**सावित्री ठाकुर,** राज्य मंत्री केंद्रीय महिला एवं बाल विकास

#### 8 लोगों की टीम ब्लॉक स्तर तक रहेगी तैनात

जिला मुख्यालयों में एक केंद्र खोला जाएगा। जिसमें 8 लोगों की टीम लगाई जाएगी, जो ब्लॉक स्तर पर जाकर महिलाओं और बच्चों को शासन की योजनाओं को लाभ लेने के साथ बैंकिंग, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित महिलाओं और बच्चों से जुड़ी जानकारी व मदद मुहैया कराएगी।

#### राजधानी में बनेगा स्टेट मॉनिटरिंग सेल

केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुरू होने वाले इस प्लान की मॉनिटरिंग प्रदेश स्तर पर भी की जाएगी। जिसके लिए राजधानी में स्टेट मॉनिटरिंग सेल बनाया जाएगा। जिसका एक टोल-फ्री नंबर होगा। जिस पर फोन कर भी मदद मांगी जा सकती है।

**विजेताओं का अभिनंदन:** टी-20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम गुरुवार को स्वदेश लौटी, प्रशंसकों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

# घर लौटे चैंपियन... दिल्ली से मुंबई तक कारवां

## प्रशंसकों की दीवानगी...



**जोश:** गुरुवार सुबह नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर खुशी मनाते हुए प्रशंसक।



**जुनून:** मुंबई में गुरुवार शाम भारतीय टीम की विक्ट्री परेड देखने के लिए उमड़े लोग



**मिसाल:** विक्ट्री परेड के दौरान हजारों की संख्या में मौजूदा भीड़ ने एक एंबुलेंस को जाने का रास्ता दिया।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** आइसीसी टी-20 विश्व कप जीतने के बाद जब भारतीय टीम गुरुवार को स्वदेश लौटी तो प्रशंसकों ने अपने चैंपियंस का दिल खोलकर गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय टीम विशेष विमान से सुबह करीब छह बजे पहले नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंची। यहां हजारों प्रशंसकों ने भारत माता की जय, रोहित और विराट जिंदाबाद के नारों के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया। इसके बाद भारतीय टीम दोपहर को मुंबई रवाना हुई, जहां शाम को विक्ट्री परेड हुई।

### ...और एमएस धोनी की याद ताजा हो गई

**भारतीय** खिलाड़ियों की विक्ट्री परेड खुली बस में नरीमन पॉइंट से शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम जाकर खत्म हुई। इस विक्ट्री परेड ने पूर्व कप्तान धोनी की याद दिला दी। 2007 में जब धोनी की कप्तानी में भारत ने पहली बार टी-20 विश्व कप जीता था, तब भी मुंबई में इसी तरह विक्ट्री परेड निकाली गई थी।

**सुबह: 6.28 बजे**

### भारतीय टीम दिल्ली पहुंची



**टीम** इंडिया करीब 18 घंटे का सफर तय करके स्वदेश लौटी थी लेकिन प्रशंसकों का उत्साह देख खिलाड़ी भी जोश में दिखाई दिए। हाथ में ट्रॉफी लिए एयरपोर्ट से बाहर निकले कप्तान रोहित शर्मा के चेहरे पर विजयी मुस्कान थी। विराट और ऋषभ पंत भी खुश दिखाई दिए।

**सुबह: 10.10 बजे**

### होटल पहुंचे खिलाड़ी, किया भांगड़ा



**भारतीय खिलाड़ी** एयरपोर्ट से सीधे दिल्ली के आइटीसी मौर्य होटल पहुंचे। होटल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया तो खिलाड़ी भी झूम उठे। कप्तान रोहित ने भी भांगड़ा किया। यहां टीम के लिए तिरंगे के रंग में रंगा स्पेशल केक बनाया गया। रोहित शर्मा और कोच द्रविड़ ने यह केक काटा।

**सुबह: 10.46 बजे**

### पीएम मोदी को खास टी-शर्ट भेंट की




**होटल** से भारतीय टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए उनके निवास पर पहुंची। इस दौरान बीसीसीआइ अध्यक्ष और सचिव जय शाह ने पीएम को खास टी-शर्ट भेंट की, जिस पर नमो-1 लिखा था।

### मुंबई एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के विमान को वॉटर कैनन सेल्यूट



**भारतीय** टीम को लेकर विमान जब मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा तो दोनों और से पानी की बौछार करके खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। पहली बार किसी टीम को वॉटर कैनन सेल्यूट सम्मान मिला है।

**दोपहर: 1.47 बजे**

### टीम मुंबई रवाना

**पीएम** मोदी से मिलने के बाद भारतीय खिलाड़ी दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे और यहां से उन्होंने मुंबई के लिए उड़ान भरी।

### पीएम मोदी ने ट्रॉफी को हाथ नहीं लगाया, हो रही तारीफ

**नई दिल्ली.** भारतीय टीम से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने ट्रॉफी को हाथ नहीं लगाया। उन्होंने सिर्फ रोहित और कोच द्रविड़ के हाथ पकड़े, ट्रॉफी रोहित और द्रविड़ ने पकड़ी हुई थी। दरअसल, ट्रॉफी और मेडल के बारे में कहा जाता है कि वही लोग इसे छुएं, जिन्होंने इसे जीता हो। इस बात को लेकर पीएम की जमकर तारीफ हो रही है।

***विराट ने कहा, धन्यवाद :*** विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर हम सभी को बहुत गर्व हुआ। ***हमें प्रधानमंत्री निवास पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर।***

**विम्बलडन टेनिस:** ब्रिटिश खिलाड़ी ने स्पेन की एलिस मर्टेंस को हराया

## राडुकानु ने दूसरी बार तीसरे दौर में बनाई जगह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** मेजबान ब्रिटेन की गैरवरीय खिलाड़ी एम्मा राडुकानु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। 21 वर्षीय राडुकानु ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में प्रवेश किया है, जहां उनका सामना यूनान की नौवीं वरीय खिलाड़ी मारिया साकारी से होगा।

पूर्व यूएस चैंपियन राडुकानु ने महिला एकल के दूसरे दौर में स्पेन की गैरवरीय खिलाड़ी स्पेन की एलिस मर्टेंस को 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी। वहीं, एक अन्य मुकाबले में यूनानी खिलाड़ी मारिया साकारी ने नीदरलैंड्स की अरेनट्सा रस को 7-5, 6-3 से हराया।?



एम्मा राडुकानु

### पुरुष एकल: मिनुएल की आसान जीत

**पुरुष एकल** में ऑस्ट्रेलिया के नौवीं वरीय खिलाड़ी एलेक्स डी मिनुएल ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए तीसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने स्पेनिश खिलाड़ी जैम एंटोनी मुनार को 6-2, 6-2, 7-5 से हराया।

***भावंरी दूसरे दौर में:*** भारत के यूकी भावंरी फ्रांसिसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी संग पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंचे। इस जोड़ी ने कजाकिस्तान की जोड़ी बुबलिक और शेवचेंको को हराया।

**पेरिस ओलंपिक 2024:** 17 पुरुष व 11 महिलाएं एथलेटिक्स में चुनौती पेश करेंगे

## नीरज 28 सदस्यीय दल की अगुआई करेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल इस साल 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में चुनौती पेश करने उतरेगा। टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले नीरज की नजरें अपना खिताब बचाने पर होगी। भारतीय दल में 17 पुरुष व 11 महिला एथलीट शामिल हैं। पेरिस में ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं की शुरुआत 01 से 11 अगस्त तक होगी।



नीरज चोपड़ा, भालाफेंक एथलीट।

**भारतीय दल: पुरुष:** अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर जेना (ज्वेलिन थ्रोअर), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रावेल, अब्दुल्ला अबुबकर (ट्रिपल जंप), सर्वेश कुशारे (हाई जंप), आकाशदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिस्ट ( 20 किमी रेस वॉक), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलरासन, राजेश रमेश, मिजो चाको कुरियन (4 गुणा 400 रिले), सूरज पंवार (रेस वॉक मिक्स्ड मैराथन)।

**महिला:** किरण पहल (400 मी), पारुल चौधरी (3000 व 5000 मी स्टीपलचेज), ज्योति याराजी (100 मी हर्डल), अन्नू रानी (ज्वेलिन थ्रोअर), आभा खाटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, शुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पुवम्मा एमआर, प्राची (4 गुणा 400 रिले), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी रेस वॉक, रेस वॉक मिक्स्ड मैराथन)।

**कनाडा ओपन बैडमिंटन 2024:**

## प्रियांशु राजावत ने शुरुआती दौर में 8वीं वरीय गेमके को दी मात

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कैलगरी, कनाडा.** भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने बुधवार रात को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा ओपन बैडमिंटन के पुरुष एकल मैच के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राजावत ने अपने से ऊंची रैंकिंग और 8वीं वरीय डेनमार्क के रासमुस गेमके को 17-21, 21-16, 21-14 से हराया।

### महिला एकल में तान्या और अनुपमा आगे बढ़ी

**महिला एकल** में भारत की तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को 21-13, 20-22, 21-14 से जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की राचेल दर्राघ को आसानी से 21-11, 21-11 से हराया।

**आज का पोल**

**क्या एम्मा राडुकानु विम्बलडन टेनिस के चौथे दौर में पहुंच पाएंगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

गुरुवार का जवाब

हां **80%** नहीं **20%**

***पिछला सवाल:*** जिम्बाब्वे दौरे पर युवा टीम इंडिया जीत की लय बरकरार रख पाएगी?

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7035...



**बाएं से दाएं...** 1. लोगों की गिनती (5), 5. अतिरिक्त, सिवा (3), 7. जादू, धन (2), 8. श्रीकृष्ण का एक नाम, मोहने वाला (3), 9. व्यर्थ, फालतू (3), 10. व्याकुल, अधीर, विकल (3), 12. असि, सिरोही, खड्ग (4), 14. पश्चात, उपरान्त (2), 16. बाधा, हस्तक्षेप, अड़चन (3), 18. परस्पर (3), 19. बेइज्जती, तिरस्कार, अपमान (4), 21. मार्ग, रास्ता (2), 22. दयालु, विशाल हृदय (3), 23. गुफा, कंदरा (2), 25. कटि (3), 26. उष्ण, ताता (3), 27. सुस्ती (3), 28. ऋण (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. प्रतिभूति, जिम्मेदारी (4), 2. नवीन, नूतन (2), 3. जैन धर्म का महामंत्र (4), 4. सिंह, शेर (3), 6. गुमशुदा, खोया हुआ (3), 9. विधवा स्त्री (2), 10. अधिकार से वंचित, पदच्युत (4), 11. कांख, पहलू, पाश्र्व (3), 13. सना हुआ (4), 15. मर्मज्ञ, रहस्य जानने वाला (4), 17. आदतन (4), 18. विपत्ति, विपदा, प्राकृतिक मुसीबत (3), 20. मुंह में निकलने वाला लसलसा द्रव, लुआब (2), 22. हवा बंद होने पर लगने वाली गर्मी (3), 24. प्रहार, आक्रमण (3), 25. आने वाला व बीता हुआ दिन (2), 26. स्वार्थ, मतलब (2)

**हल 7034**



## SUDOKU 6770...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | 5 | | | 7 | |
| | 1 | 4 | 2 | | | 5 | | |
| | | | | | | 6 | 8 | |
| | 5 | | | | 9 | | | |
| 7 | | | | 2 | 3 | | | 8 |
| | | | | | | | 5 | |
| 4 | | 6 | | | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | | |
| | | | | | 6 | | 3 | |

**हल 6769**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप** // फिडे सीईओ सुतोव्सकी ने किया खुलासा, सिंगापुर ने चेन्नई और नई दिल्ली को पीछे छोड़ मेजबानी हासिल की

# गुकेश को 'घर' का लाभ ना मिले, इसलिए भारत को मेजबानी नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** इस साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (फिडे) ने सिंगापुर को सौंपी है। इस चैंपियनशिप में भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच भिड़ंत होगी। चैंपियनशिप की मेजबानी में भारत के दो शहर नई दिल्ली और चेन्नई भी थे। इनका दावा भी मजबूत माना जा रहा था लेकिन ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। हाल में फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्सकी ने खुलासा करते हुए बताया कि हम नहीं चाहते थे कि गुकेश को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिले। इस कारण भारत को मेजबानी नहीं मिली।




मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन और भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश।

### कई अहम पहलूओं पर भी गौर किया: फिडे

**एमिल सुतोव्सकी** ने हालांकि कहा कि मेजबानी देने के दौरान हमने कई और पहलूओं पर भी गौर किया था। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि मेजबानी किसी तटस्थ देश को मिले और यह हमारे लिए बहुत अहम मसला था। लेकिन सिर्फ तटस्थ रहने से बोली नहीं जीती जाती हैं। सिंगापुर ने कई और मामलों में मजबूत बोली लगाई। उन्होंने कहा, प्रत्येक शहर को बोली में जिन चीजों का मुख्य तौर पर उल्लेख करना था, उसमें प्रसारण राजस्व और अन्य वाणिज्यिक राजस्व को फिडे के साथ कैसे विभाजित किया जाए, कार्यक्रम कहां आयोजित किया, बोलियों का समर्थन कौन कर रहा, खिलाड़ी व अन्य फिडे अधिकारी कहां रहेंगे और प्रसारण की क्या योजना थी?

***हवा प्रदूषण भी बना अहम कारण:*** सुतोव्सकी ने कहा, यह चैंपियनशिप 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच खेली जाएगी और इस दौरान चेन्नई और दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित होती है। मेजबानी देते समय हमने इसका भी ख्याल रखा है।

***तो सबसे युवा चैंपियन बन जाएंगे गुकेश:*** 18 वर्षीय गुकेश के आगे मौजूदा चैंपियन चीन के 31 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी डिंग लिरेन की मजबूत चुनौती है। यदि गुकेश जीत हासिल कर लेते हैं तो वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा चैंपियन बन जाएंगे।

पत्रिका पोल

Q क्या देश में भीड़ प्रबंधन के लिए कोई स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसिजर (एसओपी) बनाई जानी चाहिए?

कल का सवाल था

क्या अमरीका में जो बाइडन की जगह कमला हैरिस को डेमोक्रेट राष्ट्रपति उम्मीदवार होना चाहिए?

जवाब

87% हां 13% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### असम हाथी के बच्चे की बाढ़ से बचाई जान



**दिसपुर.** असम की बाढ़ की चपेट में आए हाथी के बच्चे का रस्सियों से रेस्क्यू का वीडियो वायरल हो रहा है। बच्चा अपने झुंड से भटक गया था। फिलहाल, इसका मानस नेशनल पार्क में इलाज चल रहा है।

### दिल्ली केशव राव ने राज्यसभा से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** कांग्रेस में लौटने के एक दिन बाद वरिष्ठ नेता के केशव राव ने गुरुवार को राज्यसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह सीट बीआरएस के टिकट पर जीती थी। उन्होंने कहा कि इस सीट पर बने रहना नैतिक और कानूनी रूप से सही नहीं है। 85 वर्षीय सांसद के पास इस कार्यकाल में राज्यसभा में दो साल और थे। राव ने सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### कश्मीर: मुस्कान के साथ जवान करवा रहे जलपान



**जम्मू.** जैसे-जैसे जम्मू-कश्मीर में गर्मी बढ़ती जा रही है, भारतीय सेना यात्रियों और पर्यटकों को जलपान उपलब्ध करवा रही है। एक यात्री को ठंडा पेयजल देता हुआ जवान।

### यूपी कुंभ मेले में साफ रहे संगम जल: एनजीटी

**प्रयागराज @ पत्रिका.** प्रयागराज में होने वाले कुंभ मेले के तीर्थयात्रियों के लिए गंगा-यमुना नदियों के जल की गुणवत्ता शुद्ध पेयजल के स्तर पर बनाए रखने के निर्देश राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिए हैं। एनजीटी ने राज्य को प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय देते हुए निर्देश दिया कि संबंधित प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि नदियों के पानी की गुणवत्ता पीने योग्य स्तर पर बनी रहे।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### इजरायल गाजा में हर 10 में से 9 विस्थापित

**जिनेवा @ पत्रिका.** संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता एजेंसी ने कहा है कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में हर 10 में से 9 लोगों का एक न एक बार घर छूटा है। फिलिस्तीनी क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र की ओसीएचए एजेंसी के प्रमुख एंड्रिया डी डोमेनिको ने कहा कि गाजा में लगभग 19 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। अक्टूबर से अब तक गाजा पट्टी में हर 10 में से 9 लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं।

### म्यांमार कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने पर जेल

**नेप्यीडॉ @ पत्रिका.** म्यांमार में बढ़ती महंगाई के बीच दुकानदारों को अपने कर्मचारियों को वेतन वृद्धि देने के लिए गिरफ्तार किया गया है। सभी को संभावित रूप से तीन साल की जेल हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार दुकान के बाहर बोर्ड लगाए जा रहे हैं कि शांति-व्यवस्था बाधित करने के कारण दुकानें बंद की जा रही हैं। एक कानूनी विशेषज्ञ ने बताया कि वेतन वृद्धि से यह संदेश जाता है कि सरकार महंगाई बढ़ा रही है।

## कोर्ट न्यूज

टिप्पणी: पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा -

### 'जज सुपर ह्यूमन नहीं, स्वस्थ आलोचना के खुले हैं रास्ते'

**चंडीगढ़ @ पत्रिका.** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अवमानना के मामले को समाप्त करते हुए टिप्पणी की कि जज सुपर ह्यूमन नहीं हैं और उनसे भी गलतियां हो जाती हैं। स्वस्थ और रचनात्मक आलोचना का हमेशा स्वागत किया जाना चाहिए।

जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस कीर्ति सिंह की कोर्ट सुरजीत सिंह के खिलाफ आपराधिक अवमानना का मामला सुन रही थी। सुरजीत सिंह ने एक मजिस्ट्रेट के खिलाफ टिप्पणी की थी कि वे आदेश पारित करने के बजाय स्थगन के ज्यादा इच्छुक हैं। कोर्ट ने सुरजीत सिंह की इस टिप्पणी को दुर्भावनापूर्ण नहीं माना लेकिन कहा कि उन्हें अधिक सतर्क रहना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा अवमानना का आरोपी केवल अपने मामले का शीघ्र निपटारा चाहता था और यदि अदालत उसकी दलीलों के प्रति अतिसंवेदनशील होगी, तो इससे आम नागरिक अपनी शिकायत लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से कतराएगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की माफी का भी संज्ञान लेते हुए अवमानना मामला समाप्त कर दिया।

### नीट-यूजी: परीक्षा को रद्द करना ईमानदार विद्यार्थियों के खिलाफ

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** नीट-यूजी परीक्षा 2024 रद्द करने और नए सिरे से परीक्षा कराने का विरोध करते हुए गुजरात के 56 विद्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कहा गया है नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने की मांग की है कि मौजूदा नतीजों के आधार पर मेडिकल एडमिशन जारी रखें व अनुचित तरीके अपनाने वाले अभ्यर्थियों को इसमें शामिल नहीं किया जाए। दोबारा परीक्षा करवाना उनके लिए अनुचित होगा, जिन्होंने ईमानदारी से सफलता हासिल की। परीक्षा रद्द करना उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। कोर्ट में नीट परीक्षा में गड़बड़ी व पेपर लीक को लेकर कई याचिकाएं दायर की गई हैं जिनमें परीक्षा रद्द कर पुन: परीक्षा की मांग शामिल है।

लैंसेट का अध्ययन: भारत में सुरक्षित नहीं रही हवा, सालाना 33 हजार मौतें

# कम प्रदूषित शहरों की हवा खराब होने पर जान जाने का ज्यादा खतरा

## भारत के एयर क्वालिटी मानकों पर खड़े हुए सवाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** भारत में 2008 से 2019 के बीच रोजाना 7 से अधिक मौत वायु प्रदूषण से हुई। 10 भारतीय शहरों में किए गए अध्ययन के अनुसार इन शहरों में होने वाली सालाना लगभग 33,000 मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुई, जिसके मानक भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से ज्यादा हैं। वैज्ञानिकों ने इन शहरों में लगभग 36 लाख मौतों का विश्लेषण किया। अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत में प्रदूषण के मामले में सुरक्षित समझे जाने वाले शहर जैसे शिमला भी सुरक्षित नहीं हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के अनुसार, कम प्रदूषित शहरों में प्रदूषण में मामूली बढ़ोतरी से अधिक प्रदूषित शहरों की तुलना में मौतों में ज्यादा बढ़ोतरी होती है।

अध्ययनकर्ता अंतरराष्ट्रीय टीम में वाराणसी के बीएचयू और नई दिल्ली के क्रॉनिक डिजीज कंट्रोल सेंटर के शोधकर्ता भी शामिल थे। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन भारत में अल्पकालिक रूप से बढ़ने वाले वायु प्रदूषण और मृत्यु के जोखिम के बीच संबंध का आकलन करने वाला पहला विश्लेषण है।

### भारत के शहरों में प्रदूषण से मौतें

| शहर | औसत पीएम 2.5 | प्रदूषण से होने वाली मौतें |
|---|---|---|
| अहमदाबाद | 37.9 | 5.6% |
| बेंगलूरु | 33.0 | 4.8% |
| चेन्नई | 33.7 | 4.9% |
| दिल्ली | 113.0 | 11.5% |
| हैदराबाद | 38.9 | 5.6% |
| कोलकाता | 55.2 | 7.3% |
| मुंबई | 41.7 | 5.6% |
| पुणे | 45.3 | 5.9% |
| शिमला | 28.4 | 3.7% |
| वाराणसी | 82.1 | 10.2% |
| कुल | 53.6 | 7.2% |

स्रोत - लैंसेट का अध्ययन

पीएम 2.5 के लिए डब्ल्यूएचओ मानक प्रति घन मीटर 15 माइक्रोग्राम है। भारत में 60 माइक्रोग्राम है।



### शिमला में प्रदूषण-मौत का संबंध ज्यादा

**दो** दिनों (अल्पकालिक एक्सपोजर) के लिए पीएम 2.5 पार्टिकल के प्रदूषण में औसतन 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की वृद्धि से मौत का जोखिम 1.4 फीसदी बढ़ जाता है। वहीं, शोधकर्ताओं ने पाया कि दिल्ली में पीएम 2.5 में 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की वृद्धि से दैनिक मृत्यु दर में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बेंगलुरु में इतनी ही बढ़ोतरी पर यह वृद्धि 3.06 प्रतिशत थी। इस तरह, कम वायु प्रदूषण वाले शहर जैसे बेंगलूरू, चेन्नई और शिमला में प्रदूषण और मौत का संबंध स्पष्ट देखा गया।

### दिल्ली में सबसे ज्यादा करीब 12000 मौतें

दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण सबसे अधिक सालाना 11,964 यानी 11.5 फीसदी मौतें हुईं। अहमदाबाद में 2,495, बेंगलुरू में 2,102, चेन्नई में 2,870, हैदराबाद में 1,597, कोलकाता में 4,678, मुंबई में 5,091, पुणे में 1,367, शिमला में 59 और वाराणसी में 831 लोगों की जान गई।

### घरों के अंदर भी बच्चे प्रदूषण से सुरक्षित नहीं

**उधर** कॉर्नेल यूनिवर्सिटी ने अपनी नई रिसर्च में खुलासा किया है कि भारत में बच्चे घरों के भीतर भी प्रदूषण से सुरक्षित नहीं। देश में प्रति हजार शिशुओं-बच्चों की मौतों में से 27 की जान खाना पकाने के लिए घरों में उपयोग होने वाला दूषित ईंधन से हो रही हैं। 2023 में जारी वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के मुताबिक 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 83 भारत में हैं।

जमानत का मामला

### मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की 'लापरवाही' पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने धोखाधड़ी और जालसाजी के प्रकरण में आरोपी 70 वर्षीय दृष्टिहीन बुजुर्ग को जमानत के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के प्रति नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने सजा के निलंबन की याचिका पर विचार करते समय लापरवाही का रुख अपनाया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट 70 वर्षीय भेरूलाल को उसकी आधी सजा पूरी हो जाने के बाद कानून के सही सिद्धांतों को लागू करके प्रथम दृष्टया दोषी की सजा के निलंबन की याचिका पर आसानी से विचार कर सकता था। बेंच ने कहा कि विवेक का प्रयोग किए बिना अदालत में मशीनी अंदाज में आदेश पारित किए जाते हैं।

ब्रिटेन में मतदान संपन्न : पीएम सुनक को अपनी सीट भी खोने का डर

## सबसे बड़ी जीत की ओर वामपंथी पार्टी

**लंदन @ पत्रिका.** ब्रिटेन में मतदान के बीच वामपंथी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारमर ने कहा है कि ब्रिटेन अब आशा और अवसर के एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है। गौरतलब कि चुनाव से पूर्व ब्रिटेन में यूगोव के सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है कि लेबर पार्टी को 1832 के बाद से किसी भी एक पार्टी के लिए सबसे बड़ा बहुमत मिल सकता है।

वहीं, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंजरवेटिव पार्टी के नेता और ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने अपने करीबी लोगों से कहा है कि उन्हें अपनी सीट खोने का डर है। सर्वेक्षणों के अनुसार, सुनक सरकार के करीब 16 कैबिनेट मंत्री अपनी सीटें हारने की राह पर हैं। उधर, जीत के विश्वास से भरे लेबर पार्टी नेता स्टार्मर ने कहा, वह सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। उनका प्रस्तावित मंत्रिमंडल यदि चुनाव में जीत जाता है तो पूरी ताकत से काम करना शुरू कर देगा। उन्होंने कहा, वे ऐतिहासिक पल से कुछ ही दूर हैं।






**लंदन.** पत्नी के साथ वोट डालने जाते लेबर पार्टी के प्रत्याशी कीर स्टारमर। रिचमंड में पत्नी अक्षता के साथ प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने वोट डाला।

***नियमों के विरुद्ध अंतिम दिन भी चुनाव प्रचार:*** मतदान के दौरान टीवी और रेडियो पर चुनाव विज्ञापन पर रोक होने के कारण ब्रिटेन की राजनीतिक पार्टियां ने गुरुवार को ऑनलाइन विज्ञापनों पर दस लाख पाउंड से अधिक खर्च कर दिए। मतदान के दिन चुनावी कवरेज पर रोक होती है।

***शाही परिवार नहीं करता मतदान...*** चुनाव में किंग चार्ल्स और शाही परिवार के सदस्यों ने वोट नहीं डाला। दरअसल ब्रिटेन में राजनीतिक तटस्थता के कारण शाही परिवार के सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते। हालांकि इन्हें आम नागरिक की तरह ही मतदान का हक है।

लहरों पर जीवन: बाढ़ के बीच ब्रह्मपुत्र की गोद में महिला ने दिया बच्ची को जन्म





**मोरीगांव.** असम में बाढ़ के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर एक मोबाइल मेडिकल सर्विस बोट में एक महिला ने बच्ची को जन्म दिया। महिला को ढकने के लिए तिरपाल पकड़े स्वास्थ्य अधिकारी और नवजात के जन्म के बाद उसे पकड़े हुए प्रशिक्षित दाई मां।



### रथ यात्रा से पहले जगमग हुई जगन्नाथ नगरी

**पुरी.** ओडिशा की जगन्नाथ नगरी पुरी में वार्षिक जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों में जगमगाता हुआ मंदिर परिसर और यात्रा के लिए तैयार किए गए रथ। इस बार जगन्नाथ यात्रा सात जुलाई से शुरू होगी।

## 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' में यकीन रखते हैं अश्विनी वैष्णव

नवनीत मिश्र
patrika.com

चेहरा और चुनौती



**अश्विनी वैष्णव,** रेल, आइटी एवं सूचना प्रसारण मंत्री

**नई दिल्ली.** मोदी सरकार में लगातार दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बने अश्विनी वैष्णव 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' में यकीन रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से 71 मंत्रियों वाले भारी-भरकम मंत्रिपरिषद में भी उन्हें रेल, आइटी के अलावा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए हैं। इससे सरकार में उनकी उपयोगिता का पता चलती है। अश्विनी वैष्णव एक ऐसे ऑलराउंडर हैं, जो हर उस क्षेत्र का अनुभव रखते हैं, जहां पहुंच पाना किसी का सपना होता है। वैष्णव आइआइटियन भी रहे हैं, आइएएस भी रहे हैं और बाद में सफल एंटरप्रेन्योर भी बनकर दिखाया। जब 2019 में राज्यसभा सदस्य बनकर राजनीति में उतरे तो दो साल के अंदर 2021 में ही सीधे कैबिनेट मंत्री भी बन गए। तकनीक, प्रशासन और प्रबंधन की समक्ष के सहारे उन्होंने मोदी कैबिनेट में गहरी छाप छोड़ी है। यही वजह है कि उन पर प्रधानमंत्री मोदी का भरोसा बरकरार रहा है।

### राजस्थान में जन्मे, 1994 में आइएएस बने

**राजस्थान** के पाली जिले में 18 जुलाई 1970 को जन्मे अश्विनी वैष्णव का परिवार बाद में जोधपुर में बसा। शुरुआती पढ़ाई जोधपुर के ही सेंट एंथनी कान्वेंट से हुई और फिर यहीं के एमबीएम कॉलेज से 1991 में उन्होंने गोल्ड मेडल के साथ इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री ली। आइआइटी कानपुर से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशंस इंजीनियरिंग में वैष्णव ने एमटेक किया और 1994 में सिविल सर्विसेज एग्जाम में 27 वीं रैंक के साथ ओडिशा काडर के आइएस बने।

***कमाल के कलक्टर रहे:*** 1999 में ओडिशा में भयंकर तूफान आया था। तब बालासोर में कलक्टर रहते हुए वैष्णव ने आपदा प्रबंधन का शानदार मॉडल पेश कर हजारों जान बचाई थी। समय रहते उन्होंने जनता को प्रभावित इलाके से बाहर निकाला था। तब केंद्र की वाजपेयी सरकार तक उनके कार्यों की शोहरत पहुंची थी।

***वाजपेयी के करीब आए :*** एनडीए सरकार के 2004 में सत्ता से हटने के बाद वैष्णव, अटलजी के प्राइवेट सेक्रेटरी बनकर काम करते रहे। 2008 में उन्होंने अमरीका के व्हार्टन स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए की पढ़ाई की और 2009 में आइएएस की नौकरी छोड़कर प्राइवेट सेक्टर में गए। 2012 में दो कंपनियां बनाई।

***34 वंदे भारत ट्रेनें चलाईं :*** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में 34 वंदे भारत ट्रेनें चलीं। सिर्फ एक साल में 5,200 किलोमीटर नयी पटरियां बिछाने का रेकॉर्ड भी बना। पहले जहां चार किलोमीटर प्रतिदिन रेल पटरी बन रही थी, अब 15 किमी प्रतिदिन कार्य हो रहा है। आइटी में भी कई काम हुए।

#### चुनौतियां

- **रेल** हादसों को रोकना, खाली पड़े पदों को भरना
- **ट्रेन** टिकट वेटिंग सिस्टम खत्म करना
- **नए** आइटी कानूनों का पालन
- **रेलवे** में करीब 11 लाख करोड़ रुपए के निवेश का टारगेट हासिल करना

## ट्रेंडिंग न्यूज



### अगले सप्ताह चीन यात्रा पर बांग्ला पीएम

**प्रधानमंत्री** शेख हसीना 8 जुलाई से 11 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी। उनका यह चीन दौरा भारत यात्रा के दो सप्ताह बाद हो रहा है। उनकी चीन से 20 अरब डॉलर का नया ऋण मांगने की तैयारी है।

### कनाडा: पहली बार महिला सेनाध्यक्ष

**कनाडा** ने पहली बार देश के सर्वोच्च सैन्य कमांडर की जिम्मेदारी एक महिला को दी है। जेनी 18 जुलाई को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में कार्यभार संभालेंगी। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, जेनी में असाधारण लीडरशिप क्षमता है।



### जी20 बैठक: ब्राजील में शेरपा कांत

**भारत** के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में तीसरी शेरपा बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। कांत ने यहां अन्य बातों के अलावा आर्थिक वृद्धि और सतत विकास पर ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया।



## विश्व में पहला मामला जब काम के दबाव में रोबोट ने कर लिया सुसाइड!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सोल.** दक्षिण कोरिया की गुमी शहर की नगरपालिका में एक रोबोट के 'आत्महत्या' करने का एक विचित्र मामला सामने आया है। बताया गया है कि नगरपालिका के कार्यों में सहायता कर रहे एक 'रोबोट नगर परिषद अधिकारी' ने खुद को सीढ़ियों से नीचे गिरा लिया। रोबोट एक वर्ष से प्रशासनिक कार्यों में मदद कर रहा था। पिछले सप्ताह इसे सीढ़ियों के नीचे निष्क्रिय अवस्था में पाया गया था। स्थानीय समाचार पत्रों ने इस स्टोरी को कवर करते हुए पूछा, 'मेहनती पब्लिक सर्वेंट ने ऐसा व्यवहार क्यों किया? क्या वह काम से थक गया था।' प्रत्यक्षदर्शियों ने रोबोट को गिरने से पहले घूमते हुए देखा था, जैसे कि वह 'अवसाद' में हो। मामले की जांच की जा रही है।



### 9 से 6 की थी ड्यूटी

**कैलिफोर्निया** स्थित बेयर रोबोटिक्स द्वारा विकसित यह रोबोट सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक काम करता था और इसका अपना पब्लिक सर्विस कार्ड भी था। यह लिफ्ट को बुला सकता था और किसी भी मंजिल पर जा सकता था। इंटरनेशनल रोबोटिक्स फेडरेशन के अनुसार, दक्षिण कोरिया में रोबोट के प्रति दीवानगी है। यहां विश्व में सबसे ज्यादा प्रत्येक दस कर्मचारियों पर एक रोबोट है।

## एग्जाम हॉल की ऊंचाई भी कर सकती है आपके पेपर को प्रभावित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पेपर का अच्छा या बुरा होना विषय की समझ व परीक्षार्थियों की तैयारी पर निर्भर करता है। लेकिन नए शोध में सामने आया कि परीक्षा हॉल भी पेपर के प्रदर्शन पर असर डालता है। साउथ ऑस्ट्रेलिया विवि व डीकिन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 15, 400 स्नातक विद्यार्थियों के परिणामों की तुलना परीक्षा केंद्र की छत की ऊंचाई के आधार पर की। जिन लोगों ने ऊंची छत वाले कमरे में परीक्षा दी, उन्हें कम अंक मिले।



***छत की ऊंचाई से संबंध...*** शोधकर्ता ईसाबेला बोवर ने बताया कि कमरे का तापमान और हवा का उतार-चढ़ाव देखा गया? क्योंकि ये हमारे शरीर-मस्तिष्क को प्रभावित करता है और ये छत की ऊंचाई के आकार पर निर्भर करता है।

### ऐसे किया परीक्षण

**बोवर** ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की गतिविधियों को मापने के लिए वर्चुअल रियलिटी टेस्ट भी किए, जो उनके द्वारा इस्तेमाल किए कमरों के प्रकार पर आधारित थे। स्कैलप पर इलेक्ट्रॉड लगाकर अलग-अलग आकार के कमरों में मस्तिष्क की प्रक्रिया को मापा। शोधकर्ताओं ने पाया कि बड़े और ऊंचाई वाले कमरे में मस्तिष्क उसकी तरह काम करता है, जैसे किसी कठिन काम के लिए ध्यान केंद्रित करने वक्त करता है।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''